सुप्रभात
रांची, मंगलवार
10.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 325

## न्यूज डायरी

### हजारीबाग डिटेंशन सेंटर से 3 बांग्लादेशी घुसपैठिये फरार

**हजारीबाग।** बिना पासपोर्ट के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले 3 बांग्लादेशी नागरिक झारखंड के हजारीबाग डिटेंशन सेंटर से फरार हो गये हैं। सजा पूरी करने के बाद तीनों को अलग-अलग जेलों से यहां डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट किया गया था। इनमें रीना खान उर्फ रफिना देवी, अख्तर खुशी और नजमुल शामिल हैं। उन्हें खोजने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### गीताश्री उरांव समर्थकों संग हिरासत में, रिहा

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कोकर स्थित समाधि स्थल में माल्यार्पण करने पहुंचीं पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव व उनके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सुरक्षा के लिहाज से उन्हें प्रीवेंटिव डिटेंशन किया गया था,बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

### 11 साल में मोदी ने सिर्फ सपने बेचे : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा, बिना किसी जवाबदेही के काम करने वाली मोदी सरकार सिर्फ प्रचार करती है। सरकार अब 2025 पर बात करना छोड़, 2047 के सपने बेच रही है। उनका कार्यकाल कमजोरों पर हिंसा, अपमान और भेदभावपूर्ण रहा। मोदी सरकार का कार्यकाल गरीबों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों के दमन के लिए याद किया जायेगा।

### 125वीं पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर बोले सीएम

# धरती आबा हमेशा प्रेरित करते रहेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की बिरसा चौक और कोकर स्थित उनकी प्रतिमा और समाधि स्थल पर माल्यार्पण किया। सीएम ने कहा कि गर्व इस बात का है कि जो धरतीआबा ने जो योगदान दिया है, यहां के जल, जंगल, जमीन और



आदिवासियों तथा मूलवासियों को संरक्षण देने में, उसके लिये उन्हें युगों-युगों तक याद रखा जायेगा। उनके जीवन संघर्ष, और आदर्श से हमेशा हमलोगों को प्रेरणा मिलता रहेगा। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। उनके बलिदान को हम भूल नहीं सकते। सीएम के साथ विधायक कल्पना सोरेन और सांसद महुआ माझी भी मौजूद थीं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी राजभवन, बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और संग्रहालय, बिरसा चौक और कोकर स्मारक में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि आदिवासी चेतना और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। उन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और आदिवासी समाज को आत्मसम्मान की राह दिखायी। इसके साथ ही पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, चंपई सोरेन, विधायक सीपी सिंह, आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने धरती आबा को नमन किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, समेत कई गणमान्य शामिल हुए। इस दौरान आदिवासी समाज से जुड़े लोगों ने पारंपरिक रीति रिवाज से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की और उनकी प्रतिमा पर पगड़ी बांधी।



**नयी दिल्ली में पीएम मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा जी को उनके बलिदान दिवस पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि दी। आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग और समर्पण देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।**

## ट्रैफिक जवान पर जानलेवा हमला, सिर पर मारी ईंट

### ऑटो चालकों की गुंडागर्दी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के कटहल मोड़ पर एक ऐसी घटना घटी है, जिसने पूरे पुलिस महकमे को सकते में डाल दिया है। ट्रैफिक व्यवस्था संभाले जवानों पर अचानक ऑटो चालकों का झुंड टूट पड़ा। नियम तोड़ने पर एक युवक को जवानों ने पकड़ा तो उसे छुड़ाने के लिए चार-पांच युवक टूट पड़े। जवानों पर मुक्के बरसाने लगे। देखते-देखते कई युवक जमा हो गये। मौके पर एक ट्रैफिक और दो होमगार्ड जवान मौजूद थे। युवकों ने ट्रैफिक जवानों को पीटना शुरू कर दिया। ट्रैफिक के जवानों ने हिम्मत नहीं हारी। एक जवान ने पास की दुकान से डंडा निकालकर उस युवक के पैर पर मारा, जो इस उपद्रव के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था। इसी बीच उसी



युवक ने एक जवान सिर पर पीछे बड़ा से पत्थर मार दिया। सिर में पत्थर लगते ही जवान रोहित गंझू जमीन पर गिर गया। घायल जवान का इलाज रांची के सदर अस्पताल में चल रहा है।

**एसएसपी ने शीघ्र पकड़ने का दिया आदेश :** रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने इस घटना को बेहद गंभीर बताया है। उन्होंने हमले में शामिल युवकों को हरहाल में शीघ्र धर दबोचने और सलाखों के पीछे भेजने का निर्देश दिया है। वहीं ट्रैफिक जवानों पर जानलेवा हमला करने के बाद सभी युवक फरार गये। इतना होने के बावजूद जवानों ने एक युवक को नहीं छोड़ा। उससे पूछताछ की जा रही है। घायल जवान रोहित मूल रूप से चतरा के रहने वाले हैं। वारदात के समय मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। होमगार्ड एसोसिएशन ने घटना की निंदा करते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### सुकमा में ब्लास्ट, एएसपी शहीद, कई जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सोमवार सुबह नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षाबलों को निशाना बनाया। कोंटा डिवीजन के डोंड्रा गांव के पास नक्लसलियों ने आइइडी विस्फोट किया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरीपुंजे शहीद हो गये। इस हमले में कई अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। एएसपी अपनी टीम के साथ 10 जून को नक्सलियों की ओर से आहूत भारत बंद के मद्देनजर क्षेत्र में पैदल गश्त कर रहे थे।

## सुशासन से हर क्षेत्र में बदलाव और जीवन में सुगमता बढ़ी: मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भागीदारी से सुशासन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है, जिससे तेजी से प्रगति हुई है और ह्यजीवन में सुगमताआयी है। पीएम मोदी ने राजग सरकार के कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट किया। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है।

वर्ष 2014 में राजग सरकार के केंद्र की सत्ता में आने के बाद श्री मोदी ने पहली बार पीएम के रूप में शपथ ली थी। कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उन्होंने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा।

(शेष पेज 11 पर)



## खबर एक नजर में

### टीएसपीसी के रीजनल कमांडर को एक मामले में जमानत

**रांची।** चतरा जिला में टंडवा स्थित मगध आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े अवैध फंडिंग केस समेत अन्य कई गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के रीजनल कमांडर कोहराम जी को हाईकोर्ट ने एक मामले में जमानत दे दी है। जिस मामले में हाईकोर्ट ने जमानत दी है, वह चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र का है, जो रंगदारी से संबंधित है।

### ताला मरांडी की अग्रिम जमानत पर हाईकोर्ट में सुनवाई कल

**रांची।** ताला मरांडी की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में 11 जून को सुनवाई होगी। सोमवार को ताला मारंडी की याचिका पर जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सरकार से यह बताने को कहा कि ताला मरांडी ने पुलिस को नोटिस का जवाब दिया है या नहीं। बता दें कि ताला मरांडी ने जिस केस में अग्रिम बेल मांगी है, वह साहेबगंज के बोरियो थाना में वर्ष 2021 दर्ज दिया गया था। इस केस में ताला मरांडी पर एक मामले के नामजद अभियुक्तों में से एक अभियुक्त हाजत से छुड़ाने का आरोप है।

### जाम में फंसे न्यायिक अधिकारियों का मामला निष्पादित

**रांची।** दुमका में तीन न्यायिक अधिकारियों के जाम में फंसने और उनकी सुरक्षा पर उठे सवाल को लेकर याचिका हाईकोर्ट ने सोमवार को निष्पादित कर दी। इस मामले में दुमका के एसपी और राज्य सरकार के जवाब को देखने के बाद चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और राजेश शंकर की अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने अदालत को बताया कि दुमका एसपी की रिपोर्ट के अनुसार हाईवे पर दुर्घटना के कारण तीन युवकों की मौत हो गई थी। इसके बाद अचानक भीड़ ने सड़क जाम कर दी। जाम में तीन न्यायिक अधिकारी फंस गए थे। जिसकी सूचना मिलते ही शीघ्र पुलिस पहुंची और उन्हें सुरक्षित निकाला गया। इसमें किसी तरह की सुरक्षा चूक नहीं थी। इसके बाद अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

### भू धसान से मौत का मामला हाईकोर्ट में निष्पादित

**रांची।** झरिया में वर्ष 2017 में भूमिगत आग के कारण जमीन धंसने से एक बच्चे और उसके पिता के निधन से जुड़ी याचिका हाईकोर्ट ने सोमवार को निष्पादित कर दी। मीडिया रिपोर्ट पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि इससे संबंधित मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में हाईकोर्ट में सुनवाई उचित नहीं है। इसके बाद अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

### बांग्लादेशी घुसपैठ मामले के आरोपियों की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में जेल में बंद दो बांग्लादेशी और कोलकाता निवासी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने बढ़ा दी है। पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को बांग्लादेशी रॉनी मंडल, समीर चौधरी एवं कोलकाता निवासी पिंकी बासु व पिंटू हलधर को वीसी से पेश किया गया। पेशी के बाद चारों आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि 23 जून तक बढ़ा दी है। मामला वर्तमान में पुलिस पेपर पर चल रहा है।

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 128/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड ... वादी
बनाम
तरू दुबे ... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. तरू दुबे, पिता- श्री रामदास दुबे, पता ग्राम पालना, बाबुरामडीह, तमाड़, जिला-राँची-835225, झारखण्ड।
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 128/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है, जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक रंवय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।
अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक-26.06.25 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्यय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरुद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।
सब-जज-1, राँची।
दिनांक : 21.04.2025

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब-जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 127/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड ... वादी
बनाम
शैशता शबा ... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. शैशता शबा, पति मो० दिलावर, पता नुर मुहल्ला, बड़गई, लेम बड़गई, जिला-राँची-834009, झारखण्ड।
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 127/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है, जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वयं या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।
अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक- 26.06.2025 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।
सब-जज-1, राँची।
दिनांक : 23.04.25

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 123/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड ... वादी
बनाम
संतोष कुमार साहु ... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. संतोष कुमार साहु पिता श्री डोमन साहू, पता रूगरी पन्डाडीह, सोनाहातु, सिल्ली, जिला- राँची, झारखण्ड 835102
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 123/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है, जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।
अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक-20.06.2025 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरुद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।
सब-जज-1, राँची।
दिनांक : 08-04-2025

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 126/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड ... वादी
बनाम
संजय कुमार रवि ... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. संजय कुमार रवि, पिता स्व० शिवकुमार राम, पता ग्राम ठाकुरगाँव, ब्राम्बे, मांडर, जिला-राँची-835205, झारखण्ड।
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 126/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है, जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।
अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक -26.06.2025 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।
सब-जज-1, राँची।
दिनांक : 21.04.2025

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 130/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड ... वादी
बनाम
मोहम्मद जफीर ... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. मोहम्मद जफीर, पिता मोहम्मद लुकमान मंसूरी, पता इस्लाम नगर पथलकुदवा, जिला-राँची, झारखण्ड 834001
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 130/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है. जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।
अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक 20.06.2025 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।
सब-जज-1, राँची।
दिनांक : 08-04-2025

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब-जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 122/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड ... वादी
बनाम
तैयब अंसारी ... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. तैयब अंसारी, पिता श्री हरकु अंसारी, पता ग्राम बिसहाखटंगा, पो०- बिसहाखटंगा, जिला- राँची, झारखण्ड 835301
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 122/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया हैं, जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।
अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक- 20.06-25 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।
सब-जज-1, राँची।
दिनांक : 08-04-2025

# दलित राजनीति को हवा देने में जुटी कांग्रेस, 11 जून को बुलाई बड़ी बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने जनगणना में सरना धर्म कॉलम और पेसा कानून को राज्य में लागू करने की मांग के बाद अब वोट बैंक को कांग्रेस के पक्ष में करने के लिए पूरी तरह से राज्य की राजनीति मैदान में उतर गई है। इसी के तहत प्रदेश कांग्रेस ने राज्य में दलित राजनीति को हवा देने में जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को आयोजित संवाददाता सममेलन में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपनी ही सरकार से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा विधानसभा और झारखंड उच्च न्यायालय कैंपस में लगाने की मांग की है। राज्य अनुसूचित जाति आयोग और अनुसूचित जाति परामर्शदात्री समिति के गठन की मांग के बाद कांग्रेस की यह डिमांड कहीं ना कहीं राज्य में 50 लाख आबादी वाले हरिजन वोट बैंक को आकर्षित करने के लिए बड़ी चाल मानी जा रही है। इसी संदर्भ में 11 जून को रांची के गीतांजली बैंक्वेट हॉल कांग्रेस पार्टी ने अनुसूचित जाति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को लेकर बड़ी बैठक सह कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में सभी के सलाह से जो प्रस्ताव तैयार होगा उसको झारखंड प्रभारी के.राजू के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मांग पूरा करने का आग्रह करेगा। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, सोशल मीडिया के चेयरमैन गजेन्द्र सिंह, सह कार्यालय प्रभारी राजन वर्मा, प्रवक्ता जगदीश साहु, उपस्थित थे।

### दलितों की समस्या सीएम के समक्ष रखी जाएगी

कांग्रेस भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अनुसूचित जाति को हरिजन बताते हुए कहा कि राज्य गठन के बाद से अब तक राजधानी में कोई हरिजन हॉस्टल तक नहीं बना है, जिसमें राज्य के सुदूरवर्ती पलामू और अन्य इलाकों से विद्यार्थी आकर राजधानी में रहकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। मुख्यमंत्री को पिछले दिनों लिखे गए पत्र को सही बताते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले जिस तरह से भाजपा ने बगैर कोई संसाधन के अनुसूचित जाति आयोग में सिर्फ अध्यक्ष की नियुक्ति कर दलित वोट बैंक आकर्षित करने की कोशिश की उससे क्या हरिजन का कोई कल्याण हुआ।
उस आयोग में एक भी कोई आवेदन नहीं आए और ना ही कोई समाधान हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह सरकार राज्य की बड़ी आबादी का जीवन स्तर ऊपर लाने की पहल करेगी। इसके लिए प्रयास किए भी जा रहे हैं। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हम कोई ऋषि-मुनि नहीं हैं, हम एक राजनीतिज्ञ हैं। जाहिर तौर पर इसका कहीं ना कहीं राजनीतिक लाभ तो होगा ही और इसके लिए कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेश स्तर पर पार्टी एकमत है और इस दिशा में 11 जून को होने वाली बैठक काफी महत्वपूर्ण होगी। जिसमें प्रदेश प्रभारी के. राजू के अलावे सह प्रभारी डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

# बरसात में सड़क के उपर लटके पेड़ों को हटाया जाये : सुनील कुमार

## शहरों की छवि आकर्षक बनाने के लिए नगर विकास सचिव का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- डिवाइर पर लगे पौधों की छंटायी ,सूखे पौधों को रिप्लेस किया जाये
- कार्यक्रम की समाप्ति के बाद लगे होर्डिंग्स को हटाकर शहर को सुंदर बनायें
- बिना अनुमति के लगे केबल की एजेंसियों की विरूद्ध कार्रवाई की जाये
- मार्गों एवं गलियों एवं नाले नालियों की सफाई सुनिष्चित करायी जाये
- पाइपलाइन, केबल और गैस पाइप से हुये गढडों की मरम्मत करायें
- पीक एवं ड्राप का स्थान मुख्य सड़क से बाइलेन में बनाया जाये

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य के शहरी निकायों को कई आवष्यक दिषा निर्देश जारी किया है। इसा आशय की अधिसूचना नगर विकास विभाग द्वारा सभी शहरी निकायों को भेज दी गयी है। पत्र में कहा गया है कि शहरी क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से संबंधित होर्डिंग्स चौक चौराहों पर लगाये जाते है लेकिन कार्यक्रम की समाप्ति पर भी नहीं हटाये जाते। होर्डिंग निकाय हटवाना सुनिश्चित करें। यदि निकाय द्वारा होर्डिंग खुद हटवाया जाता है तो उसका व्यय संबंधित एजेंसी से वसूला जाये। पत्र में प्रधान सचिव कुमार ने निर्देश दिया है कि बरसात के मौसम अक्सर सड़क के उपर वृक्ष लटके रहते हैं, जिनसे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षतिग्रत वृक्षों एवं डालियों को तुरंत हटाने की कार्रवाई की जाये। साथ ही रोड डिवाइर पर लगे पौधों की छंटायी के साथ सूखे पौधों की जगह नया पौधा लगाया जाये।
बिना अनुमति के टेलीकाम कंपनी, केबल आपरेटर द्वारा शहरी क्षेत्र में केबल एवं तारों का बेतरतीब ढंग से जाल बिछा दिया जाता है, ऐसे में शहरी की खूबसूरती पर दाग लगता है। इन एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। यदि अनुमति प्राप्त है तो उनके केबल और तार को अंडर ग्राउंड कराया जाये। सड़कों पर पाइपलाइन, केबल वायर या गैस पाइप लाइन बिछाते समय कोई हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया हो तो उन गड्ढों की मरम्म्रत शीघ्र कराय जाये। वार्ड सुपरवाइजर पर इसकी जवाबदेही सुनिष्चित करायी जाये। साथ ही एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाये। प्रधान सचिव श्री कुमार ने निकायों से कहा है कि गलियों एवं मार्गों की सफाई निकायों का प्राथमिक कर्तव्य है। शहरी क्षेत्र के मार्गों एवं गलियों की सफाई एक निष्चित अंतराल पर करायी जाये इसके लिए वार्डवार कोषांग का गठन कियाज जाये, जिसमें वार्ड सुपरवाइजर एवं कर्मचारी सदस्य रहेंगे। वह प्रतिदिन की निरीक्षण रिपोर्ट देंगे। शहरी निकाय दुर्घटना बचाने के लिए बसों का पीकअप एवं ड्राप का स्थान बाइलेन में निर्धारित करायें। जीर्णषीर्ण बस स्टैंड मरम्मत के लिए विभाग को प्रतिवेदन भेजा जाये।
सार्वजनिक शौचालयों एवं माड्यूलर शौचालयों की सफाई का विषेष ध्यान रखा जाये। उसमें पानी उपलब्धता सुनिष्चित करायी जाये। जिन शहरी निकाय में संकीर्ण सड़कों के कारण जाम की स्थिति बन रही हो तो वैसे निकाय सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव ड्रेनेज एवं स्ट्रीट लाइट के साथ उपलब्ध करायें। भवन निर्माण सामग्री लोगों द्वारा सड़क पर स्टोर कर दिया जाता है जिससे दुर्घटना की संभावना के साथ यातायात प्रभावित होता है। इससे निबटने के लिए अभियान चलाकर दंडात्मक कार्रवाई की जाये। साथ ही जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार भी कराया जाये।

# बड़ा तालाब व हरमू नदी की सफाई पर हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ा तालाब और हरमू नदी की सफाई पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने सोमवार को सरकार से यह बताने को कहा कि बड़ा तालाब से गाद और जलकुंभी निकालने की क्या प्रक्रिया अपनायी जा रही है। हरमू नदी में नालों का गंदा पानी नहीं जाए, इसके लिए क्या कदम उठाए गए हैं। अदालत ने 21 जुलाई तक सरकार को इसकी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। अदालत ने रांची के उपायुक्त को शपथपत्र दाखिल कर यह बताने को कहा कि रांची के जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर हरमू नदी की सफाई पर विस्तृत जानकारी दी गई। रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि हरमू नदी की समय-समय पर सफाई कराई जा रही है। हरमू नदी में नालियों से सॉलिड वेस्ट न जाए, इसे लेकर जगह-जगह नाली में जाली लगाई जाएगी। बड़ा तालाब से समय-समय पर जलकुंभी निकाली जा रही है।
उनकी ओर से यह भी बताया गया था कि हरमू नदी में लोगों के घरों से निकले हुए सॉलिड कचरा जा रहा है, ऐसे में हरमू नदी की सफाई भी जरूरी है।
इस पर सरकार की ओर से बताया गया था कि बड़ा तालाब में वर्षों से जमे गाद को निकालने के लिए नगर विकास विभाग ने जुडको से संपर्क किया था, लेकिन जुडको ने इसमें विशेषज्ञता नहीं होने की बात कहते हुए असमर्थता जताई है।



### ग्रीष्मावकाश के बाद हाईकोर्ट खुला

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार को खुल गया। 12 मई से 6 जून तक गर्मी की छुट्टी थी। उसके बाद बकरीद और रविवार की अवकाश थी। छुट्टी के दौरान भी हाईकोर्ट में 9 दिन के वेकेशन बेंच की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान जरूरी मामलों की सुनवाई होती रही। अब नियमित रूप से मामलों की सुनवाई शुरू हो गयी है।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारी आरोप मुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने दो झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को आरोपों से मुक्त कर दिया है। इनमें एक बीडीओ व एक अंचल अधिकारी हैं, जिन पर उनके कार्यकाल में विभिन्न आरोप लगे थे। लातेहार जिला के मनिका के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी विरेंद्र किंडो को आरोप से मुक्त से किया गया है। उपायुक्त लातेहार ने प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। यह शिकायत की गयी थी पीएम आवास योजना ग्रामीण व बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना के क्रियान्वयन में रूची नहीं ली और लापरवाही भी बरती साथ ही आला अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन समेत पांच आरोप थे। इस पर कार्मिक ने स्पष्टीकरण पूछा, विभागीय जांच भी करायी गयी। सभी की समीक्षा करने के बाद कोई आरोप प्रमाणित नहीं पाया गया। वहीं, तत्कालीन अंचल अधिकारी सिमडेगा सदर प्रवीण कुमार सिंह को भी आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। उपायुक्त सिमडेगा ने 2017 में ही प्रपत्र क गठित करते हुए यह आरोप भेजा था कि सिमडेगा सदर के सीओ के पद पर रहते हुए प्रवीण कुमार सिंह ने उपायुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्ता की अनुमति के बिना अनुसूचित जनजाति की जमीन का निबंधन में भूमिका निभाने, दाखिल-खारिज वादों में समरूपता नहीं रखने, पद का दुरूपयोग करने, लापरवाही इत्यादि का आरोप था। मामले पर उनसे शो कॉज किया गया। विभागीय जांच भी करायी गयी। इसकी समीक्षा के बाद उनके विरूद्ध कोई भी आरोप प्रमाणित नहीं पाया गया। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

# जनसंख्या के आधार पर अनुसूचित जाति को उचित भागीदारी मिले: समिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अनुसूचित जाति समन्वय समिति कोऑर्डिनेशन कमिटी के संतोष कुमार रजक, उपेंद्र रजक, दीपक कुमार रवि, बबलू पासवान ने कहा कि झारखंड राज्य में लगभग अनुसूचित जाति समाज के 50 लाख लोग निवास करते हैं। लेकिन अनुसूचित जाति समाज का सरकार में जनसंख्या के आधार पर उचित भगदारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में राज्य के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री झारखंड को समाज के विषय पर पत्र के माध्यम से जो सवाल उठाया वह सत्य है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज भी इस राज्य का बहुमूल्य हिस्सा है, इनके साथ भेदभाव उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में अनुसूचित जाति आयोग को पूर्ण जीवित नहीं किया गया है। राज्य में अनुसूचित जाति परामर्शदात्रि परिषद का पूर्ण जीवित नहीं किया गया है। झारखंड की राजधानी रांची में एक भी अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए ढंग का छात्रावास नहीं है। एकलव्य विद्यालय का तर्ज पर राज्य के अनुसूचित जाति बहुल्य क्षेत्र एवं जिलों में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय का निर्माण नहीं हुआ है।
प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से संत गुरु रविदास महासभा के महासचिव दीपक राम, पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष बबलू पासवान, डॉ आंबेडकर चेतना मंच के अध्यक्ष सुरेश पासवान, वाल्मीकि महासभा के युवा अध्यक्ष गोविंद वाल्मीकि, नायक महा समाज के महासचिव मुकेश नायक, अखिल भारतीय अंबेडकर मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष उमेश कुमार रवि अखिल भारतीय धोबी महासभा संघ के अशोक रजक, अजय तुरी आदि उपस्थित थे।

### चार्जशीटेड आरोपियों को मिली एबीपी की सुविधा

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा घोटाले में चार्जशीटेड आरोपी संतोष कुमार चौधरी ओर सुदामा कुमार को अदालत ने अग्रिम राहत की सुविधा प्रदान की है। दोनों की ओर से दाखिल याचिका पर सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार की। दोनों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 9 अप्रैल को याचिका दाखिल की थी। इसी मामले में पूर्व में प्रोन्नत एसपी अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय समेत छह आरोपियों को अदालत ने अग्रिम राहत की सुविधा प्रदान की है। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। अदालत ने जिन लोगों पर संज्ञान लिया है उसमें ऐसे नाम भी है जो वर्तमान में प्रोन्नति पाकर डीएससी से एसपी बन कर जिला संभाल रहे हैं।

### जनजातीय गौरव योजना से गांवों तक पहुंच रहा विकास : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिये केंद्र सरकार की पहल पर 80,000 करोड़ रुपये की धरती आबा जनजातीय गौरव योजना से गांव गांव तक विकास की किरण पहुंच रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में झारखंड समेत अन्य प्रदेशों में भी आदिवासी भाई बहन लाभान्वित हो रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### कोर्ट ने सीता सोरेन का पासपोर्ट किया रिलीज

**रांची।** पूर्व विधायक सीता सोरेन का पासपोर्ट अदालत ने नवीकरण के लिए रिलीज कर दिया है। सीता सोरेन ने दो जून को पासपोर्ट रिलीज करने का अनुरोध करते हुये याचिका दाखिल की थी। दाखिल याचिका पर सोमवार को सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई प॰ात अदालत ने नवीकरण करने के लिए पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया। 2012 में राज्यसभा चुनाव के दौरान उन पर हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप है। इसी मामले में वह ट्रायल फेस कर रही हैं और उनका पासपोर्ट कोर्ट में जमा था।

# सिर्फ रेफरल हॉस्टिपल बनकर रह गये हैं झारखंड में जिला अस्पातल

### झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बत्तर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड सरकार भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। राज्य के अधिकांश जिला अस्पताल अज भी सिर्फ रेफरल हॉस्टिपल बनकर रह गये हैं। यहां मरीजों को ईलाज नहीं किया जाता, बल्कि उसे सीधा रिम्स रेफर कर दिया जाता है। राज्य के अधिकांश जिला अस्पतालों में आज भी गोली लगने, सड़क दुर्घटना या गंभीर बीमारियों के मरीजों को बिना इलाज किये सीधे रांची रिम्स या दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है।




**मरीजों को नहीं मिला रहा अपग्रेडेशन का लाभ :** बताते चलें कि राज्य सरकार ने पांच जिलों में सदर अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज के रूप में अपग्रेड किया है, ताकि मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल सके। साथ ही गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को दूसरे जिले या राज्य के अस्पतालों में नहीं जाना पड़े। लेकिन अब भी जिले के अस्पतालों में इलाज के बजाय मरीजों को रेफर कर देना आम बात बन गयी है। इससे स्वास्थ्य विभाग की नीयत और व्यवस्था दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### डॉक्टर नहीं सुनते मरीजों की बात

वहीं मरीजों का कहना है कि राज्य के अधिकांश जिला अस्पतालों में डॉक्टर तो उनकी सुनते ही नहीं। गोली लगने या सड़क दुर्घटना में घायल मरीज को भी सीधे रिम्स रेफर कर देते हैं। अधिकार की बात करने पर नये डॉक्टर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। रिम्स की स्थिति तो और भी खराब है। वहां के जुनियर डॉक्टर तो डॉन की तरह बात करते हैं। ईलाज की मांग करने पर तो मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

### डॉक्टर, न संसाधन, इलाज का जोखिम भी नहीं लेते डॉक्टर

राज्य के अधिकांश जिला अस्पतालों में आज भी सर्जन, कार्डियोलॉजिस्ट और एनेस्थेटिस्ट की भारी कमी है। डॉक्टर खुद मानते हैं कि कभी-कभी इलाज के दौरान मरीजों की मौत हो जाती है, तो परिजन हंगामा करने लगते हैं। डॉक्टरों के साथ मारपीट के करने लगते हैं। यही कारण है कि डॉक्टर रिक्स नहीं लेते और सीधे रेफर करना बेहतर समझते हैं। डॉक्टरों की डिमांड के बाद भी झारखंड में मेडिकल प्रोटेक्शन बिल नहीं लागू किया गया। इस कारण डॉक्टरों को काफी परेशानी होती है।

सुप्रभात
मंगलवार 10.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 86
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### सांसद ढुल्लू महतो की याचिका पर सुनवाई

**धनबाद।** डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई सोमवार को अदालत में हुई। इस दौरान सांसद श्री ढुल्लू हाजिर नहीं थे। धनबाद के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत मे अधिवक्ता नीरज बीसीआर ने आवेदन दायर कर अभियोजन के महत्वपूर्ण साक्षियों को गवाही के लिए फिर से बुलाने की प्रार्थना की। ज्ञात हो कि डोमन महतो के शिकायत पर 29 अप्रैल 19 को प्राथमिकी ढुल्लू महतो, अजय गोराई, बूढ़ा राय, कृष्णा रविदास उर्फ विनय रविदास एवं बिट्टू सिंह के विरुद्ध गाली गलौज व जानलेवा हमला का आरोप लगाते हुए दर्ज की गई थी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी

**पुटकी।** करकेंद बिजली ऑफिस के समीप सोमवार को एक बाइक एवं टेम्पू में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे बाइक चालक कपूरिया निवासी मदन गोप बुरी तरह घायल हो गया। उसे करकेंद स्थित शहरी स्वास्थ केन्द्र लाया गया जंहा प्राथमिक उपचार कर उसे एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। दुर्घटना में घायल का बाया हाथ टूट गया एवं पैर में भी गंभीर चोटें आई है।

### समाजसेवी ने अवैध वसूली बंद कराने की मांग

**कुमारधुबी।** पहले ही कुमारधुबी की बाजार समिति भंग हो चुकी है। फिर बाजार समिति के नाम पर प्रत्येक हटिया के दिन बाजार समिति के नाम पर एक फर्जी रसीद देकर अवैध वसूली होती है। यह पैसा अवैध असूली करने वालों के जेब में जाता है। उक्त बाते सोमवार को समाजसेवी इरफान खान ने एक बयान जारी कर कहीं। उन्होंने बताया की कुमारधुबी बाजार में गंदगी की स्थिति ऐसी हो चुकी है की लोग कहने लगे हैं। बाजार में गंदगी है या गंदगी में बाजार बसा है। उन्होंने एग्यारकुंड प्रखंड पदाधिकारी से बाजार में सफाई करवाने की मांग की है। साथ ही बाजार में अवैध वसूली बंद कराने की मांग की है।

### भाकपा माले ने उठाया राशन वितरण में गड़बड़ी का मामला



**बिरनी।** भाकपा माले के प्रतिनिधियों ने सोमवार को प्रखंड सचिव शेखर सुमन के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और बिरनी बीडीओ से मुलाकात कर जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन सुचारू रूप से वितरण कराने की मांग की। आपूर्ति पदाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि जून माह का राशन वितरण हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जून माह का राशन 7 पंचायतों को छोड़कर सभी पंचायतों में भेज दिया गया है और शेष पंचायतों में 1-2 दिन के भीतर वितरण हो जाएगा। भाकपा माले ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सभी पंचायतों में राशन वितरण नहीं हुआ, तो पार्टी जनता के साथ गोलबंदी कर जनआंदोलन के जरिए कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ेगी। मौके पर पार्टी के सीताराम पासवान, पंसस प्रतिनिधि मुंशी विश्वकर्मा, मुखिया विष्णुदेव वर्मा, पिंटू यादव, पंसस विजय राय, पंसस कामेश्वर मंडल, अशोक मंडल, मसरफ आलम, पवन पासवान, कार्यालय प्रभारी संतोष कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### प्रयास मंच ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**गुमला।** बिरसा मुंडा एग्रो पार्क स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जीवन चरित्र युक्त कैलेंडर वितरण कर प्रयास मंच द्वारा बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष संतोष झा ने कहा कि जनजाति समाज स्वतंत्रता स्वच्छंदताप्रिय प्रकृति मूलक समाज है। इस समाज ने अंग्रेजों के विरुद्ध बिना किसी राज्याभिलासा के युद्ध किया और चुनौती दी।

## बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बिरसा मैदान रांगामाटी में स्वतन्त्रता सेनानी बिरसा मुंडा के शहादत दिवस को संकल्प दिवस के रुप में सोमवार को मनाया गया। पूर्व विधायक आनंद महतो ने बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किया तथा कहा कि आज भी बिरसा मुंडा दमन और भ्रष्टाचार के खिलाफ नेतृत्व का प्रतीक बने हुए हैं। मौके पर मौजूद विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वच्छता और आर्थिक रुप से सशक्त बनाने का भरपूर प्रयास किया और आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए भी योगदान दिए। इस अवसर पर सुरेश प्रसाद, अंबुज कुमार मंडल, छोटन चटर्जी, सहदेव सिंह, महालाल हांसदा, ध्रुव दास ने भी श्रद्धांजलि दी।



### भाजपा ने बिरसा मुंडा को अर्पित किया श्रद्धा सुमन

बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा धनबाद ग्रामीण जिला के सौजन्य से बिरसा मैदान रांगामाटी में स्थापित बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। भाजपा नेत्री तारा देवी, ग्रामीण एस टी जिलाध्यक्ष रविश्वर मरांडी, भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, भाजपा जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, प्रकाश बाउरी, विजय सिंह, कुमार महतो, इंद्रमोहन सिंह, राघव तिवारी, शत्रुघ्न महतो, राजेश चौधरी, राकेश तिवारी मौजूद थे।

## पुराने डीसी ऑफिस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पुराने डीसी ऑफिस के ग्राउंड फ्लोर में सोमवार की सुबह 11 बजे के करीब बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना के बाद वहां मौजूद कर्मियों के बीच अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग से निकला धुंआ पूरे निचले तल में फैल गया। कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए फायर इक्विपमेंट का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया। वहीं सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और पूरे भवन की सुरक्षा जांच की। अधिकारियों ने मीटर बॉक्स और बिजली कनेक्शन की स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि भवन में वर्षों पुराने और जर्जर मीटर बॉक्स का उपयोग हो रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। कर्मचारियों ने बताया कि जर्जर मीटर बॉक्स और बिजली कनेक्शन की खराब स्थिति के बारे में प्रशासन को कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने समाहरणालय में बिजली व्यवस्था के तत्काल सुधार और नए मीटर बॉक्स लगाने की मांग की है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

**समय रहते आग पर पाया काबू**



## पुसोई नदी पुल के ऊपर अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के जामताड़ा रोड स्थित पुसोई नदी पुल के ऊपर अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में खलबली मच गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई। उसके बाद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं निरसा पुलिस को दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति सुबह से ही उक्त स्थल रहते दिखे ऐसा लगा मानो वह शराब पीकर गिर पड़ा है। जब काफी देर तक उसके शरीर से कोई हरकत नहीं देखा गया तो इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि अजय पासवान ने बताया कि उन्हें जैसे ही सूचना मिली वह उक्त स्थल पर पहुंचकर शव को पहचान का प्रयास किया। परंतु उसकी पहचान नहीं हो पायी



## बीएलओ सुपरवाइजर का पद भरे : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** प्री-रिवीजन को लेकर सोमवार को समाहरणालय में उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी ईआरओ व एईआरओ के साथ बैठक की। उपायुक्त ने वैसे मतदान केंद्र जहां ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजर का पद रिक्त है, वहां नियमानुसार उनकी नियुक्ति कर 15 जून तक सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

वहीं वैसे मतदान केंद्र जहां 1200 से अधिक मतदाता है, वहां आयोग के निदेर्शानुसार रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया करने के लिए प्रखंड, अंचल एवं विधानसभा स्तर पर राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक करने का भी निर्देश दिया। साथ ही ईआरओ नेट में लंबित प्रपत्र 6, 7 एवं 8 का समय पर निष्पादन करने, प्री रिवीजन के दौरान बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने, बीएलओ सुपरवाइजर को क्षेत्र भ्रमण कर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करने, जिन वोटर का वोटर कार्ड में ब्लैक एंड वाइट फोटो है, उनसे रंगीन फोटो प्राप्त करने, घर-घर सत्यापन के दौरान बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पियूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो मौजूद थे।



## कार एवं हाइवा के बीच टक्कर बाल बाल बची कार सवार की जान



**पुटकी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग के नेहरू पार्क करकेद के समीप एक ही दिशा से आ रही मारुति सुजुकी कार एवं हाइवा के बीच टक्कर हो गई। जिसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार पुटकी दास टोला निवासी संजय भारती घायल हो गए। उन्हें करकेंद स्थित शहरी स्वास्थ केन्द्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर उन्हे घर भेज दिया गया। उनके हाथ में आंशिक चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक की जान जा सकती थी। लेकिन गनीमत है कि दुर्घटना के बाद भी कार सवार की जान बच गई। पुटकी पुलिस मौके पर पहुंच क्षतिग्रस्त कार और हाइवा को सड़क से हटाया। उसके बाद यातयात व्यवस्था सामान्य हुई।

## यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले हो जाये सावधान, नहीं तो कट जायेगा चालान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** यातायात नियमों की अनदेखी कर यदि आप वाहन चला रहे है, तो हो जाय सावधान कही कट न जाय आपका वाहन का चलान। इन दिनों लगातार यातायात विभाग की कारवाई जारी है। शहर के चौक चौराहे पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का जुमार्ना काटा का रहा है। यातायात उपाधीक्षक अरविन्द कुमार के नेतृत्व में यातायात नियम उल्लंघन करने वाले वाहन पर करवाई की जा रही है। यातायात उपाधीक्षक अरविन्द कुमार ने बताया की वरीय पुलिस अधिक्षक के निदेर्शानुसार जिले में लगातार यातयात उलंघन करने वाले वाहन पर करवाई की जा रही है। विशेष कर वैसे वाहन पर नजर रखी जा रही जो फोर व्हीलर वाहन शीशे पर काले फिल्म लगाकर चल रहे है वैसे वाहन को मौके पर जुमार्ना के साथ शीशे से काला फिल्म हटाया जा रहा है। इसके आलावा बिना सीट बेल्ट, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, फैंसी नंबर प्लेट तथा अन्य जो यातयात नियम को उलंघन करने वाले वाहन पर करवाई की जा रही है और आगे लगातार इस तरह की करवाई जारी रहेगी।




## एक नजर में

### जंगल मे पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के सीटीसी जंगल में सोमवार को स्थानियों लोगो को पेड़ से लटका एक युवक का शव मिला। आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। युवक की पहचान बीस वर्षीय शिवा हरि ऊर्फ शिवा कुमार, पिता रामदेव हाड़ी, सेंटरी ऑफिस कॉलोनी निवासी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार युवक बुधवार से लापता था। शव पूरी तरह से सड़ व फुल चुका था। पुटकी पुलिस घटना स्थल पहुँच शव को उतरवा, अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए एसनएमएमसीएच भेज दिया। घटना स्थल पर शव देखने ग्रामीण की भीड़ जमा हो गई। परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। युवक तीन भाई में से सबसे बड़ा भाई था। वह निजी कंपनी में मजदूर था। वहीं पुलिस ने बताया कि यह आत्महत्या है या युवक की हत्या की गई है। इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

### भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि मनी

मैथन। भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि पर मैथन पोस्ट ऑफिस चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में महिला पुरुष इस मौके पर उपस्थित थे। लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा को याद कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही विभिन्न लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन, जिला परिषद सदस्य मोहम्मद गुलाम कुरैशी, टार्जन मरांडी, अमित किस्कू, अमरेश मुर्मू, रवि लाल मरांडी, मार्शल हांसदा, वासुदेव महतो अंजू मरांडी, जीत मुनि सोरेन, बैजनाथ सोरेन, जीतू मुर्मू, कमलकांत बास्की आदि लोग उपस्थित थे।

### रंजय हत्याकांड , मामा की याचिका पर सुनवाई

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव एवं सिद्धार्थ शर्मा ने मृतक रंजय के पोस्टमार्टम के समय की गई। वीडियोग्राफी की सीडी की कॉपी उपलब्ध कराने की प्रार्थना की। जिसका अभियोजन ने विरोध किया। अदालत ने सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था।

## बीबीएमकेयू में मनाई गई बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की 125 वां शहादत दिवस मनाया गया। कुलपति डॉ राम कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। कुलपति ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम व देश की आजादी के लिए शहादत देने वाले सबसे प्रसिद्ध आदिवासी महानायक, क्रान्तिकारी नेता थे जिन्हें धरती आबा भगवान बिरसा कहा जाता है। वर्तमान में बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातु पवित्र एवं पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बना रही है। भगवान बिरसा मुंडा पर शोध कार्य किए जाने की आवश्यकता है। डॉ पुष्पा कुमारी छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की बहुत सारी स्मृतियां इतिहास में सिमट कर रह गई है। 125 वर्षों के बाद भी जो पहचान और सम्मान मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाई है। कार्यक्रम में कुलपति ने सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमैन आनंद शेखर को भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने का निर्णय

- प्रत्येक गुरुवार को सदर अस्पताल में कैंप लगाने का निर्देश
- आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड का सत्यापन कर वोटर कार्ड बनाने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** समाहरणालय में सोमवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमिटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक हुई। दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में सुगमता से जोड़ने, उनके लिए सभी मतदान केंद्रों में रैंप, व्हीलचेयर सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक से अधिक डिस्ट्रिक्ट आइकन का चयन करने, कौन दिव्यांग मतदाता बूथ तक आ सकते हैं या नहीं, की मेपिंग करने, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रत्येक गुरुवार को सदर अस्पताल में कैंप लगाने का निर्देश दिया। साथ ही विशेष कैंप लगाकर मिशन ऑफ चैरिटीज में रहने वालों का आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड बन जाने के बाद उसका सत्यापन कर वोटर कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

## झामुमो ने मनाई बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा महानगर समिति ने सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि मनाई। तेलीपाड़ा दुर्गा मंडप स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरती आबा नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा; केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, महानगर अध्यक्ष मंटू कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

## विस्थापन विस्थापित संघर्ष मुक्ति मंच ने किया उलगुलान सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बलियापुर प्रखंड के सरसाकुड़ी में विस्थापन विस्थापित संघर्ष मुक्ति मंच द्वारा बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर उलगुलान सभा का आयोजन सोमवार को किया गया।

बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर लाल महतो ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ उलगुलान किया था। खेतिहर जमीन का जबरन अधिग्रहण कर खेती को नष्ट करनेवालों के खिलाफ उलगुलान किया जाएगा। किसान सभा के नेता संतोष कुमार महतो ने कहा कि सेल द्वारा टासरा और रोहड़ाबांध के विस्थापितों को बसाने के लिए कालीपुर, सरसाकुडी और आसनबनी मौजा की जमीन को जबरन अधिग्रहण करने का प्रयास किया जा रहा है। यहां की जमीन पर किसान खेती करते हैं और खेतिहर जमीन को जबरन अधिग्रहण करना अन्याय है। बिरसा मुंडा के सपनो को साकार करने के लिए इस लूट के खिलाफ उलगुलान जरूरी है।

सीपीएम के सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की मृत्यु सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलती है। मंगल मुंडा वाहन से गिरकर घायल हो गए थे। रिम्स अस्पताल रांची में पैरवी से भर्ती हुए मंगल मुंडा के इलाज में देरी हुई और उनकी मौत हो गई। शहीदों की जयंती और शहादत दिवस पर करोड़ो रुपए बहाने वाली सरकार उनके वंशजों की सुधी नहीं लेता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल माझी ने किया तथा संचालन अमृत महतो ने किया। इस अवसर पर दिनेश सारखेल, राहुल महतो, योगेंद्र महतो, गौतम प्रसाद, सूर्य कुमार सिंह, शत्रुघ्न महतो, किशोर कुमार महतो, सुबल चंद्र दास, राज नारायण तिवारी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, निर्मला देवी, शिबू राय मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### समाज सेवी का निधन

**कतरास।** कतरास निवासी काशीराम गुप्ता का सोमवार दोपहर समय निधन हो गया। पिछले कुछ समय से बीमार थे। दिवंगत अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है। उनका माहुरी समाज के लिए सराहनीय योगदान रहा है।

### आज गोविंदपुर क्षेत्र में बाधित रहेगी बिजली

**गोविंदपुर।** कांड्रा-एक फीडर से मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान इस फीडर से संबंधित मेंटेनेंस का काम और आस-पास की पेड़ की डाली-टहनी की छटाई का काम किया जायेगा। कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इस कारण आमाघाटा, गायडेहरा, तिलकरायडीह, द्वारिका सिटी फेज-दो, कुरैसीनगर आदि क्षेत्रो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने +2 स्कूल में लगाया वाटर कूलर

**गोविंदपुर।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा ने सोमवार को +2 हाई स्कूल में वाटर कूलर लगाया। समिति की राष्ट्रीय प्रमुख रेणु दुदानी ने कहा कि वाटर कूलर के अभाव में प्लस टू हाई स्कूल के बालक बालिकाओं को गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता था। विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखकर मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने विद्यालय को यह उपहार प्रदान किया। इस अवसर पर सम्मेलन की प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख सुनीता बंसल, शाखा अध्यक्ष सीमा सरिया, कोषाध्यक्ष मीनू अग्रवाल, अनु सिंघल आदि उपस्थित थी। विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार तांती ने वाटर कूलर उपलब्ध कराने के लिए सम्मेलन की सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालय परिवार को गर्मी में बहुत राहत मिलेगी।

### स्वास्थ्य कर्मियों के बीच किया गया आईडी कार्ड और ड्रेस वितरण

**धनबाद।** डीसी के आदेश के बाद सदर अस्पताल में बदलाव दिखने लगा है। सोमवार को जिप अध्यक्ष सह रोगी कल्याण समिति की अध्यक्ष शारदा सिंह व सीएस सीबी प्रतापन के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को आईडी कार्ड और ड्रेस वितरण किया गया। आईडी कार्ड और ड्रेस वितरण का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों की पहचान और एकरूपता सुनिश्चित करना है, इस पहल से अस्पताल की कार्यक्षमता और मरीजों का विश्वास बढ़ेगा। ज्ञात हो की कुछ दिन पूर्व ही स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने कर्मियों को ड्रेस में उपस्थित रहने सहित डाक्टरो को समय पर अस्पताल आने का निर्देश दिया था।

### प्रतिदिन सीओ सुनेंगे लोगों की समस्या

**बेरमो।** अंचलों में जमीन का म्यूटेशन नहीं होने, जमीन की मापी में परेशानी, जमीन का पारिवारिक बंटवारा एवं अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित मामलों की शिकायत एवं समाधान की अपेक्षा में आम लोगों को रोजाना अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता हैं तथा सही समय पर अंचल अधिकारी से मुलाकात नहीं होने पर आमजनों को परेशानी होती है।

इसी को लेकर उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने सोमवार को सभी अंचल अधिकारियों को निदेश दिया है कि प्रत्येक मंगलवार के अतिरिक्त कार्यालय दिवस पर प्रतिदिन अपराह्न 01:00 से 02:00 बजे तक आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही, इसकी जानकारी से संबंधित आम सूचना अंचल अधिकारी अपने कक्ष के सामने, सूचना पट्ट पर तथा परिसर में होर्डिंग द्वारा प्रदर्शित करेंगे एवं व्यापक प्रचार प्रसार कराएंगे। वहीं, भूमि सुधार उप समाहर्ता अपने अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी अंचलों का सत्तत पर्यवेक्षण करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक अंचलाधिकारी द्वारा लोगों की समस्या सुनी जा रही है एवं उनका समाधान किया जा रहा है।

# आजसू कार्यकर्ता व ग्रामीणों के साथ ब्लॉक दो में धरने पर बैठे सांसद चंद्रप्रकाश चौधर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** विभिन्न मांगों को लेकर आजसू के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ बाघमारा थाना क्षेत्र बीसीसीएल के ब्लॉक दो में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे। घंटों बाद प्रबन्धन के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। पूर्व में सांसद ने ब्लॉक दो प्रबंधन को स्थानीय लोगों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने, प्रदूषण का समाधान करने, डेंजर जोन में बसे ग्रामीणों को सुरक्षित पुनर्वासित कराने की मांग को लेकर वार्ता की थी। आउटसोर्सिंग कंपनियों में ड्यूटी कर रहे कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा था। सभी मांगों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था, लेकिन बीसीसीएल ब्लॉक दो प्रबंधन की ओर से अब तक मांगें नहीं पूरी की गई है। इसके बाद ग्रामीण के साथ सांसद धरना पर बैठ गए। मीडिया से बातचीत करते हुए गिरिडीह सांसद ने कहा कि स्थानीय लोगों को विस्थापित करना, स्थानीय को रोजगार मुहैया कराना और प्रदूषण की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं करता है, तो पुनः आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन स्थानीय लोगों का शोषण कर रहा है। जो लोग आउटसोर्सिंग में ड्यूटी कर रहे हैं और सेलपीकर मजदूरों को मात्र 8 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है। ब्लास्टिंग से घरों में दरारें आ गई हैं और बस्ती में जमीन के नीचे से आग निकल रही है। कभी कोई अधिकारी जांच करने तक नहीं आते हैं। सांसद ग्रामीणों के हक और अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे हैं।

# उ. म. विद्यालय इरकिया में शिक्षक के लापरवाही पर गोलबंद हुए ग्रामीण

- बच्चों से पानी भरवाया गया
- कक्षा में खेलते दिखे छात्र शिक्षक नदारद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमाताड़ा।** सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय इरकिया का दृश्य चौंकाने वाला था। कक्षा के भीतर छात्र 'गोटिया' खेल रहे थे। वहीं छोटे-छोटे बच्चों से बाल्टी में पानी भरवाया जा रहा था। स्कूल सुबह 7:15 बजे के जगह पर 8:45 मिनट में शिक्षक स्कूल पहुंच कर प्रार्थना आरंभ करवाया। प्रार्थना के बाद बच्चे क्लास में ना बैठकर स्कूल में गोटिया खेल रहे थे। शिक्षक अपने ऑफिस में बैठकर रजिस्टर मेंटेनेंस का कार्य कर रहा था। जब इस लापरवाही को लेकर प्रधानाध्यापक से सवाल किया गया, तो उन्होंने सारी बातों को झुठलाते हुए कहा कि आज ही ऐसा हुआ है, अन्य दिनों में कभी देरी नहीं होती। लेकिन बच्चों और अभिभावकों ने इस दावे को पूरी तरह गलत बताया।

शिक्षक केवल उपस्थिति दर्ज कर निकल जाते हैं मध्यान भोजन में भारी अनियमितता हर दिन सिर्फ खिचड़ी, मेन्यू बोर्ड सिर्फ दिखावे के लिए शौचालय होने के बावजूद छात्र खेतों में जाते हैं। बिजली, पंखा की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। जहां एक ओर सरकार शिक्षा को लेकर विज्ञापन और दावों में करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं जमीनी सच्चाई इरकिया जैसे गांवों में शिक्षा की दुर्दशा को उजागर करती है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता एवं पारदर्शिता जरूरी

# निश्चित समय सीमा में पूरा कर योजनाओं का कार्य : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में साइकिल वितरण, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के साथ कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई ।

उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, एवं अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पात्र लाभुकों तक पहुँचाया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि लाभुकों की पहचान, डाटा एंट्री एवं भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपविकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बगोदर, सरिया तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### नियोजन को लेकर कोल कर्मी के शव के साथ धरने पर बैठे परिजन

**कतरास।** सलानपुर कोलियरी मे टंडेल के पद पर कार्यरत कर्मी 58 वर्षीय कुमार दास की मौत कोलकाता के अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। सोमवार को उसके परिजन के साथ यूनियन के प्रतिनिधि शव को कतरास क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष रखकर धरना पर बैठ गए। उनका कहना था कि ड्युटी मे कर्मी की तबीयत खराब हुई है। इसलिए उसके परिजन को नौकरी देना होगा। जब तक मांग पूरी नहीं होती है तब तक धरना जारी रहेगा। एक घंटा के बाद यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ एपीएम अशोक कुमार व उमंग ठक्कर के बीच वार्ता हुई। इसके बाद परिजन शव को दाह संस्कार के लिए ले गए। मृतक का पुत्र प्रकाश कुमार महंत ने बताया कि अप्रैल माह में कार्य के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गयी थी। केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया था जहां चिकित्सक ने देख डिसन अस्पताल कोलकाता रेफर कर दिया था। रविवार को उसकी मौत हो गई। वार्ता में प्रबंधन की और से दिनेश चंद्र पांडेय के अलावा यूनियन के विपिन राय, हरेंद्र सिंह, बाल्मीकि यादव, कुलदीप गोस्वामी, राजकुमार साव, संतोष गिरी आदि शामिल थे।

### निचितपुर रेलवे फाटक में फंसा ट्रेलर, लगा जाम



**कतरास।** महुदा राजगंज मार्ग में रेलवे फाटक पर ट्रेलर फस गया। जिसके चलते 7 घंटे तक लोग जाम में परेशांन रहे। बता दें उक्त मार्ग का चौडीकरण हुआ लेकिन रेलवे फाटक की स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसके चलते जाम व दुर्घटना की आम बात हो गयी है। नेशनल हाईवे 32 फोरलेन सड़क शाखाटांड के पास अचानक बन जाती है टु लाइन सड़क, हो रही है बड़ी दुर्घटनाएं। रेलवे विभाग, जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण के अधिकारी नहीं ले रहे हैं सुधार।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**जमाताड़ा।** उपायुक्त रवि आनंद व पुलिस अधीक्षक राज कुमार मेहता सहित अन्य वरीय पदाधिकारी ने महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय जामताड़ा के समीप अवस्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा उनका सारा जीवन आदिवासी समुदाय के उत्थान के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा की। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। भगवान बिरसा की शहादत हम सब के2 लिए प्रेरणा के समान है। हमें उनपर गर्व है, उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए अपने जीवन की कुबार्नी दे दी। उनके कुशल नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत उस समय के ताकतवर सामंतों और अग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया। वहीं इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन सहित अन्य अधिकारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### नीरज हत्याकांड विनोद सिंह, संजय, डब्लु की याचिका पर सुनवाई

**धनबाद।** नीरज हत्याकांड के गवाह अमर सिंह के आवाज की जांच एफएसएल से कराने, अनुसंधानक को गवाही के लिए फिर से बुलाने तथा समस्तीपुर के बैंक मैनेजर को गवाही के लिए बुलाने के तीन विभिन्न याचिकाओं पर सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत मे सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पेन ड्राइव की जाँच कराने एवं अदालत में उसे चलाने की प्रार्थना की। अदालत ने मामले पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है। दरअसल झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की खंडपीठ ने निचली अदालत के आदेश को रद्द करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में फिर से आदेश पारित करने का आदेश दिया था। विनोद सिंह ने 26 मार्च 25 को अदालत में एक पेन ड्राइव दाखिल कर अदालत से प्रार्थना की थी कि पेन ड्राइव में चश्मदीद गवाह अमर सिंह का आवाज और वीडियो फुटेज है जिसकी फॉरेंसिक जांच कराई जाए कि यह वीडियो और आवाज अमर सिंह का है या नहीं, और इसे कोर्ट में चलाया जाए। बतातें है कि नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम चार हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर कर दी थी। हमले में नीरज के अलावे तीन अन्य लोगों, अशोक यादव, मुन्ना तिवारी व ड्राइवर घोल्टू महतो की भी मौत हुई थी।

### प्रतिदिन अंचल में सुनी जाएगी आम लोगों की समस्याएं : सीओ प्रवीण

**बोकारो/कसमार।** कसमार अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार ने जानकारी दी है कि प्रतिदिन अंचल में आम जनों की समस्याएं सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंचल में जमीन का म्यूटेशन नहीं होने- जमीन की मापी में परेशानी व जमीन का पारिवारिक बंटवारा एवं अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित मामलों की शिकायत एवं समाधान के लिए आम लोगों को रोजाना अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है तथा सही समय पर अंचल अधिकारी से मुलाकात नहीं होने पर आमजनों को परेशानी होती है। इसी के मद्देनजर बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्रत्येक मंगलवार के अतिरिक्त कार्यालय दिवस पर प्रतिदिन अपराह्न एक से दो बजे तक आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन कर उनका समाधान करना सुनिश्चित किया जाय। श्री कुमार ने कहा कि इसकी जानकारी से संबंधित आम सूचना अंचल कार्यालय कक्ष के सामने व सूचना पट्ट पर तथा अंचल परिसर में होर्डिंग द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा।

## बारकी बस्ती के समीप रेलवे साइड से पाइप चोरी को लेकर मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**महुदा।** बारकी बस्ती के समीप रेलवे साइड से पाइप चोरी की घटना को लेकर महुदा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। कार्य कर रहे बीकेएस कंस्ट्रक्शन कम्पनी के प्रोजेक्ट हेड राकेश कुमार के लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस कुछ स्थानों में लगे सीसीटीवी का सहारा ले रही है, ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके। जो भी अपराधी है उसे गिरफ्तार किया जायेगा। इधर महुदा आरपीएफ की टीम भी अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। रेलवे क्षेत्र के आसपास के लोगों से जानकारी इक्टठा करने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्य आइओडब्लु के अधीन कार्य हो रहा है। आइओडब्लु के अधिकारी ही इस कार्य का अवलोकन करते है। बारकी रेलवे साइडिंग के समीप पाइप लाइन का कार्य हो रहा है, और वहाँ लाखों करोड़ो का सामान पड़ा है।

## विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की समीक्षा बैठक

## पदाधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की सोमवार को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक हुई। विधायक धनबाद सह गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति राज सिन्हा ने पेयजलापूर्ति योजनाएं, शहरी जलापूर्ति योजनाएं, भूमि सुधार, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य, आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, कल्याण, पथ निर्माण, पशुपालन सहित अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के विगत तीन वित्तीय वर्षों में विकास कार्यों के प्रतिवेदनों पर तथा जनहित से संबंधित मामलों पर जिला स्तरीय सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श एवं समीक्षा किया गया। साथ ही विभागवार प्राप्त अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा कई सुझाव एवं निर्देश दिए। सभापति ने सभी पदाधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। किसी भी योजना के संचालन में यदि कोई समस्या आ रही हो तो उसे अभिलंब दूर करते हुए उसे पूर्ण करने का सुझाव दिया। मौके पर विधायक शत्रुघ्न महतो, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, समेत सभी विभाग से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को महानगर अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण एवं संकल्प से सिद्धि विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि से हुई। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। 2014 से 2024 भाजपा की सरकार ने जो उपलब्धियां हासिल की है चाहे वह देश को आर्थिक रूप से 11 वें स्थान से चौथे स्थान पर लाने का कार्य हो, गरीबी रेखा से 28 प्रतिशत जनसंख्या को 5 प्रतिशत पर लाने का कार्य हो, 81 करोड़ परिवारों को मुफ्त अनाज देकर उनके भरण पोषण का कार्य हो, पूर्व में जितने भी मेडिकल कॉलेज थे उससे दोगुनी मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई, जहां 50000 डॉक्टर प्रतिवर्ष बनते थे आज 128000 डॉक्टर बन रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मोदी सरकार की योजनाओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा आज भारत को वैश्विक मंचों पर विशेष सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। महानगर अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिसमें मीडिया संवाद, डिजिटल प्रतियोगिता-बदलता भारत मेरा अनुभव पोर्टल पर, प्रेस वार्ता, जिला स्तर पर प्रदर्शनी, मंडल स्तर पर संकल्प सभा, शक्ति केंद्रों पे चौपाल, साहित्य वितरण, सभी मंडलों में 21 जून को योग प्रशिक्षण एवं योग शिविर शामिल है।

## दो बाइक के बीच टक्कर, एक गंभीर

**बिरनी।** सोमवार को कसकुटैया भरकट्टा के घने मोड़ पर दो मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गई। जिसमें विशुनपुर निवासी सकलदेव यादव और गोरहंद निवासी भुवनेश्वर यादव जख्मी हो गए।। घटना की सूचना मिलते ही मैं मौके पर जिप सदस्य सूरज सुमन पहुंचा और दोनों घायलों को आपातकालीन स्थिति में गिरिडीह अस्पताल पहुंचाया गया। विशुनपुर के सकलदेव यादव की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# स्वभाव में परिवर्तन केवल सत्संग से आ सकता है : आर्चाय नीतीश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नारायणपुर।** गमहरिया टांड़ गांव में चल रहे तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में तीसरे दिन भागवत कथा सुनने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा वाचक आचार्य नीतीश कृष्ण ने श्री मद्भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों की संक्षिप्त चर्चा करते हुए श्री कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान राम का चरित्र मनुष्य जीवन में धारण करने योग्य है जबकि भगवान श्री कृष्ण के चरित्र का चिंतन करना चाहिए। कथा वाचक ने कहा कि आशा केवल भगवान से रखनी चाहिए, जबकि मनुष्य आशा अपने पुत्रों तथा सगे संबंधियों से रख रहा है और वह पूर्ण नहीं होने पर दुखी रहने लगता है। मनुष्य को अपने स्वभाव में परिवर्तन करते हुए अपने जीवन की बागड़ोर भगवान पर छोड़ देनी चाहिए और उन्हीं से आशा रखनी चाहिए। मौके पर सुरेश पंडित , सुभाष मंडल, सुबोध मंडल, शिबू पंडित, गोबिंद पंडित आदि उपस्थित थे । कथा के बाद भक्ति जागरण कार्यक्रम देर रात तक चला। जिसमें मशहूर भजन गायिका स्वीटी अरमान तथा निशा गुप्ता ने एक से बढ़ कर एक भजन की प्रस्तुति दी।

## प्रखंड सभागार में आपदा से निपटने की दी गई जानकारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में सोमवार कों आपदा प्रबंधन की एक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ मुरली यादव, सीओ देवराज गुप्ता, 9 एनडीआरएफ के अंकुश बाबू मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ मुरली यादव ने कहा कि जब कभी आपदा आती है। हम लोग परेशान हो जाते हैं। क्योंकि उसके प्रबंधन की जानकारी हमारे पास नहीं होती है। यह जरूरी है कि आपदा प्रबंधन की जानकारी हो तभी हम आपदा के समय इससे निपट सके। एनडीआरएफ के अंकुश बाबू ने कहा कि 9 से 16 तारीख तक जामताड़ा जिला में आपदा प्रबंधन के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बैठक मे सीआई निरंजन मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, पानेश्वर मरांडी, उदय ओझा, विक्की पांडे, समेत अन्य मौजूद थे।

# बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि पूर्व मंत्री मिथिलेश ने बताया प्रेरणास्रोत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री ।

**गढ़वा।** आदिवासी समाज के महान क्रांतिकारी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि सोमवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।कार्यक्रम में काफी संख्या में झामुमो कार्यकताओं ने भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया।

श्री ठाकुर ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल आदिवासियों के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जो उलगुलान (महाविद्रोह) छेड़ा, उसने आदिवासी समाज में जागरूकता की नई लहर पैदा की। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के अदम्य साहस से अंग्रेज सरकार घबरा गई थी और उनकी गिरफ्तारी पर 500 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उन्हें रांची जेल में कैद कर यातनाएं दी गईं, जहां उनकी रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत्यु हुई।

पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। वनाधिकार, स्थानीय रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर सरकार प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2029 तक झारखंड विकास और सामाजिक न्याय का मॉडल राज्य बनेगा। कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष शम्भू राम, सचिव शरीफ अंसारी, तनवीर आलम खान, मनोज ठाकुर, चन्दन जायसवाल, रेखा चौबे, अराधना सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

गढ़वा। जिला मुख्यालय में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाहरणालय के समीप बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर डीसी श्री यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के त्याग, संघर्ष और आदर्शों पर चलकर ही झारखंड राज्य का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा न सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि वे समाज में जागरूकता और अधिकारों की लड़ाई के प्रतीक भी हैं। उन्होंने सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के उपरांत डीसी ने बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क परिसर एवं गेस्ट रूम का निरीक्षण किया और साफ-सफाई एवं रखरखाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## डुमरिया-डंडा रोड पर दोबारा अतिक्रमण, पथ निर्माण विभाग ने की कार्रवाई की अनुशंसा

**गढ़वा।** डुमरिया-डंडा मुख्य सड़क पर पूर्व में अधिगृहित एवं अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी पथ भूमि पर एक बार फिर अवैध निर्माण किए जाने की सूचना मिलने पर पथ निर्माण विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। पथ प्रमंडल गढ़वा के कार्यपालक अभियंता ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को पत्र लिखकर विधिसम्मत कार्रवाई की अनुशंसा की है। ज्ञापांक-597 (दिनांक 28.05.2025) के माध्यम से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि डुमरिया गांव के कि.मी. 8वें पर श्याम बिहारी तिवारी, मुनेश्वर तिवारी एवं शैलेश कुमार तिवारी द्वारा सरकारी पथ भूमि पर दोबारा पक्के संरचना का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। जबकि इस भूमि का मुआवजा पूर्व में जिला भू-अर्जन कार्यालय के माध्यम से भुगतान कर दिया गया था और 12 सितंबर 2024 को मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया भी जा चुका था। पत्र के साथ फोटोग्राफ्स भी संलग्न किए गए हैं और जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को प्रतिलिपि भेजते हुए समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में समाजसेवी गुड्डू तिवारी ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुआवजा लेने के बाद दोबारा अतिक्रमण करना न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के हित में हो रहे सड़क निर्माण के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत नहीं, समाज की लड़ाई है और आवश्यकता पड़ी तो बुलडोजर फिर से चलेगा। प्रशासन से मांग की गई है कि पूर्व उपायुक्त द्वारा लिए गए संज्ञान को वर्तमान डीसी गंभीरता से लें और अविलंब कार्रवाई कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखें।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनकी तरफ से, मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना संख्या: एमईसीएचसीकेपी-25-26-09; कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में आरओएच के दौरान वैगनों की मरम्मत; **निविदा मूल्य:** ₹ 3,45,57,911.78; **बोली सुरक्षा:** ₹ 3,22,800.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **निविदा खोलने का स्थान:** वरिष्ठ डीएमई/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 27.06.2025 को 15:00 बजे; निविदा वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा। निविदाकर्ता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल के तहत पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-236)



**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
**CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LTD.**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची- 834008, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi. co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

आम सूचना सं0:– 1239/भू0अ0, हजारीबाग — दिनांक 09.06.2025

अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को आवंटित गोंदुलपारा कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल हेतु ग्राम चंदौल में भूमि अधिग्रहण के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों के लिए तैयार की गई पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम को आयुक्त (पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन) सह प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की गई है।

अतः उक्त के आलोक में भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 18 में निहित प्रावधानों के तहत नियमानुसार प्रभावित परिवारों के सहज अवलोकन तथा आमलोगों की जानकारी के लिए अनुमोदित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम को हजारीबाग जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसे https://hazaribag.nic.in/ पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 354538 (Land Reforms) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या– 18/RIII/2025-26/RWD/CHATRA — दिनांक– 09.06.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंकमें | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षरमें | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/108/ 2024-25 | टण्डवा | बड़गांव | बड़गांव | रबुलमियाँ के घर से महतो आहर तक PCC पथ निर्माण | 3214000.00 | बतीस लाख चौदह हजार मात्र | 03 माह | चतुर्थ |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.06.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 354529 Rural Work Department (25-26)_D



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**Play School संचालकों हेतु आवश्यक सूचना**

विभागीय अधिसूचना संख्या – **05/M.B./Play School -03/2015/3026** दिनांक 13.07.2017 द्वारा झारखण्ड राज्य के **Play School** (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली 2017 का गठन किया गया है।

उपरोक्त अधिसूचना के आलोक में सभी **Play School** का निबंधन करना अनिवार्य है। नियमावली कंडिका **2(d)** में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सक्षम पदाधिकारी घोषित किया गया है। साथ हीं नियमावली के कंडिका **2(P)** के अनुसार **Play School** का अभिप्राय किसी भी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल से है, जो 03–06 वर्ष के बच्चों को **ECE (Early Childhood Education)** प्रदान करने के लिए राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण से किसी भी प्रकार सहायता या अनुदान नहीं करता है।

अतः उक्त के आलोक में कोडरमा जिला के सभी **Play School** के संचालकों को सूचित किया जाता है कि अपने–अपने विद्यालयों से संबंधित पूर्ण विवरणी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय कोडरमा में दिनांक 01.07.2025 तक उपलब्ध कराते हुए निबंधन कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा तक निबंधन नहीं कराये जाने पर **Play School** के संचालकों के विरूद्ध विधिसम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु झारखण्ड राज्य के **Play School** (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली 2017 की प्रति जिले के पोर्टल **www.koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 354540 Women, Child Development & Social Security(25-26)#D



झारखण्ड सरकार
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**"Construction of over from bahu Bazar to patel Chowk Connecting SiramtoliMecon Fly Over at Patel Chowk and Kokar-Yogoda Satsanga Ashram Fly Over at Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi परियोजना"**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **"Construction of over from bahu Bazar to patel Chowk Connecting SiramtoliMecon Fly Over at Patel Chowk and Kokar-Yogoda Satsanga Ashram Fly Over at Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi परियोजना"** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–सीरम, थाना–राँची, थाना संख्या–198, अंचल–शहर, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.0042 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–कोनका

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 90 | 178 | – | – | 0.0042 | श्रीमती मरीनमोहा मुखर्जी | 497 | 497 | 497 | 497 |
| | | | | कुल– | 0.0042 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह/०
उपायुक्त,
राँची।

354522 (Land Reforms) 25-26 (D)


## एक नजर में

### 18 वषीर्या युवती लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कोनमंडरा गांव निवासी दिनेश प्रजापति ने अपनी 18 वषीर्या पुत्री रानी कुमारी के लापता होने को लेकर भवनाथपुर थाना में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनका दो जगह घर है एक मोहम्मदगंज में और दूसरा कोनमंडरा में। सात जून को किसी कार्यवश उन्होंने अपनी पुत्री को मोहम्मदगंज से कोनमंडरा भेजा था, लेकिन वह अभी तक वहां नहीं पहुंची। जब देर शाम तक लड़की के नहीं पहुंचने की सूचना मिली, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दिनेश प्रजापति ने आशंका जताई है कि उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर गायब करने में कोनमंडरा गांव के विनोद प्रजापति, प्रदीप प्रजापति (पिता हरिहर प्रजापति), राजेश प्रजापति (पिता स्व. राजेन्द्र प्रजापति) एवं गढ़वा के औरैया निवासी रामजन्म प्रजापति (पिता मुसन प्रजापति) की संलिप्तता हो सकती है। इस संबंध में भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस टीम संभावित ठिकानों की छानबीन में जुट गई है।

### दो वर्ष पूर्व लगी डिजिटल एक्स-रे मशीन अब तक बंद

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में दो साल पहले इंस्टॉल की गई डिजिटल एक्स-रे मशीन अभी तक चालू नहीं हो सकी है, जिससे आम मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सरकारी अस्पताल में सुविधा के अभाव में लोगों को निजी क्लिनिक में महंगी दरों पर एक्स-रे करवाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने 24 अप्रैल 2025 को गढ़वा सिविल सर्जन को पत्र लिखकर मशीन चालू कराने का अनुरोध किया था। इस पर कार्रवाई करते हुए सीएस कार्यालय ने मशीन आपूर्ति करने वाली कंपनी रिकॉर्ड एंड मेडिकेयर सिस्टम प्रा. लि. को पत्र भेजा। इसके बाद 7 जून को कंपनी के इंजीनियर ने मशीन को दुरुस्त किया, लेकिन बकाया भुगतान को लेकर कुछ ही घंटे बाद मशीन को लॉक कर दिया गया। अब यह फिर से बंद पड़ी है। इस मामले में प्रभारी चिकित्सक ने पुनः सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि जल्द भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर मशीन को चालू कराया जाए।

### चलंत चिकित्सावाहन से ग्रामीणों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधा

**कांडी।** एसबीआई फाउंडेशन के तहत स्वयंसेवी संस्था रोज के तत्वावधान में चलंत चिकित्सावाहन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराई जा रही है। सरकोनी पंचायत के कोवाड़ी महुली गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जहां काफी संख्या में ग्रामीणों ने चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। शिविर में डॉ विजय गोस्वामी ने लगभग 30 मरीजों की जांच की और दवाएं दीं। इस दौरान 18 लोगों का ब्लड प्रेशर, 4 का मधुमेह और 1 व्यक्ति का ईसीजी जांच किया गया। सभी को आवश्यक सलाह और दवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। संस्था के प्रखंड को-ऑर्डिनेटर अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि गढ़वा के कांडी और पलामू के तरहसी प्रखंड में 20-20 पिछड़े गांवों को चयनित कर प्रत्येक माह वहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन इलाकों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है, ऐसे में यह पहल लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। शिविर में लैब टेक्नीशियन राहुल कुमार, एएनएम प्रतिमा श्रीवास्तव और फार्मासिस्ट नीरज कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

**मझिआंव।** बरडीहा बीडीओ राकेश सहाय ने प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के अंतर्गत चयनित उन लाभुकों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है, जिन्होंने राशि प्राप्त करने के बावजूद अब तक आवास निर्माण नहीं कराया है। बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से मुखिया की सहमति के साथ ऐसे 10-10 लाभुकों की सूची कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा सके।

## सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का दूसरा चरण प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंचासीन पदाधिकारी

**गढ़वा।** जिले के बेलचंपा स्थित एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण के दूसरे चरण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा और एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट संतोष यादव ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथियों ने शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की और परेड की सलामी ली। यह प्रशिक्षण भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सिविल डिफेंस विभाग और एसआईएस लिमिटेड के बीच हुए समझौते के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना और आम नागरिकों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। इस पहल के तहत देश के 244 जिलों में एसआईएस के अधिकारियों, सुपरवाइजरों, ट्रेनरों और जवानों को सिविल डिफेंस की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है।

एसआईएस के ग्रुप कमांडर रमेश कुमार जायसवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन, बिहटा, पटना द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि आपदा के समय सभी संबंधित पक्ष मिलकर कार्य करें और लोगों को जागरूक करें, जिससे जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा के समय आवश्यक कौशल जैसे एयर स्ट्राइक, बम अटैक, केमिकल और न्यूक्लियर अटैक, फायर फाइटिंग, फर्स्ट एड, हाई राइजिंग बिल्डिंग रेस्क्यू और यूएक्सबी के दौरान बचाव आदि विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि युद्ध या आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित कर्मी प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें और जान-माल की रक्षा सुनिश्चित कर सकें। मौके पर एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर सूरज कुमार, सब इंस्पेक्टर विकास कार्तिक, असिस्टेंट कमांडेंट सुनील प्रसाद, कपिल शर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### लाभुक को अब तक नहीं मिला आवास योजना का लाभ, बेघर होने की आशंका

**रमना।** केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न आवास योजनाओं का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब या मजदूर परिवार बेघर न रहे। इसके बावजूद सिलीदाग पंचायत के कई जरूरतमंद परिवार अब भी पक्के आवास से वंचित हैं। इन्हीं में से एक हैं पप्पू चंद्रवंशी, जिनका मिट्टी का जर्जर मकान आधा गिर चुका है। इस वर्ष समय से पहले ही बारिश शुरू हो गई है, जिससे उनके पूरे घर के ध्वस्त हो जाने का खतरा मंडरा रहा है। पप्पू चंद्रवंशी और उनकी पत्नी ने बताया कि उनका नाम अबुआ आवास योजना में चयनित लाभुकों में है। पंचायत सेवक और मुखिया द्वारा बताया गया था कि खाते में पैसे आएंगे, लेकिन अभी तक उन्हें एक भी किस्त नहीं मिली। कई अन्य लाभुकों को भुगतान हो चुका है, लेकिन वे अब भी इंतजार कर रहे हैं। मजबूरी में वे लोग प्लास्टिक की झोपड़ी में रह रहे हैं और रोजमर्रा की सामग्री पुराने जर्जर मकान में ही रखने को मजबूर हैं। इस संबंध में मुखिया अनीता देवी ने बताया कि पंचायत में कुल 134 लाभुकों का चयन हुआ था, जिनमें 73 को ही अब तक भुगतान मिला है, जबकि 61 लाभुक अब भी पैसे के इंतजार में हैं।

### जमीन और पैसे के विवाद में चाची पर भतीजे ने टांगी से किया हमला

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत कांडी थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जब एक युवक ने अपनी सगी चाची पर टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला की पहचान बहेरा निवासी कर्मेंद्र राम की पत्नी 40 वर्षीय चांदनी देवी के रूप में हुई है। उन्हें परिजनों द्वारा गंभीर अवस्था में मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के पीछे की वजह चांदनी देवी ने कॉलोनी के डेढ़ लाख रुपये को बताया। उन्होंने बताया कि यह राशि उनके ससुर ठेगु राम के नाम पर आई थी, जिसमें से उन्होंने आधे पैसे की मांग की थी। इसी बात को ससुर ने अपने दूसरे बेटे लालेंद्र राम के पुत्र चंदन कुमार को बताया। इससे नाराज होकर चंदन टांगी लेकर आया और चांदनी देवी के माथे पर वार कर दिया। चांदनी देवी ने यह भी आरोप लगाया कि उनके ससुर और भसुर पिछले 10 वर्षों से उनके हिस्से की जमीन पर जबरन खेती कर रहे हैं और उनकी उपेक्षा करते आ रहे हैं। फिलहाल घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है, और मामले की जांच की जा रही है।

### अलग-अलग घटनाओं में महिला व बालक घायल

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को घायलावस्था में स्वजनों द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक डॉ एसके सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। पहली घटना भवनाथपुर बस्ती निवासी चंद्रावती देवी (पति सूरज प्रजापति) के साथ घटी। बताया गया कि सूरज ने पत्नी और दो बच्चों को बाजार में छोड़कर ढेकुलिया स्थित नए मकान जा रहे थे, इसी बीच एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में चंद्रावती देवी को सिर में गंभीर चोट आई है। दूसरी घटना कैलान मंगरदह टोला में हुई, जहां 12 वर्षीय रंजन भुइंया (पिता सकेंद्र भुइंया) जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है। पुलिस बोलेरो वाहन की तलाश में जुट गई है।

# ढाई माह से खराब पड़ा जलमीनार, जलसंकट से जूझ रहे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते ग्रामीण

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 स्थित भंडारी टोला में संदीप चंद्रवंशी के घर के समीप सोलर चालित जलमीनार बीते ढाई महीने से खराब पड़ा है। इस जलमीनार से जुड़े करीब दस घरों में पानी की गंभीर किल्लत उत्पन्न हो गई है। तपती गर्मी में लोग पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को नगर पंचायत द्वारा जलमीनार के स्टार्टर को मरम्मत के लिए खोलकर ले जाया गया था और 15 दिन में ठीक कर लगाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन डेढ़ माह गुजरने के बाद भी न तो स्टार्टर लगा और न ही जल आपूर्ति बहाल हो सकी। स्थानीय निवासी सुदामा चंद्रवंशी, अनीता देवी, संदीप चंद्रवंशी, महेंद्र साव, संजू देवी सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि जलमीनार की खराबी ने क्षेत्रवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। लोगों का यह भी आरोप है कि संवेदक ने 500 फीट की डीप बोरिंग के नाम पर केवल 100 फीट पाइप डाला है, जिससे पानी की सप्लाई बीच-बीच में बंद हो जाती है। लोगों ने बताया कि 30 अप्रैल को मोहल्ले में शादी समारोह के लिए जल आपूर्ति की तत्काल जरूरत थी, लेकिन प्रशासन ने अनुरोध के बावजूद कोई पहल नहीं की।

अब सभी नगर पंचायत से मांग कर रहे हैं कि जलमीनार की तत्काल मरम्मत कर पानी की आपूर्ति बहाल की जाए और बोरिंग की गहराई बढ़ाई जाए। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि संबंधित संवेदक को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक या दो दिनों में जलमीनार को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

खबर मन्त्र
रांची. मंगलवार. 10 जून 2025



# शुभ संकेत

केंद्र शासित प्रदेश कश्मीर में बड़ी रेल परियोजनाओं के उद्घाटन से पाकिस्तान को सख्त संदेश देने की कोशिश की गई है कि जम्मू-कश्मीर की प्रगति को उसकी तमाम साजिशों के बावजूद धीमा नहीं पड़ने दिया जाएगा। इसके विपरीत पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा शांति भंग करने के तमाम षड्यंत्रों के बावजूद विकास में तेजी लाने के भरसक प्रयास जारी रहेंगे। कश्मीरियों से संवाद कायम करते हुए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर पर्यटकों को निशाना बनाने और पर्यटन पर निर्भर लोगों को उनकी आजीविका से वंचित करने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे सीधे-सीधे इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला बताया। निस्संदेह, कश्मीर घाटी को भारत के बाकी रेल नेटवर्क से जोड़ने का सामरिक व प्रतीकात्मक महत्व किसी से छिपा नहीं है। यह सरकार के इस दृष्टिकोण की पुष्टि है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न व अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। प्रधानमंत्री ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक को जम्मू कश्मीर की नई पहचान और भारत की नई ताकत बताया है। इस प्रकार उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि पहलगाम के जघन्य हत्याकांड के बाद केंद्र शासित प्रदेश और देश, दोनों ही मजबूत हुए हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की स्पष्ट अभिव्यक्ति न केवल स्थानीय लोगों बल्कि शेष देश से आने वाले पर्यटकों का विश्वास फिर से हासिल करने का सार्थक प्रयास है। इसी तरह के प्रयास राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से भी किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार भी इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभा रही है और राज्य सरकार को हर संभव सहयोग दे रही है।दरअसल, केंद्र सरकार भी लगातार इस दिशा में सक्रिय है कि जम्मू-कश्मीर की कानून व्यवस्था पटरी पर आ चुकी है। यह देश के लिये एक शुभ संकेत है जो मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्राप्त हो रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी के सेवा, सुशासन और समर्पण के 11 साल



साल 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब देश एक निर्णायक नेतृत्व की तलाश में था। आर्थिक अनिश्चितता, नीतिगत पंगुता और भ्रष्टाचार के मामलों ने जनता को निराश कर दिया था। ऐसे समय में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय मंच पर एक उम्मीद की किरण बनकर उभरे। एक चाय बेचने वाले से लेकर देश के शीर्ष नेतृत्व तक का उनका सफर न केवल प्रेरणादायक रहा है, बल्कि यह उस विश्वास और प्रतिबद्धता की कहानी है जो उन्होंने देश की जनता के साथ साझा की। पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। चाहे वह आधारभूत ढांचा हो, आर्थिक विकास, गरीब कल्याण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, युवाओं का सशक्तिकरण या फिर वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है- भ्रष्टाचार से मुक्त शासन। इतने लंबे समय तक शीर्ष पद पर रहने के बावजूद मोदी पर व्यक्तिगत स्तर पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा, जो भारतीय राजनीति में एक दुर्लभ उपलब्धि है। उनके नेतृत्व में सरकार ने "न खाऊंगा, न खाने दूंगा" के सिद्धांत पर चलते हुए प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यक्षमता को प्राथमिकता दी। एक और उल्लेखनीय पहल यह रही कि मोदी सरकार ने राजनीतिक स्थिरता के साथ निर्णायक शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। तीन बार लगातार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर नरेन्द्र मोदी ने यह साबित किया कि यदि नेतृत्व जनविश्वास अर्जित कर सके तो लोकतंत्र में लंबी स्थिरता संभव है।

गरीबों का सशक्तिकरण और जनकल्याण योजनाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई): गरीबों को पक्के मकान देने के वादे को जमीन पर उतारते हुए सरकार ने अब तक 4 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण किया है। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देती है, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बल मिला।

उज्ज्वला योजनाः आठ करोड़ से अधिक बीपीएल परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन देकर सरकार ने न केवल महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाया, बल्कि स्वच्छ ईंधन के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया।

जल जीवन मिशनः हर घर जल अभियान के तहत 14 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल की सुविधा पहुंचाई गई। इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं को राहत मिली, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार भी हुआ।

स्वच्छ भारत मिशनः साल 2014 में खुले में शौच मुक्त भारत का सपना देखते हुए शुरू किए गए इस मिशन के तहत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ। यह न केवल स्वच्छता की दिशा में क्रांति साबित हुई, बल्कि सामाजिक गरिमा का प्रतीक भी बनी।



**- सुनील तिवारी**

> राजमार्ग निमार्ण : 2014 के बाद से अब तक 90,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ।रेलवे आधुनिकीकरण : 100 से अधिक रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया गया, बुलेट ट्रेन परियोजना पर कार्य चल रहा है, और वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों की शुरूआत हुई है।एयरपोर्ट निमार्ण : यूडीएएन योजना के तहत छोटे शहरों को हवाई संपर्क से जोड़ा गया।

डिजिटल इंडिया और टेक्नोलॉजिकल क्रांतिः डिजिटल इंडिया केवल एक अभियान नहीं रहा, यह देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन में क्रांतिकारी बदलाव का आधार बना।

यूपीआई क्रांतिः मार्च 2025 में अकेले 1,830 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए जिनका मूल्य 24.77 लाख करोड़ रुपये रहा। यह विश्व स्तर पर भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी): अब तक 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण हुआ।

दूरसंचार विस्तारः देश के हर कोने में 4जी और अब 5जी नेटवर्क की पहुंच, ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से जोड़ने में सफल रही है।

बुनियादी ढांचे में क्रांतिः प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा फोकस रहा है-विश्व स्तरीय आधारभूत ढांचे का निर्माण।

राजमार्ग निमार्णः 2014 के बाद से अब तक 90,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ।

रेलवे आधुनिकीकरणः 100 से अधिक रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया गया, बुलेट ट्रेन परियोजना पर कार्य चल रहा है, और वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों की शुरूआत हुई है।

एयरपोर्ट निमार्णः यूडीएएन योजना के तहत छोटे शहरों को हवाई संपर्क से जोड़ा गया। अब देश में 150 से अधिक एयरपोर्ट्स कार्यरत हैं।

इंफ्रास्ट्रक्चर स्केलः 2014 की तुलना में आधारभूत परियोजनाओं के लिए आवंटित बजट में पांच गुना से अधिक की वृद्धि की गई है।

आत्मनिर्भर भारत और आर्थिक विकास

कोरोना महामारी के दौरान घोषित "आत्मनिर्भर भारत अभियान" केवल एक नारा नहीं था, बल्कि एक व्यापक दृष्टिकोण था जिसमें उत्पादन, नवाचार, निर्यात और रोजगार सभी शामिल थे।

मेक इन इंडियाः देश अब रक्षा, मोबाइल, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल, और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।

विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः साल 2014 में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, आज वह चौथे पायदान पर है, और जल्द ही तीसरे स्थान पर आने की संभावना है।

स्टार्टअप इंडियाः आज भारत में एक लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। यह नवाचार और उद्यमिता का नया युग है।

कृषि और ग्रामीण विकास

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान): 12 करोड़ से अधिक किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को दी जा चुकी है।

फसल बीमा योजनाः इस योजना ने किसानों की आय को सुरक्षित किया है। करोड़ों किसानों को बीमा दावों के तहत हजारों करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

ई-नामः कृषि उपज का डिजिटल व्यापार, किसानों को पारदर्शी कीमतें और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का एक बड़ा माध्यम बना है।

युवा शक्ति और शिक्षाः भारत की 65 फीसद आबादी 35 वर्ष से कम है। इस युवा शक्ति को उत्पादक बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है।

स्किल इंडिया : 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

स्टार्टअप और स्टैंडअप इंडियाः युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन हुआ।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: यह नीति भारत की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों पर ले जाने का प्रयास है, जिसमें व्यावहारिकता, नवाचार और मातृभाषा में शिक्षा को महत्व दिया गया है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## X ट्वीट

**बीते** 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। उज्ज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**जनजातीय** अस्मिता और मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि! **- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# बिरसा मुंडा जी के शोषण मुक्त समाज की कल्पना



**शिवाजी**

सामयिक

**बिरसा** मुंडा जी के शोषण मुक्त समाज की कल्पना आज भी संघर्ष की राह पर है हम चाह कर भी जनता को उनके मौलिक अधिकार का सुख नहीं दे पाए । आज भी जीवन जीने के न्यूनतम आवश्यकताओं के लिए जन समुदाय संघर्ष कर रहा है। इस चिंता को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के दृष्टिकोण से अगर देखा जाए तो समाज में आर्थिक समानता का ना होना और एक दूसरे के शोषण करने की प्रवृत्ति का हावी होना भी एक महत्वपूर्ण कारक नजर आता है झारखंड के सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य में बिरसा मुंडा का शोषण-मुक्त समाज की स्थापना ग्राहक पंचायत की दृष्टि से भी झारखंड की एक आवश्यकता है ।

यह कहना गलत नहीं होगा कि

उलगुलान केवल विद्रोह नहीं था, वह एक सामाजिक चेतना थी – शोषण, अन्याय और असमानता के विरुद्ध एक संवेदनशील जन आंदोलन था।

बिरसा मुंडा ने जिस शोषण-मुक्त समाज की कल्पना की थी, वह आज के उपभोक्तावादी समाज में भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी 19 वीं सदी में थी। उनका संघर्ष केवल जमींदारी और अंग्रेजी शासन के खिलाफ नहीं था, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में न्याय, समानता और स्वावलंबन की स्थापना के लिए था।

देखा जाये तो ग्राहक पंचायत का मूलभूत दर्शन और भगवान बिरसा मुंडा की सोच की दिशा और दृष्टिकोण बिल्कुल एक है।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का मूल मंत्र ग्राहकः एव राजा है और बिरसा मुंडा की सामाजिक चेतना दोनों ही जनसत्ता, अधिकार और जागरूकता के स्तंभों पर आधारित हैं।बिरसा मुंडा ने जीवन के हर स्तर पर शोषण के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। आज झारखंड में ग्राहक भी एक ऐसे ही शोषण तंत्र से जूझ रहा है – चाहे वह महंगे दामों पर मिलावटी सामान हो या मुनाफाखोरी, घटिया सेवा, नकली उत्पाद, या डिजिटल धोखाधड़ी।

झारखंड के उपभोक्ताओं की आज की स्थिति चिंताजनक है।ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की भारी कमी है। उपभोक्ता अधिकारों के बारे में जानकारी का अभाव है। मूलभूत आवश्यकताओं में मिलावट, जैसे राशन, दूध, दवा, खाद-बीज आदि में व्यापक शोषण देखने को मिलता है।आदिवासी समुदाय, जो बिरसा मुंडा की विरासत को आगे बढ़ाते हैं, सबसे अधिक प्रभावित होते हैं ।उनके संसाधनों का दोहन, बाजार में ठगी और जानकारी का अभाव उनके आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी शोषण को गहरा करता है।

अब यह प्रश्न उठ सकता है की बिरसा मुंडा के विचारों को ग्राहक पंचायत कैसे आगे बढ़ा सकती है ? इसके लिए न्यायसंगत बाजार व्यवस्था की स्थापना करनी होगी क्योंकि बिरसा मुंडा ₹समानता₹ के पक्षधर थे। ग्राहक पंचायत भी मुनाफाखोरी और भेदभावपूर्ण मूल्य निर्धारण के खिलाफ कार्य कर रही है। हर वर्ग को गुणवत्तायुक्त, सही दाम पर वस्तुएं मिलें, यही उसका लक्ष्य है।

स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना भी आवश्यक है । बिरसा ने स्वदेशी जीवनशैली और प्रकृति के अनुरूप जीवन को महत्व दिया। ग्राहक पंचायत स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक ज्ञान और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य कर सकती है।

शिक्षा और जागरूकता अभियान जारी रखना होगा।बिरसा ने समाज को जगाया था। ग्राहक पंचायत भी झारखंड में उपभोक्ता शिक्षा को मिशन के रूप में ले रही हैं , विद्यालयों, पंचायतों, बाजारों और आदिवासी क्षेत्रों में जन-जागरूकता फैलाकर।

शोषण के विरुद्ध संगठनात्मक शक्ति को एकजुट होना होगा।बिरसा मुंडा ने जनसंगठन खड़ा किया था। ग्राहक पंचायत भी ग्राहकों का ऐसा संगठित मंच है जो प्रशासन, उत्पादक और व्यापारियों के समक्ष उपभोक्ताओं के अधिकारों की आवाज बुलंद करता है।

नव झारखंड की ओर अग्रसर होना है तो बिरसा मुंडा की प्रेरणा से ग्राहक पंचायत की दिशा को अंगीकार करना ही होगा।

आज झारखंड को एक ऐसे जन आंदोलन की आवश्यकता है जो शोषण के आधुनिक रूपों उपभोक्ता ठगी, डिजिटल धोखाधड़ी, अनियंत्रित मूल्य वृद्धि, मिलावट और कॉर्पोरेट वर्चस्व के विरुद्ध संगठित हो।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इस भूमिका को निभाने में सक्षम है,


क्योंकि वह न केवल एक संस्था है बल्कि जनजागरण पर आधारित सामाजिक आंदोलन है । यह एक ऐसा उलगुलान है, जो ग्राहकों को राजा बना सकता है , और बाजार को सेवा का माध्यम !

# जेपीएससी का इंटरव्यू आज से जानें महत्वपूर्ण सवाल क्या होंगे?



**रानी राज**

सामयिक





जेपीएससी साक्षात्कार के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

प्रस्तुत प्रश्नों की श्रृंखला धुमकुड़िया संस्थान के जेपीएससी विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है।

1. 5 कारण बताइये की आपको क्यों चुना जाये ?
2. आप अगर इस परीक्षा में असफल होंगे तो क्या करेंगे ?
3. झारखंड में विपक्ष की भूमिका क्या है ?
4. झारखंड के इतिहास में बिरसा मुंडा की क्या भूमिका थी?
5. छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम के महत्व को समझाइए।
6. क्या झारखंड के भूमि कानून विकास में बाधक है ?
7. झारखंड में करमा त्योहार का क्या महत्व है?
8. झारखंड के लिए छऊ का क्या महत्व है?
9. झारखंड के आदिवासी समुदायों पर ब्रिटिश शासन के प्रभाव क्या है?
10. झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख ऐतिहासिक घटनाएँ क्या हैं?
11. क्या जनजातियों के लिए ब्रिटिश कानून अच्छे थे जो सीएनटी /सीपीटी आज तक लागू है ?
12. झारखंड की किस भाषा को राज्य की प्रमुख भाषा बनाना चहिय और क्यों ?
13. झारखंड बंनने में 100 वर्ष क्यों लगे ?
14. झारखंड आंदोलन के किसी एक नेता के बारे बताइये।
15. झारखंड में औद्योगीकरण के क्या फायदे और नुकसान हैं?
16. आप झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच कैसे सुधारेंगे?
17. झारखंड में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर आपकी क्या राय है?
18. यदि आपको झारखंड के युवाओं के लिए कोई नीति बनानी हो तो आप किस पर ध्यान केन्द्रित करेंगे?
19. आप उच्च में तनाव और दबाव को कैसे संभालते हैं?
20. आप झारखंड की सेवा क्यों करना चाहते हैं , क्अर /क्ढर बन कर देश की सेवा क्यों नहीं करना चाहते है ?
21. झारखंड में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हाल की योजनाओं का क्या प्रभाव है?
22. मैया सम्मान योजना क्या राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए सही है ?
23. झारखंड में खडल्अफ योजना क्या है और इसका प्रभाव क्या रहा है?
24. जोहार का क्या अर्थ है ?
25. हाल की कोई अंतरराष्ट्रीय घटना जो भारत पर असर डाल रही है?
26. अक या डिजिटल इंडिया पर आपकी राय?

(वित्त अधिकारी बिहार सरकार निवास लातेहार झारखंड)

**झारखंड के गांव की जिंदगी को दर्शाती एक बेहतरीन पेंटिंग जिसमें गांव की सहजता को दर्शाया गया है। साभार अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



# हजारीबाग डिटेंशन सेंटर से विदेशी घुसपैठियों की फरारी!

## कहीं ये 'भगोड़ा मिशन' किसी साजिश की कड़ी तो नहीं?

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जब देश के भीतर बनाए गए सुरक्षा घेरे ही छलनी हो जाएं, तो घुसपैठियों को रोकने की उम्मीद भी बेमानी लगने लगती है। हजारीबाग डिटेंशन सेंटर से तीन बांग्लादेशी नागरिकों का रहस्यमयी फरार होना न सिर्फ प्रशासनिक निकम्मेपन की पोल खोलता है, बल्कि ये सवाल भी उठाता है कि क्या यह कोई संगठित साजिश है, जो भारत की आंतरिक सुरक्षा को हिला देने की ताकत रखती है? फरार हुए तीनों बांग्लादेशी, रीना खान उर्फ फिना देवी, अख्तर खुशी और नजमुल, पहले बिना पासपोर्ट भारत में दाखिल हुए थे।

अदालत ने इन्हें सजा सुनाई, जो इन्होंने पूरी कर ली। इसके बाद इन्हें एक विदेशी नागरिक के नाते हजारीबाग डिटेंशन सेंटर में रखा गया, ताकि इन्हें देश से वापस भेजा जा सके। लेकिन इसी सेंटर से ये तीनों शुक्रवार रात या शनिवार सुबह के बीच फरार हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि इस फरारी की जानकारी को प्रशासन ने दबाने की कोशिश की, जिससे शक और गहरा हो गया।

आखिर ऐसा क्या था, जिसे छिपाना जरूरी समझा गया? जब मामला लीक हुआ, तब जाकर पुलिस हरकत में आई और हजारीबाग के कई इलाकों में छापेमारी शुरू की गई। इन विदेशी फरारियों की तस्वीरें सभी थानों को भेजी गईं हैं, और आला अफसरों ने डिटेंशन सेंटर का निरीक्षण भी किया। हजारीबाग डीसी शशि प्रकाश सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर जांच के आदेश दिए। ज्ञात हो कि हजारीबाग जेपी कारा के डिटेंशन सेंटर से सजा काट चुके दो विदेशी पहले भी सुरक्षा घेरा तोड़कर भाग चुके हैं। 8 मार्च 2021 की रात को ऐसी घटना हुई थी।दोनों विदेशी नागरिक सेंटर की खिड़की का रॉड तोड़कर भाग निकले थे। भागने वाले विदेशी नागरिकों के नाम मोहम्मद जावेद उर्फ नूर और मोहम्मद जाहिद हुसैन थे। वे दोनों भी बांग्लादेशी थे। ये सिर्फ एक मामूली फरारी नहीं हो सकती। सवाल उठता है कि क्या किसी ने अंदर से मदद की? क्या झारखंड डिटेंशन सिस्टम पूरी तरह से फेल हो गया है? और सबसे बड़ा सवाल की जब पकड़े गए विदेशी अपराधी भी इतनी आसानी से भाग सकते हैं, तो देश के दुश्मन बाहर क्या कर रहे होंगे? अब यह सिर्फ तलाश नहीं, एक साजिश का पदार्फाश होना चाहिए।



डिटेंशन सेंटर पहुंचे उपायुक्त

**क्या कहते है एसपी :** इधर इस मामले पर एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि इस मामले को लेकर अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षकों को तस्वीर जारी कर दी गयी है। साथ ही डिटेंशन सेंटर में जो सुरक्षा कर्मियों ने लापरवाही बरती है उनपर कार्रवाई की जाएगी। इनपुट्स के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# मंडा में हमारे पूर्वजों की धरोहर : विधायक

छऊ नृत्य ने बांधा समा, मेला में उमड़ा जनसैलाब



फीता काटकर मंडा मेला का उद्घाटन करते विधायक रोशन लाल चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के ग्राम मतकमा बस्ती में श्रीश्री शिव मंडा पूजा समिति द्वारा आयोजित मंडा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंडा पुजा में भोगता और सोकताईनो ने दहकते अंगारो पर चलकर और बनस झुला पर झुलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व योगेश दांगी ने मेले सह छऊ नृत्य कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने ग्रामीण संस्कृति, परंपरा और लोक कला के संरक्षण के प्रति समिति की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है, इसे संजोए रखना हमसबों का दायित्व है। रंग-बिरंगे पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूजा के साथ-साथ मेले में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। पूरे आयोजन में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में ऐसी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएं आज भी लोगों के दिलों में जीवंत हैं। आयोजन के सफल संचालन और शांतिपूर्ण वातावरण में समापन पर सभी उपस्थित अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने समिति के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# मंडा में झलकती झारखंड की सभ्यता व संस्कृति : रोशन

## कुरसे में धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मना मंडा पूजा, छऊ नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र



### शिव भक्तो ने दहकते अंगारो पर चलकर आस्था व शिवभक्ति का दिया परिचय, मेला उमड़ी भीड़



दहकते अंगारों पर चलकर अपनी आस्था का परिचय देते शिवभक्त, छऊ नृत्य देखने के लिए उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री मंडा पूजा समिति कुरसे के तत्वावधान में कुरसे गांव में सोमवार को भव्य मंडा पूजा का आयोजन किया गया। मंडा पुजा में भोगता और सोकताईनो ने दहकते अंगारो पर चलकर और बनस झुला पर झुलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया।

मंडा पूजा में दर्जनों गांव के भोगता और सोकताईनो ने निर्जला उपवास कर भगवान शिव की उपासना किया। पूजा को लेकर आयोजित मंडा मेला का उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मेला हमें अपने पूर्वजों की याद ताजा कराती है।

मेला झारखंडी संस्कृति की धरोहर भी है। उन्होंने कहा कि मंडा मेला में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है, इसे संजोए रखना हमसबों का दायित्व है। श्रीश्री मंडा पूजा आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 25 मई (रविवार) को मंडा जागरण से हुई।

इसके बाद 3 जून (मंगलवार) को शिव-पार्वती विवाह का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया गया। 7 जून (शनिवार) से लोटन सेवा की शुरूआत शाम साढ़े छह बजे से हुई, जो 8 जून (रविवार) को भी जारी रहा। इसी दिन रात्रि साढ़े नौ बजे से छऊ नृत्य सह मेला का शुभारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटें।

9 जून (सोमवार) को सुबह 5 बजे फुलखुंदी और फिर साढ़े सात बजे बनस गुथाई एवं बनस झुलाई जैसे पारंपरिक अनुष्ठान आयोजित किए गये। मंडा पूजा की मुख्य विधि 10 जून (मंगलवार) को दोपहर 2 बजे लावा पूजा के रूप में संपन्न होगी। इसके उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन किया जायेगा।

मेला में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रो से आये ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी करते हुए एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनो का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रामदास बेदिया, सचिव वीरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष जयदेव सिंह, संरक्षकगण फुलेश्वर तुरी, राणा प्रताप सिंह, राजेश्वर सिंह कपूर व अनिल सोनी सहित महेश सिंह, जयलाल सिंह, जयनाथ मुंडा, धनेश्वर यादव, संतोष यादव, पंकज सिंह, सनी सिंह, राजेंद्र तुरी, मनोहर करमाली, दिनेश सिंह, विजय मुंडा, पवन मुंडा, सचिन प्रसाद, संजय यादव, गिरधारी गोप, परमवीर सिंह, कृष्ण करमाली, रामजतन यादव, दीपक सिंह, अरुण सिंह, श्यामवीर सिंह, विनोद करमाली, मोती बेदिया, सुधीर प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

# अखंड कीर्तन व नारायण भोज का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित जागृति परिसर में रविवार को आध्यात्मिक वातावरण में बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने पूरे दिन कीर्तन में भाग लिया। कीर्तन के समापन के उपरांत नारायण भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद रामगढ़ जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुक्ति प्रधान सुनील अग्रवाल, जीएसटी प्रधान भोला प्रसाद चौधरी, सेवा दल प्रधान कृष्ण शर्मा, सचिव लक्ष्मण प्रजापति सहित अनेक श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



बैठक में मौजूद

**रमगढ़।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में सिद्धू कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सरकार द्वारा आबंटित राशि का संघ से पारित किए जाने, कार्यशील पूंजी, हिस्सा पूंजी, कृषि एवं वनोपज से संबंधित उत्पाद की इकाई अधिष्ठापन समेत कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में सहकारी समितियों, क्षेत्रीय कार्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और कंप्यूटरीकरण के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया।

# भुरकुंडा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी, आदिवासी अस्मिता के प्रतीक, समाज सुधारक एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भुरकुंडा स्थित बिरसा चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन एवं उनके संघर्षों को याद कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक श्री चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने न केवल आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया, बल्कि अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध भी मजबूत जनांदोलन खड़ा किया।



भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

# सीसीएल तोपा परियोजना के कोयला स्टॉक में लगी आग



आगलगी क्षेत्र से कोयला को हटाले में लगे मशीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना में कोयला स्टॉक में सोमवार को अचानक आग लग गया। जिससे आस-पास निवास करने वाले लोगों के बीच हड़कंप मच गया। कोयला स्टॉक में आग लगने की सूचना पर प्रबंधन द्वारा सीसीएल के अग्निशमन वाहन से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हुआ। इधर प्रबंधन द्वारा कोयला स्टॉक में बचे हुए कोयला को हॉलपैक व हाइवा के माध्यम से हटाकर सीसीएल को नुकसान से बचाने का प्रयास जारी है। इधर बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से कोयला स्टॉक से धुंआ निकल रहा था। लेकिन आज दोपहर में अचानक कोयला स्टॉक से आग की लपटे निकलने लगी। आग की लपटो के साथ धुआं भी निकल रहा है। फैल गया है. आग लगने से वहां के लोग काफी डरे सहमे हैं। मामले को लेकर तोपा मैनेजर अनुभव गौरव ने बताया कि आग लगने के बाद बुझाने का सभी प्रयास जारी है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जायेगा। मामले को लेकर वरीय अधिकारियों का कहना है कि उक्त कोयला स्टॉक से कई माह से कोयला डिस्पैच हो नहीं रहा था। जिसके कारण स्टॉक में गैस बनने के बाद अचानक आग की लपटे निकलने लगा।

# बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर कटकमसांडी ग्रामीणों में आक्रोश हुए गोलबंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर कटकमसांडी के लोग परेशान हैं बिजली विभाग की कुव्यवस्था और लगातार बिजली कटौती की समस्या को लेकर जनता त्राहिमाम है ।इन्हीं समस्या को लेकर आज कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा के नेतृत्व में कटकमसांडी प्रखंड के ग्रामीणों ने कटकमसांडी पावर सब स्टेशन में धरना देने का अल्टीमेटम दिया।

किशोरी राणा अल्टीमेटम के माध्यम से कहा कि अपने जिला हजारीबाग से जो बिजली चतरा जिला के 3 से 4 प्रखंड में जैसे सिमरिया, पत्थलगड्डा , गिद्धौर मिला कर के सैकड़ों गांव में जो विद्युत आपूर्ति की जाती है और अपना जिला के अपने ही प्रखंड में विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है जिसे सरासर विभाग का दोहरी नीति को दशार्ता है। धरना के माध्यम से विभाग को यह भी आगाह किया गया है कि कटकमसांडी में चोरकारी फीटर से कटकमसांडी प्रखंड में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू किया जाए ताकि इस भीष्ण गर्मी में ग्रामीणों को निजात मिल सके ।यह शिकायत आज से पूर्व ग्रामीणों ने हजारीबाग सांसद से शिकायत किया था शिकायत मिलते ही त्वरित संज्ञान में लेते हुए सांसद मनीष जयसवाल बिजली विभाग के अधिकारी से टेलिफोनिक बात करते हुए बिजली आपूर्ति बाधित न हो इस विषय पे विशेष जोर दिया था उन्होंने ओर भी कहा कि वर्तमान में हजारीबाग फिटर से चतरा के तीन प्रखंडों के लगभग सैकड़ों गांव में बिजली बहाल होती है जिसके कारण कटकमसांडी के दर्जनों गांव में बिजली आपूर्ति में बाधित होती है उन्होंने और भी कहा कि चोरकारी फीडर से कटकमसांडी में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से देने का मांग किए थे ।उन्होंने विभाग को कहा था कि विभाग गंभीर नहीं है अगर स्थिति नहीं सुधरी तो आंदोलन करने का मजबूर होंगे। मौके पर कटकमसांडी पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता रामचरित्र पांडे, किशोर साव, संतोष राणा,विकाश राणा,अरुण वर्मा, चंदन पांडे,आशीष सिंह, राकेश ठाकुर, शेर सिंह राणा, एवं दर्जनों लोग मौजूद थे।



मौके पर उपस्थित लोग

# धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा निवासी विश्वरंजन सिन्हा ने भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत जवाहर नगर निवासी श्याम सुंदर करामली के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में भुरकुंडा ओपी प्रभारी को आवेदन सौंपा है। अपने आवेदन में श्री सिन्हा ने बताया है कि श्याम सुंदर करमाली नामक व्यक्ति जो कि ह्यश्याम सुंदर आदिवासीह्ण के नाम से फेसबुक आईडी चलाता है, लगातार सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म और धार्मिक प्रतीकों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि उक्त व्यक्ति द्वारा भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और अन्य पूज्य धार्मिक पात्रों के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं जिससे समाज में धार्मिक उन्माद और आक्रोश फैल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि श्याम सुंदर करमाली की ये गतिविधियां न सिर्फ हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी बिगाड़ने की दिशा में एक साजिश प्रतीत होती है।

## एक नजर में

### ट्रैक्टर पलटने से चालक घायल, हजारीबाग रेफर

**बरही।** बरही के पड़रिया गांव में खेत जुताई के दौरान एक ट्रैक्टर पलट गया जिससे चालक अर्जुन राणा (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह खेत से ट्रैक्टर बाहर निकालने की कोशिश कर रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर पलट गया। आसपास के लोगों ने घायल अर्जुन को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख उसे हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अर्जुन राणा पड़रिया गांव निवासी हैं और पेशे से ट्रैक्टर चालक हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने खेत में ट्रैक्टर की स्थिति को देखकर अधिकारियों से सड़क और कृषि कार्य के दौरान सुरक्षा उपायों की मांग की। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई है। फिलहाल चालक की स्थिति गंभीर बनी हुई है और सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

### महेशरा पावर स्ट्राइकर ने जीता नाइट टूर्नामेंट

**दारू।** प्रखंड के महेशरा गांव में आयोजित रात्रिकालीन नॉकआउट क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला महेशरा पावर स्ट्राइकर ने ओरिया 11 को 10 विकेट से हराकर जीता। टूनार्मेंट में 48 टीमों ने भाग लिया था और फाइनल मैच का शुभारंभ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने खुद बल्लेबाजी कर किया। ओरिया 11 ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 82 रन बनाए। जवाब में महेशरा पावर स्ट्राइकर की ओर से धीरज कुमार और मो. वाशिक ने बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। धीरज को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। विजेता टीम को 31,000 रुपये नकद और शील्ड, उपविजेता को 21,000 रुपये व शील्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष विकास यादव, सचिव कुमार रितिक मिश्रा समेत कई आयोजकों का योगदान सराहनीय रहा।

### सलगांवा में कृषक कार्यशाला, जैविक खेती पर जोर

**कटकमदाग।** प्रखंड के सलगांवा गांव में 'विकसित कृषि संकल्प यात्रा' के तहत कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी कृषि पदाधिकारी घनश्याम महतो ने कार्यक्रम की शुरूआत की और किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा ने संचालन किया। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने जैविक खेती, फसलों की उत्पादन तकनीक और रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग पर जानकारी दी। वहीं डॉ. शिल्पी केरकेट्टा ने पशुपालन–गाय, बकरी, मुर्गी, सुअर–से संबंधित बीमारियों, लक्षणों व इलाज की विस्तार से जानकारी दी। किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, कीट नियंत्रण, पशु टीकाकरण और फसल विविधीकरण जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया रेडियो प्रतिनिधि संतोष दास, पंचायत प्रतिनिधि गंगा साहू, उप मुखिया अवधेश प्रसाद सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना रहा।

### कांग्रेस कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय, कृष्ण बल्लभ आश्रम में भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिला उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध 19वीं सदी के अंत में आदिवासी जागृति का नेतृत्व किया। 25 वर्ष की आयु में शहीद होने वाले बिरसा मुंडा को आदिवासी समुदाय भगवान मानते हैं। इस मौके पर मनोज नारायण भगत, निसार खान, अजय गुप्ता, गुड्डू सिंह, जावेद इकबाल, विजय सिंह, बाबर अंसारी, दिलीप रवि, मिथिलेश दुबे सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय क्रांति का प्रतीक बताया गया।

### बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गयी

**बड़कागांव।** प्रखंड के बी.एम. मेमोरियल स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विद्यालय के निर्देशक संदीप कुशवाहा ने बिरसा मुंडा को जल, जंगल और जमीन के रक्षक बताते हुए उनके बलिदान को भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय कहा। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन साहस, संघर्ष और आत्मबलिदान की मिसाल है, जिन्होंने आदिवासी समाज की अस्मिता के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम में उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार, उप प्राचार्या पूनम कुमारी, शिक्षकों व छात्रों ने भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आदिवासी इतिहास और संस्कृति से अवगत कराया गया।

### कव्वाली कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में

**बरही।** बरही के कोनरा दरगाह मोहल्ला स्थित मजार शरीफ में 10 जून को उर्स के मौके पर कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए कमिटी के सदस्य व ग्रामीण मिलकर काम कर रहे हैं। कव्वाली कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के शाने आलम शाबरी और दिल्ली की जारा वारसी (जारा डिस्को) अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देना है। इसमें डॉ. इरफान अंसारी (स्वास्थ्य मंत्री), विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व कांग्रेस नेता अरुण साहू जैसे विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष भगवान केशरी, महासचिव मोहम्मद इमरान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सगीर सहित दर्जनों सदस्य लगातार कार्यक्रम की सफलता के लिए जुटे हैं। इस आयोजन को बरही के सांस्कृतिक इतिहास में यादगार कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है।

### जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीपीओ यूआईडी आरती पंकज द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओ को यूआइडीएआइ की एनएसआईईटी परीक्षा दिलाई जानी है जिस पर उपायुक्त में जल्द से जल्द सभी महिला पर्यवेक्षिकाओ का परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार पंजीकरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ससमय प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा जिले में निराश्रित बच्चों का आधार पंजीकरण करने का भी निर्देश दिया गया।

### शिक्षा-स्वास्थ्य और प्रदूषण नियंत्रण की मांग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रामगढ़ जिले के नवपदस्थापित उपायुक्त फैज अहमद मुमताज से उनके कार्यालय में मुलाकात कर स्वागत किया प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने किया। मुलाकात के दौरान पतरातू प्रखंड से जुड़ी कई अहम जनहित समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल ने उपायुक्त को एक कर्मठ, ईमानदार और जनसरोकारों के प्रति संवेदनशील अधिकारी बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि उपायुक्त के कार्यकाल में पतरातू प्रखंड के सभी गांवों में पुस्तकालय और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। साथ ही प्रखंड में व्याप्त कुछ भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने खासतौर पर औद्योगिक इकाइयों द्वारा हो रहे वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण की ओर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट किया और प्रदूषण नियंत्रण के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की।

## उपायुक्त ने की राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक, कहा

# सभी अंचलों में दाखिल-खारिज कैंप का होगा आयोजन

- **सभी पंचायत भवन, अंचल कार्यालय, तहसील कचहरी सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कैंप की तिथि सहित बैनर लगाए जाएंगे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला प्रशासन द्वारा आम जनता को राजस्व से संबंधित सेवाएं समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराने को लेकर सभी अंचलों में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 30 दिनों से अधिक समय से लंबित आपत्ति रहित दाखिल-खारिज मामलों में संबंधित सीओ दोनों पक्षों की विधिवत सुनवाई कर, दस्तावेजों का सत्यापन कर नियमानुसार निष्पादन करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि कैंप प्रारंभ होने से पूर्व ऐसे सभी निष्पादित मामलों की पहचान करें, जिनमें रैयतों को अब तक शुद्धिपत्र निर्गत नहीं किया गया है। ऐसे सभी रैयतों को कैंप के दौरान शुद्धिपत्र निर्गत किया जाएगा। कैंप में उपस्थित रैयतों को लगान रसीद निर्गत करने हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए संबंधित अंचलों में कंप्यूटर सेट और प्रशिक्षित ऑपरेटर की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पास के प्रज्ञा केंद्रों से ऑपरेटरों की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। कैंप की व्यापक जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार के विशेष निर्देश भी दिए गए हैं। सभी पंचायत भवन, अंचल कार्यालय, तहसील कचहरी सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कैंप की तिथि सहित बैनर लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि कैंप के दौरान सीओ स्वयं उपस्थित रहेंगे तथा अंचल निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं कार्यालय सहायक की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी।

बैठक में एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसओ अविनाश पुर्णेदु, डीटीओ विजय कुमार सोनी तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर संघ ने सरकार के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के कर्मियों ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में ड्यूटी के दौरान काला बिल्ला लगाकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। विरोध में विभिन्न संवर्गों के आउटसोर्स कर्मचारी शामिल हुए। संघ ने कहा कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानीं, तो सामूहिक हड़ताल का निर्णय लिया जाएगा। विरोध के दौरान राज्य सरकार द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए बनाई गई नियमावली पर चर्चा हुई। संघ ने इसे पूरी तरह कर्मचारी विरोधी बताया। संघ ने सरकार और वित्त विभाग से नियमों में संशोधन की मांग की है। साथ ही यह भी कहा कि संविदा और एकमुश्त पर कार्यरत कर्मचारियों को तय मानदेय के अनुसार भुगतान किया जाए। संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के समान कार्य के लिए समान वेतन के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि इसके बावजूद कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है। संघ ने बिहार सरकार की तर्ज पर सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा 60 वर्ष तक सुरक्षित करने और मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर संबंधित विभाग में संविदा पर समायोजन की मांग की है। वहीं संघ ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। इसके तहत 9, 10 और 11 जून को काला बिल्ला लगाकर कार्य किया जाएगा। 11 जून को शाम 6 बजे कैंडल मार्च निकाला जाएगा। 12 जून को समाहरणालय के सामने धरना और 15 जून को रांची के मोरहाबादी मैदान में एक दिवसीय महाधरना किया जाएगा। विरोध में राजकिशोर प्रसाद, विनय कुमार, दिनेश कुमार, रनका देवी, रविंद्र पाण्डेय, विक्की पाण्डेय, मिथिलेश पाण्डेय, रोहित कुमार, पूजा कुमारी, अंकिता कुमारी, राजमुखी कुमारी, अनुज कुमार, अजीत कुमार, रंजीत कुमार सहित कई कर्मचारी शामिल हुए।

## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त ने की श्रद्धांजलि अर्पित



**कोडरमा।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को नगर पंचायत कोडरमा परिसर स्थित प्रतिमा पर उपायुक्त ऋतुराज द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने भी पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का मातृभूमि के प्रति प्रेम, समर्पण और बलिदान सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके साहस, संघर्ष और अडिग संकल्प के कारण ही आज हम स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर हम यह संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों और बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धाओं में से एक थे। उनकी स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम उनके अद्वितीय योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक प्रयास रहा। कार्यक्रम में एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसओ अविनाश पुर्णेदु, डीटीओ विजय कुमार सोनी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मनोकामना सिद्धपीठ मंदिर मरचोई के प्रांगण में आठ दिवसीय रामलीला का शुभारंभ

- **कलाकारों ने श्री राम जन्मोत्सव का मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित सैकड़ों दर्शकों का मन मोह लिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई स्थित मनोकामना सिद्धपीठ मां भगवती मंदिर परिसर में रविवार से आयोजित रामलीला जो कि काशी, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की प्रस्तुति भारत का प्रसिद्ध श्री धर्म प्रचारक रामलीला मंडल का उद्घाटन सेवानिवृत्त हवलदार बालमुकुंद पाण्डेय, समाजसेवी रामरतन सिंह, मनोज सिंह आदि ने आरती कर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रामलीला मण्डली के संचालक पंडित सुरेश कुमार ने कहा कि रामलीला चित्रण से युवाओं में संस्कार, संस्कृति के साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ती है तथा नई चेतना का विकास होता है। इस दौरान कार्यक्रम में मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह ने कहा कि रामलीला देखने से जीवन जीने की कला आती है तथा सामाजिक समरसता बढ़ती है। काशी क्षेत्र से आए रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का शुभारंभ भगवान विष्णु दरबार एवं नारद मोह से की गई। कलाकारों ने श्री राम जन्मोत्सव का मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित सैकड़ों दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला मण्डली में व्यास पंडित कृष्ण मनोज शास्त्री, ढोलक मास्टर मंगला प्रसाद, प्रभु श्रीराम का पाठ करने वाले पंडित निहाल जी, सीता माता को रोल करने वाले पंडित प्रिंस कुमार, लक्ष्मण का रोल करने वाले पंडित विजय शंकर, महाराजा दशरथ का रोल करने वाले रमेश कुमार, मंत्री सुमंत का रोल करने वाले पंडित राम, राज वशिष्ठ का रोल करने वाले पंडित नागेश्वर उद्घाटन के मौके पर धीरज सिंह, रामविलास सिंह, प्रभाकर सिंह, ओमकार सिंह, संतोष सिंह, अनुज सिंह, भरत सिंह, राकेश सिंह, सोनू सिंह, राजेश रंजन, सोनू सिंह, सीधेश्वर पाण्डेय, दामोदर पाण्डेय, भोला पाण्डेय, आदित्य सिंह, अजीत सिंह, राजाबाबू सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## तलाकशुदा महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्रगुप्त नगर में सोमवार की अहले सुबह एक तलाकशुदा महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका की पहचान 26 वर्षीय आयुषी चावला पिता दिनेश सिंह के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद की रहने वाली थी। उसकी 2018 में झुमरीतिलैया में शादी हुई थी, जिसके करीब 5 वर्षों के बाद उसकी तलाक हो गई। इसके पश्चात वो झुमरीतिलैया के ही हर्ष सोनकर नामक एक फल व्यापारी के साथ रहने लगी। इधर घटना को लेकर हर्ष ने बताया कि बीती रात वह आयुषी के साथ ही था। वह सोमवार को सुबह करीब छह बजे आयुषी के कमरे से अपने फल गद्दी चला गया। इसके थोड़ी देर के बाद ही उसे आयुषी का फोन आया कि वह फांसी लगा रही है। जिसके पश्चात वह अपने फल गद्दी से भागते-भागते आयुषी के पास पहुंचा, जब वह आयुषी के कमरे में पहुंचा तो देखा कि आयुषी पंखे से दुपट्टे के सहारे झूल रही थी। जब तक वह आयुषी को फंदे से उतारता, आयुषी की मौत हो चुकी थी। इसके बाद उसने फोन के माध्यम से इसकी जानकारी आयुषी के परिजनों और तिलैया पुलिस को दी। जिसके पश्चात तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं मामले की जांच में जुट गयी। इधर मौके पर आयुषी के परिजन पहुंचे और इसे हत्या बताया। वहीं उन्होंने कहा कि मेरी बेटी को हर्ष ने ही मार कर फंदे से टांग दिया है। वहीं परिजनों ने बताया कि आयुषी के तलाक हो जाने के बाद वह झुमरीतिलैया के अड्डी बांग्ला रोड स्थित वृद्धाश्रम में बतौर कॉर्डिनेटर काम करने लगी थी, जिसके बाद से वह काफी खुश रहने लगी। उसका एक छह वर्ष का लड़का था जो मेरे ही साथ परसाबाद में रहता था। पिछले कुछ महीनों से जब हमने उससे दूसरी शादी करने की बात की तो वह तैयार हो गई। जिसके पश्चात हमने उसके लिए लड़के तलाशने शुरू कर दिए थे। आज सुबह अचानक हर्ष नाम के एक लड़के का मेरे मोबाइल पर फोन आया कि आयुषी ने फांसी लगा ली है। इधर पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है कि यह हत्या है या आत्महत्या।

## बाइक सवार अपराधी वृद्ध से 30 हजार रुपए छीन कर हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा बाजार स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकासी कर जा रहे एक वृद्ध के हाथों से अपराधियों द्वारा पैसे छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी देते हुए कोडरमा निवासी बाबूलाल शर्मा पिता सुकर शर्मा ने बताया कि वे अपने पैतृक गांव चोपनाडीह (मरकच्चो) में एक बोरवेल का काम करवाए थे, जिससे संबंधित उन्हें कुछ सामान खरीदना था। जिसको लेकर वे सोमवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कोडरमा शाखा पैसे निकासी के लिए गये, जहां उन्होंने अपने खाते से 30 हजार रुपए की निकासी की और बैंक से बाहर निकले। वे बैंक से कुछ ही दूरी पर गए कि पीछे से दो बाइक सवार उनके पास पहुंचे और उनके हाथों से पैसे से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। जब तक वे शोर शराबा करते, अपराधी उनकी आंखों से ओझल हो चुके थे। वहीं उन्होंने बताया कि उक्त बैग में उनके बैंक का पासबुक व अन्य कुछ जरूरी कागजात भी थे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर अपराधियों की छानबीन में जुट गए। इस दौरान उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपराधी झुमरीतिलैया की ओर भागे हैं। जिसके पश्चात तिलैया थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक के समीप तिलैया पुलिस द्वारा जांच अभियान चलाया गया। किन्तु उक्त अपराधी पुलिस की पकड़ में न आ सके। इधर कोडरमा थाना में मामला दर्ज कर उक्त अपराधियों की खोजबीन की जा रही है।

## आवास सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर हो रही अवैध वसूली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के चयन को लेकर सर्वे का काम हो रहा है। तस्वीरें भी खींची जा रही हैं, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में आवास योजना की सूची में नाम दर्ज कराने के नाम पर अवैध वसूली के मामले सामने आ रहे हैं। वैसे ग्रामीण जो आवास पाने के योग्य हैं, उनसे 2000 रुपये की मांग की जा रही है, जो अयोग्य हैं, उनसे अभी दो से पांच हजार रुपये तक सूची में नाम दर्ज कराने के नाम पर लेने की चर्चा हो रही है। वहीं लोगों के अनुसार सर्वे सूची की जांच करने पर बड़ा घोटाला सामने आ सकता है, इस अवैध वसूली में कुछ पंचायत प्रतिनिधि व कर्मचारियों की मिलीभगत की भी बातें सामने आ रही हैं, जिनके लोग गांवों में घूम-घूमकर अभी से लोगों की सूची तैयार करने में जुट गये हैं। जबकि, इस सर्वे का कार्य सरकारी कर्मियों को करना है, इसके लिए केवल आवास सहायक ही नहीं, बल्कि एक टीम का गठन होगा, जो वैसे लोगों की पहचान करेंगे, जिन्हें पीएम आवास योजना की जरूरत है, इस बार प्रशासन की ओर से जो रणनीति बनायी गयी है, उससे स्पष्ट होता है कि इस बार आवास योजना में दलालों व बिचौलियों की दाल नहीं गलने वाली है। लेकिन, अभी से दबे पांव बिचौलिये योजना में सेंधमारी कर घुसने की कोशिश करने में जुट गये हैं, दूसरी तरफ जो इस लाभ के वास्तविक हकदार हैं, वह भी इस शंका में कहीं उनका नाम सूची से काट नहीं दिया जाये, इसके शिकार हो रहे हैं। दूसरी ओर इसकी भनक स्थानीय अधिकारियों तक लगने लगी है। हालांकि इस मामले में अधिकारी कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं। जालसाजी कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए पक्के मकान वाले भी अपनी या अपने परिवार की तस्वीर खिंचवा रहे हैं। सरकारी नौकरी से रिटायर्ड होने के बाद पेंशन ले रहे पेंशनधारी भी अपने परिवार के नाम से आवास योजना का लाभ लेने के लिए तस्वीर खिंचवा रहे हैं।

## प्लांट में सप्लाई को लेकर हुए विवाद में एक गिरफ्तार

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत केटीपीएस के 800-800 मेगावाट की दो यूनिट के निर्माण कार्य की सामग्री की सप्लाई के मामले में बीते 16 मई की रात भाजपा के बरही विधायक मनोज यादव एवं बरकट्ठा के भाजपा विधायक अमित कुमार यादव के समर्थकों के बीच हुए विवाद के मामले में शनिवार को जयनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना के कांड संख्या 120/25 के एक आरोपी चरकीपहरी निवासी सुभाष यादव पिता बाबूलाल यादव को डुमरडीहा फोरलेन चौक के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कबड्डी प्रतियोगिता के लिए आज चयन प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** बोकारो में आयोजित होने वाली प्रथम झारखण्ड राज्य स्तरीय अंडर 18 बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता जो 14 एवं 15 जून को होने वाली है। उक्त प्रतियोगिता के लिए जिला कबड्डी टीम का चयन किया जाना है। उक्त प्रतियोगिता को लेकर जिला कबड्डी संघ द्वारा आज दोपहर 3 बजे जेजे कॉलेज मैदान में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त चयन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए नियमानुसार 1 जनवरी 2008 से 31 दिसंबर 2010 के बीच में जन्म तिथि होनी चाहिए एवं बालक वर्ग के खिलाड़ियों का वजन 70 किलो से कम एवं बालिका वर्ग खिलाड़ियों का वजन 65 किलो से कम होनी चाहिए। इन दोनों नियमों को पूरा करने वाले खिलाड़ी उक्त चयन प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। जिसमें खिलाड़ियों के कबड्डी खेलने की प्रतिभा के अनुसार चयन किया जाएगा।

## बीडीओ ने प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली डीलरों के साथ की बैठक



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में बीडीओ हुलास महतो की अध्यक्षता में एनएफएसए के तहत आच्छादित लाभुकों को माह जून 2025 के अतिरिक्त माह जुलाई एवं अगस्त 2025 (दो माह) का अतिरिक्त अनाज आपूर्ति अग्रिम करने को लेकर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली डीलरो के साथ बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एनएफएसए राशन जून, जुलाई 2025 का वितरण 1 जून से 15 जून तक 100 प्रतिशत करना है। ग्रीन चावल अगस्त 2024 का वितरण 1 जून 15 जून तक वितरण किया जाएगा। वहीं 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक वितरण एनएफएसए अगस्त 2025 का और ग्रीन चावल जून 2025 का वितरण करने का निर्देश दिया। सभी को ईमानदारी पूर्वक शत प्रतिशत वितरण करने को कहा गया। बैठक में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह एमओ लक्ष्मीकांत लोहरा, प्रखंड के डीलर एवं प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार की देखरेख में साथी अभियान की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बालकृष्ण तिवारी के मार्गदर्शन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गौतम कुमार के देखरेख में जिले में साथी अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान में ऐसे बेसहारा बच्चों को चिन्हित करना है, जिनका आज तक आधार पंजीकरण नहीं हो पाया है तथा जो सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से काफी दूर है। साथी अभियान के सफलता के लिए एवं पूरे जिले में इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने को लेकर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत पारा लीगल वोलंटियर से वर्चुअल मोड में बैठक कर साथी अभियान को सफल बनाने के संबंध में कई आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सचिव ने कहा कि विभिन्न प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत पारा लीगल वोलंटियर अपने-अपने प्रखंडों में वैसे बच्चों को चिन्हित करें, जिनके पास आधार का पंजीकरण नहीं हो पाने के कारण उन्हें आधार कार्ड उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। श्री कुमार ने कहा कि यदि वैसे बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर किसी भी प्रकार की दिक्कत होती है तो वह हमसे सीधा संपर्क स्थापित करें, ताकि उस समस्या का समुचित समाधान किया जा सके। वर्चुअल बैठक में डोमचांच के पीएलबी सुब्रत कुमार मुखर्जी, कोडरमा के पीएलबी सुभाष मिस्त्री, जयनगर के पीएलबी शिवकुमार मोदी, मरकच्चो के पीएलबी महेश्वरी प्रसाद कुशवाहा, चंदवारा की पीएलबी सुमन रानी एवं सतगावां के पीएलबी कमलेश प्रसाद यादव मौजूद थे। वहीं प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बताया कि सभी पीएलवी को निर्देश दिया है कि ऐसे बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दें ताकि उनका आधार पंजीकृत करने की प्रक्रिया और तेज की जा सके।

## अवैध रूप से माइका उत्खनन कंप्रेशर युक्त ट्रैक्टर जब्त

**कोडरमा।** वन विभाग की टीम ने शनिवार देर शाम अवैध रूप से माइका उत्खनन के खिलाफ कोडरमा वन्य प्राणी प्रक्षेत्र के छतरबर जंगल स्थित बंद पड़े अरौवा माइंस में छापेमारी की। इस दौरान अवैध उत्खनन में लगे कंप्रेशर युक्त ट्रैक्टर को जब्त किया गया, हालांकि छापामारी की भनक लगते ही अवैध उत्खनन में लगे लोग फरार होने में सफल रहे। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि अरौवा माइंस में अवैध रूप से माइका का उत्खनन किया जा रहा है। सूचना के आलोक में वन विभाग की टीम ने छापामारी कर ट्रैक्टर बरामद किया। घटना को लेकर अवैध उत्खनन में शामिल लोगों को चिह्नित कर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। छापेमारी दल में वनरक्षी कुंदन कुमार, सिकंदर कुमार यादव, दुर्गा महतो, गोपाल यादव आदि शामिल थे।

# नये मतदाताओं को जोड़ने व मतदाता पहचान पत्र में संशोधन का निर्णय

- **मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा (सिमरिया)।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिमरिया की अध्यक्षता में सिमरिया प्रखंड के सभी राजनैतिक मान्यता प्राप्त दलों के अध्यक्ष/ सचिव एवं बीएलओ के साथ बैठक की गयी। बैठक में वैसे मतदान केंद्र जहां बारह सौ से अधिक मतदाता हैं, उन मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन करना, वैसे पोलिंग स्टेशन लोकेशन जहां एक से अधिक मतदान केंद्र हैं मतदाताओं की संख्या को रेशनेलाइज करना या आवश्यक पड़ने पर मतदान केंद्र को मर्ज करना एवं जर्जर मतदान केंद्र का भवन परिवर्तन पर चर्चा की गयी। मतदान केंद्रवार बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किया जाना है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने हेतु नाम एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने सभी बीएलओ की निर्देश दिया कि रेशनलाइजेशन की योजना बनाते समय यह सुनिश्चित करें कि मतदाताओं की संख्या यथासंभव एक ही स्थान पर स्थित मतदान केंद्र किया जाये ताकि मतदाताओं के परिवार के सभी सदस्यों को एक ही मतदान केंद्र में मतदान करने की सुविधा उपलब्ध हो सके। इस दौरान बीएलओ के द्वारा छुटे हुए दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करते हुए फार्म 06 भरने का निर्देश दिया गया। यदि मतदाता पूर्व से ही वोटर लिस्ट में जुड़ा हुआ है तो उसे मार्किंग का कार्य किया जाएगा। संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं को जोड़ने, एएसडी मतदाताओं को हटाने तथा मतदाता पहचान कार्ड में संशोधन का कार्य करने का निर्णय लिया गया। मतदान केंद्रों में न्यूनतम सुविधा उपलब्धता की जांच बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा की जाएगी।

बैठक में प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश लाल, कम्प्यूटर सहायक निर्वाचन, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, सुपरवाईजर एवं बीएलओ उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

- **सुरक्षा के पैमाने, सीसीटीवी कैमरा, जवानों की तैनाती समेत अन्य का लिया जायजा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** भारत निर्वाचन के तय मानकों के आधार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त कीर्तिश्री ने त्रैमासिक ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के पैमाने, सीसीटीवी कैमरा, जवानों की तैनाती समेत अन्य का क्रमवार जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उनके साथ मौजूद रहे। उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात जवानों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में कोई भी कोताही ना हो। वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों के संबंध में जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरों का बैकअप रखने और समय-समय पर रिकॉर्डिंग चेक करने का भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

# पगडंडियों पर पैदल चल पोटका के चाटीकोचा पहुंचे डीसी कर्ण सत्यार्थी

- यूसील के विस्थापितों की समस्याओं से हुए अवगत
- गांव का किया निरीक्षण, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, प्रखंड प्रशासन को दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के नये डीसी कर्ण सत्यार्थी ने पोटका प्रखंड अंतर्गत भाटिन पंचायत के चाटीकोचा गांव का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और उनकी विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों की ओर से उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए समाधान हेतु प्रखंड प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों ने यूसीआईएल से संबंधित पुनर्वास, मुआवजा, रोजगार और स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं साझा कीं। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवारों को अबतक मुआवजा राशि नहीं मिली है और न ही उन्हें रोजगार मिला है। उन्होंने यह भी मांग की कि जिन कर्मियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए तथा जिनके आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, उनकी प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि रोजगार के अभाव में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बन गई है।

ग्रामीणों ने गांव में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत की। उन्होंने यह भी बताया कि गांव से सटे टेलिंग पॉन्ड के कारण हवा में उड़ने वाले यूरेनियम कचरे के धूलकण से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। चाटीकोचा के ग्रामीणों ने बेनशोल में प्रस्तावित पुनर्वास पर सहमति जताई और उपायुक्त से जल्द कार्रवाई की मांग की।

टेलिंग पॉन्ड का निरीक्षण कर लिए तथ्यों की जानकारी

गांव का निरीक्षण करने के उपरांत डीसी ने टेलिंग पॉन्ड का भी जायजा लिया। ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि यह टेलिंग पॉन्ड कई बार ओवरफ्लो करता है जिससे आसपास का जलस्रोत प्रदूषित होता है। गर्मी के दिनों में उड़ने वाले धूलकण लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनते हैं। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और सभी बिंदुओं पर चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जायेगी।



चाटीकोचा गांव की वर्तमान स्थिति जानने पगडंडियों पर चलकर अपनी टीम के साथ पैदल जाते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

### यूसील प्रबंधन की लापरवाही और संवादहीनता देख डीसी नाराज

**जादूगोड़ा।** बीते 30 साल पूर्व यूसिल द्वारा चाटीकोचा के ग्रामीणों की सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण के बाद विस्थापित हुए 46 परिवार आज भी पुनर्वास न होने का दर्द झेल रहे है। इधर उनकी समस्या जानने सोमवार को जादूगोड़ा के चाटीकोचा गांव पहुंचे जिले के नये उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व सीधे ग्रामीणों से मिले व उनकी समस्या सुनी। इस दौरान विस्थापितों ने स्पष्ट किया कि चाटीकोचा का पुनर्वास आदिवासियो का पूजा स्थल जाहिरगाढ भी उनके साथ जाएगा तभी पुनर्वास संभव है। जिसके बाद जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ग्रामीणों को भरोसा जताया कि जल्द ही पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी ली जाएगी जिसको लेकर घाटशिला के मऊभंडार में जमीन तलाशी जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिले के उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने यूरेनियम कचड़ा डैम के नीचे बने पूजा स्थल जाहिर गाढ़ पहुंचे जहां पहुंचने के किया पक्की सड़क, पानी समेत बुनियादी जरूरतें नहीं पाकर यूसिल के प्रति नाराज दिखे तथा ग्रामीणों से कम्पनी की इस तरह की सोच को लेकर सवाल भी पूछे तो विस्थापित नेता ईश्वर सोरेन ने कंपनी प्रबंधन की पूरी पोल खोल कर रख दी तथा कहा कि 30 साल हो गए,लेकिन पुनर्वास नहीं मिला। एक लाख 20 हजार रुपया में घर बनाने का प्रस्ताव कंपनी ने भेजा था, जिसे ठुकरा दिया गया। ग्रामीणों का मानना था कि कंपनी खुद घर बनाकर दे। पुनर्वास नहीं होने को लेकर ग्रामीण यूसिल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। ग्रामीणों ने जमीन के बदले पीढ़ी दर पीढ़ी नौकरी देने की भी मांग जिले के उपायुक्त से उठायी।

### बन्ना गुप्ता बने एमपी के छत्तरपुर जिला पर्यवेक्षक



**जमशेदपुर।** भारत के नेता विपक्ष जननायक राहुल गांधी एवं संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल एवं प्रभारी के राजू के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान के तहत मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला के पर्यवेक्षक नियुक्त होने के बाद पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता आज 10 दिवसीय संगठन प्रवास दौरे पर रवाना हुए। पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है के इस दौरान में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने,समर्पित कार्यकर्ताओं को पहचान कर उनको नेतृत्व में स्थान देना साथ ही छतरपुर जिला में विभिन्न बैठकों के माध्यम से स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं और आम लोगों से संवाद करूंगा।

### असेका के संथाली बोर्ड परीक्षा का समापन

**जादूगोड़ा।** असेका का तीन दिवसीय (7-9 जून) ग्रीष्म कालीन संथाली बोर्ड व बारहवीं की परीक्षा का आज समापन हो गया। इधर तीन दिवसीय परीक्षा नरवा पहाड़ यूसिल कॉलोनी स्थित सी टी सी में आयोजित की गई थी। अंतिम दिन असेका के महासचिव शंकर सोरेन ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षार्थियों का हौसला अफजाई की। कुल 57 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इधर असेका के महासचिव शंकर सोरेन ने कहा कि परीक्षा के अंतिम दिन पहली पाली में गणित जबकि दूसरी पाली में हिंदी व इंग्लिश की परीक्षा ली गयी थी। जबकि 12वीं के छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

### खरकाई नदी के तट से एक शव बरामद

**जमशेदपुर।** पश्चिम धाधीडीह पंचायत अंतर्गत जटा झोपड़ी फुटबॉल मैदान के खरखाई नदी तट पर बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी, ब्लॉक नंबर 20/01/05 रोड नंबर 5 के विजय मिश्रा (35) का शव बरामद हुआ। जानकारी मिलते ही बड़ा भाई अनिल घटनास्थल पहुंच शव की पहचान की। इस दौरान बागबेड़ा थाना एवं पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, चंद्राय टुडू,उप मुखिया मुकेश सिंह, बहादुर किस्कू सहित कई स्थानीय लोग पहुंच गये। बागबेड़ा थाना, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम हेतु पोस्टमार्टम घर पहुंचा दिया गया है। मृतक चार भाई में सबसे छोटा भाई था। मृतक का शादी नहीं हुआ था। मृतक का मां पिताजी की मृत्यु हो चुकी है। बड़ा भाई अनिल मिश्रा बोरिंग का काम करता है।

### छऊ की विश्व में विशिष्ट पहचान है : जोबा माझी

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के कुलीतोड़ांग पंचायत के धरमसाई गांव में दो दिवसीय छऊ नृत्य सह मेला लगा। सोमवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। करीब दो घंटे तक सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद लिया। ग्रामीणों के मुताबिक सन 1908 से धरमसाई गांव में छऊ नृत्य सह मेला का आयोजन होता आ रहा है। आसपास के इलाकों में धरमसाई गांव का छऊ नृत्य सह मेला प्रसिद्ध है। मेला घूमने और छऊ नृत्य का आनंद लेने लोग काफी दूर से पहुंचते है। सांसद जोबा माझी ने कहा आदिवासी समाज में आज भी परंपरा के अनुसार छऊ का आयोजन होता आ रहा है। छऊ नृत्य द्वारा हम अपनी पौराणिक कथाओं को कला के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। छऊ नृत्य में सरायकेला, सिंहभूम, मयूरभंज शैली देश में अपनी एक अलग पहचान बनायी है।

### जियोब्लैकरॉक ने की टॉप टीम की घोषणा

**जमशेदपुर।** जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने म्यूचुअल फंड बाजार में कदम रखने से पहले अपनी टॉप लीडरशिप टीम घोषित कर दी है। इसके साथ ही कंपनी ने एक वेबसाइट और एक्सक्लूसिव अर्ली एक्सेस इनिशिएटिव भी लॉन्च किया। पिछले महीने ही कंपनी ने सिड स्वामीनाथन को प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की थी।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने शुरू की बागुनहातू में बिजली आपूर्ति

- 3000 से अधिक परिवारों को मिलेगा लाभ
- लक्ष्मीनगर और प्रेमनगर में भी मिलेगी बिजली : पूर्णिमा साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में जुस्को) ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा अंतर्गत बागुनहातू क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की शुरूआत कर दी है। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सोमवार को इस परियोजना का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला, क्योंकि वर्षों से बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे निवासियों को अब स्थायी और निर्बाध बिजली की सुविधा मिलने जा रही है। फिलहाल सात उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, जबकि 60 अन्य उपभोक्ताओं ने कनेक्शन के लिए आवेदन दिया है। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन बागुनहातू क्षेत्र की जनता के लिए नई रोशनी से भरा दिन है। इस परियोजना से बागुनहातू के 3,000 से अधिक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। बताया कि टाटा स्टील यूआईएसएल ने जनहित में इस पहल को आगे बढ़ाते हुए टेल्को क्षेत्र के लक्ष्मीनगर और प्रेमनगर में भी इसी प्रकार की परियोजनाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। विधायक पूर्णिमा साहू ने टाटा स्टील यूआईएसएल का भी धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ऐसे ही प्रयासों से हर घर तक रोशनी और सुविधा पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

वहीं, बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) से नो ड्यूज एनओसी अनिवार्य रूप से प्राप्त करनी होगी। इस संबंध में कंपनी ने दरों की घोषणा करते हुए बताया कि 100 यूनिट तक बिजली की खपत पर प्रति यूनिट 3.10 रुपया शुल्क लिया जाएगा, जबकि 100 यूनिट से अधिक खपत पर प्रति यूनिट 5.30 रुपये का शुल्क लगेगा। परियोजना के शुभारंभ अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे।



बागुननगर में बिजली आपूर्ति से पूर्व सब स्टेशन में पूजा करती विधायक पूर्णिमा साहू दास।

## श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने शरबत-ए-सेवा कार्यक्रम से दिखायी मानवता की मिसाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के रोटरैक्ट क्लब के विद्यार्थियों ने टाटानगर रेलवे स्टेशन पर शरबत-ए-सेवा नामक एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन कर समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भाव का परिचय दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को भीषण गर्मी में राहत पहुँचाना और आवश्यक सामग्री वितरित करना था। इसकी पूरी रूपरेखा छात्रों द्वारा तैयार की गई, जिसमें उन्होंने योजना बनाने से लेकर क्रियान्वयन तक हर स्तर पर उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। स्थानीय संसाधनों से सामग्री एकत्र की गई, एक स्वयंसेवक टीम का गठन किया गया और वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित किया गया। साथ ही आम नागरिकों को भी इस नेक कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

इस सेवा अभियान के अंतर्गत जरूरतमंदों को ठंडा शरबत, पौष्टिक उपमा और केले वितरित किये गये।

## जुस्को श्रमिक यूनियन का चुनाव आज बाबा रघुनाथ पांडेय की प्रतिष्ठा दांव पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल की मान्यता प्राप्त जुस्को श्रमिक यूनियन का चुनाव मंगलवार को होने जा रहा है। यूनियन के 10 ऑफिस बियरर और 14 कमेटी मेंबरों के चुनाव के लिए यूनियन सदस्य टाटा स्टील यूआइएसएल के नार्दन टाउन स्थित मुख्यालय में बनाये गए मतदान केंद्र पर सुबह 7 बजे से अपराह्न 4 बजे तक वोट डालेंगे। यहां पर कमेटी मेंबरों के लिए 10 बूथ और ऑफिस बियरर के लिए मतदान करने के लिए 7 बूथ बनाये गये हैं।जहां तक कमेटी मेंबरों की बात है तो तीन कमेटी मेंबर क्रमशः सूरज सिंह, सुनील चौबे और जीतेंद्र कुमार पहले ही निर्विरोध हो चुके हैं। इसलिए कमेटी मेंबरों के 17 की जगह 14 पदों के लिए ही वोट डाले जायेंगे। चुनाव पदाधिकारी सीएस झा और चुनाव कमेटी के सदस्य सरोज पांडेय और अश्विनी मथान ने बताया कि चुनाव की तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया गया है, और बैलट बॉक्स भी मतदान केंद्रों पर सील कर पहुंचा दिए गए हैं। टाटा स्टील यूआइएसएलके कर्मचारियों को मतदान करने के लिए तीन घंटे का रिलीज प्रबंधन देगा। 11 जून को नवनिर्वाचित कमेटी पदभार ग्रहण करेगी। इस बार चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय के खिलाफ परमानंद सिंह, चंद्रशेखर भूमिज और राजेश कुमार मैदान में हैं।



वाहनों से मतदान केंद्रों पर पहुंचा सीलबंद बैलेट बॉक्स।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर विधायक पूर्णिमा साहू ने अर्पित की श्रद्धांजलि, कहा

## भगवान बिरसा मुंडा का प्रेरणादायी बलिदान हमारी ऐतिहासिक विरासत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** महान क्रांतिकारी और आदिवासी समाज के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को भाजपा ने श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर सोमवार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा साहू ने बिरसानगर संडे मार्केट स्थित बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा अमर रहे और भारत माता की जय के नारों के साथ वीर बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान को स्मरण किया। विधायक पूर्णिमा साहू ने भाजपा कार्यकताओं के संग हुल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर नमन किया। कहा कि जननायक भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ स्वराज की अलख जगाई और आदिवासियों के धर्मांतरण के विरोध में धर्म, संस्कृति और जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।



## पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड की आम वार्षिक बैठक और चुनाव संपन्न

### पैरा स्पोर्ट्स को नयी दिशा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 8 जून रविवार को पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड की आम वार्षिक बैठक सह चुनाव का आयोजन पुराना विधानसभा परिसर, विधायक क्लब, रांची में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। मुख्य अतिथि एनएन पांडेय (सेवानिवृत्त मुख्य अपर सचिव) एवं विशिष्ट अतिथिगण शशि रंजन सिंह (पूर्व अध्यक्ष), डॉ सुनील कुमार सिंह (से0नि0 भा.प्र.से.), राजा गोविंद नाथ शाहदेव (राजा पालकोट), डॉ शिवाजी कुमार (अपर उपाध्यक्ष, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया), विजय कुमार दत्ता, डॉ संजय सिंह, अभय शंकर सिंह, एवं पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक संदीप कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# मैट्रिक : मस्ती की पाठशाला जमशेदपुर के 47 बच्चों ने 100% उत्तीर्णता के साथ बनाया एक और कीर्तिमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गत 8 जून 2025: 27 मई 2025 को झारखंड एकेडमिक काउंसिल की कक्षा 10वीं (मैट्रिक) परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें मस्ती की पाठशाला के 47 छात्रों ने शानदार सफलता प्राप्त की। इन 47 छात्रों में से 55 प्रतिशत छात्राएं थीं, और सभी विद्यार्थी पहले पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं – यानी अपने परिवार में औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने वाले पहले सदस्य। इनमें से 22 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 20 ने द्वितीय श्रेणी और 5 छात्रों ने तृतीय श्रेणी प्राप्त की, जिससे कुल 100 प्रतिशत उत्तीर्णता दर दर्ज हुई। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले 22 छात्रों में से 13 छात्राएं हैं, जो यह दर्शाता है कि समय बदल रहा है और अब लड़कियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर और प्रोत्साहन मिल रहा है। पिछले वर्ष, मस्ती की पाठशाला ने अपनी पहली बैच के आठ छात्रों को मैट्रिक परीक्षा में सफल होते देखा- यह उस कार्यक्रम की एक बड़ी उपलब्धि थी जिसे एक दशक पहले शुरू किया गया था। आज इन छात्रों में से कुछ ने टमर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से अपना कोर्स पूरा कर लिया है और उन्हें पहली नौकरी का प्रस्ताव भी मिल चुका है, जबकि बाकी छात्र उच्च शिक्षा की राह पर अग्रसर हैं।

मस्ती की पाठशाला, टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2014 में शुरू की गयी एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य उन बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना है जो कभी जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों में बाल श्रम से गुजर रहे थे। यह कार्यक्रम नियमित काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों को यह समझाने में मदद करता है कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि अपने परिवारों को भी पीढ़ियों से चली आ रही गरीबी के चक्र से बाहर निकाल सकते हैं।



## एक नजर में

### सरायकेला : भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर डीसी, डीडीसी और एडीसी ने दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नितिश कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल एवं अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार ने बिरसा चौक एवं समाहरणालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन आदिवासी स्वाभिमान, संघर्ष और स्वतंत्रता की अमिट गाथा है। उन्होंने मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में देश की स्वतंत्रता एवं समाज के अधिकारों की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता और अदम्य इच्छाशक्ति के कारण ही उन्होंने उस समय के शक्तिशाली सामंतों एवं अंग्रेजी शासन के विरुद्ध ऐतिहासिक उलगुलान का नेतृत्व किया। उपायुक्त ने सभी से आह्वान किया कि हम भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों से प्रेरणा लें और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक, आत्मनिर्भर एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए संकल्पित हों। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सत्येंद्र महतो, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) अनिल टुड्डू, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सरायकेला शशि शेखर सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नारायण आइटीआई में धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**जमशेदपुर।** सोमवार को धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर नारायण प्राइवेट आईटीआई, लूपुंगदीह संस्थान में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा की गयी। मौके पर बिरसा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके महान व्यक्तित्व एवं योगदान को याद किया गया। संस्थान के संस्थापक जटाशंकर पांडेय और संस्थान के उपनिदेशक प्रोफेसर सुदिष्ठ कुमार और संस्थान के सभी शिक्षकों ने धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन वृतांत बताया और उनके जीवन के बलिदान पर चर्चा की। कहा कि बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले में एक आदिवासी परिवार में हुआ था। वे वे सामाजिक दृष्टिकोण से मुंडा जनजाति से संबंध रखते थे।

### चांडिल में पुण्यतिथि पर याद किये गये बिरसा मुंडा



**चांडिल।** अनुमंडल के उरमाल में झारखंड श्रमिक संघ ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि मनायी। संघ के केंद्रीय महासचिव शैलेंद्र मैथी ने कहा कि 9 जून को झारखंड श्रमिक संघ ने शहादत दिवस के रूप में मनाया है। भगवान बिरसा मुंडा के कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर प्रफुल्ल सिंह मुंडा, खुदिराम सिंह मुंडा, कोकिल सिंह मुंडा, दिलीप प्रमाणिक, दिपिका गोप, नानमनी गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### एआइडीएसओ ने दी धरती आबा को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** सोमवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन जमशेदपुर नगर इकाई ने उलगुलान के महानायक शहीद बिरसा मुंडा की 125वीं शहादत वार्षिकी भुइयांडीह गोलचक्कर में मर्यादापूर्वक मनाया। सर्वप्रथम उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण प्रदेश कोषाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार ने किया। कहा कि एआईडीएसओ झारखंड राज्य कमिटी की और से पूरे राज्य में 3-9 जून बिरसा मुंडा शहादत वार्षिक को आम छात्र नौजवान बीच उनके जीवन संघर्ष को ले जा रहे हैं। आज केवल झारखंड ही नही बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में बिरसा मुंडा को याद कर उनके विचारों को लोगो तक पहुंचाया जा रहा है। राज्य का दुर्भाग्य है कि जिस उद्देश की पूर्ति के लिए बिरसा मुंडा ने शहादत दी थी। संचालन नगर अध्यक्ष सबिता सोरेन ने किया। मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष युधिष्ठिर कुमार, प्रदेश सचिव मंडली सोनी सेनगुप्ता, नगर अध्यक्ष सबिता सोरेन, जिला उपाध्यक्ष झरना महतो, नगर सचिव खुदीराम हंसदा, प्रेमचंद टुडू, राजेश गोप भी थे।

### कोल्हान प्रमंडल पान समाज ने किया बिरसा को नमन



**जमशेदपुर।** देश के वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्य तिथि पर कोल्हान प्रमंडल पान समाज कल्याण समिति ने शहर के सोपोडेरा में लगी उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर संस्थापक उमाकांत दास, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण पात्रो, जिला संगठन सचिव बनारस दास, वार्ड सदस्य रमेश दास, प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश दास, केंद्रीय कोषाध्यक्ष रामचंद्र दास, रत्नाकर पात्रो एवं विनोद दास दुर्योधन दास आदि थे।

### करण गोराई ने दी भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता सेनानी और महानायक भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर जमशेदपुर बिरसानगर संडे बाजार स्थित उनकी प्रतिमा पर समाजसेवी सह पूर्व विस प्रत्याशी करण गोराई ने श्रद्धांजलि दी। मौके पर उनके सहयोगी संजय सेन और सौरभ घटक पूजा अर्चना कर जमशेदपुर वासियों एवं झारखंड वासियों के युवाओं में शक्ति और ऊर्जा प्रदान हो इसके लिए प्रार्थना किये।

## स्पीड न्यूज

### उमवि बसदह के 201 विद्यार्थियों में स्कूल बैग व पाठ्य पुस्तक वितरण



**पाटन पलामू।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसदह में 201 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण प्राचार्य हरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य सोनी देवी, सहायक अध्यापक अखिलेश सिंह ने किया। पाठ्य पुस्तक एवं बैग मिलने पर बच्चों में काफी खुशी दिखी। प्राचार्य ने कहा कि सरकार स्कूली विद्यार्थियों के बीच पाठ्य पुस्तकें एवं बैग दी जा रही है। इससे बच्चों में स्कूल आने प्रति ललक बढ़ेगी।

### 21 को पलामू आयेंगे डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो : ओंमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल में 21 जून को टाइगर जयराम महतो (डुमरी विधायक) झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष का पलामू आगमन होगा। वे पलामू में प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उक्त बातें जेबीकेएसएस के केंद्रीय प्रवक्ता जेएलकेएम पांकी के पूर्व प्रत्याशी ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। कहा कि जयराम का निर्धारित कार्यक्रम 22 जून को पलामू में था, जो समय अभाव में 21 जून कर दिया गया है।

### दुर्घटना में घायल बीएसएफ जवान की मौत



**मेदिनीनगर/नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के मुंदरिया निवासी बीएसएफ जवान प्रदीप सिंह (34) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि 31 मई की रात प्रदीप लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बैरिया में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। परिजन उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाये थे। चिकित्सकों ने उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया था। परंतु परिजन उनका इलाज पल्स में करवा रहे थे। जहां उनकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई नीरज सिंह, सुशीला टीयू, महेंद्र कुमार और विकास कुमार अस्पताल पहुंच उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीएसएफ जवान प्रदीप सिंह मेघालय में ड्यूटी करते थे।

### ब्रह्मभोज में शामिल हुए प्रशांत किशोर



**पाटन पलामू।** नगेशर के विजय सिंह के ब्रह्मभोज में युवा नेता प्रशांत किशोर ने भाग लिया। उन्होंने स्व सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त कर गहरा दुख जताया है। ब्रह्मभोज में भोला सिंह, गोविंद सिंह, महराणा प्रताप सिंह, उमा शंकर सिंह, पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, राजकमल तिवारी, लक्ष्मण दुबे, मुखिया मनोज कुमार, संटु सिंह, पुर्व चेयरमैन अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, ऋषि कांत उपाध्याय भी थे।

### किसान हितैषी रामपति का निधन, शोक



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया निवासी किसान नेता रामपति मेहता का हृदयाघात से सोमवार की अहले सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार बटाने नदी घाट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र सह तेतरी नर्सिंग होम संचालक राजेंद्र वर्मा ने दी। रामपति हडीयाही डैम निर्माण तथा सुचारू संचालन को लेकर लंबे समय तक आंदोलन किये थे, जिससे वे किसानों के बीच एक मजबूत किसान नेता के रूप में पहचाने जाते थे। दाह संस्कार में बड़े पुत्र राजकिशोर मेहता, बसपा नेता प्रमोद रवि, मुखिया सरोज कुशवाहा, मनीष सिंह, बबलू कुशवाहा, सुशील रवि, संतोष साव, कामता शमा शामिल थे।

### भाजपा ने मनाया बिरसा का शहादत दिवस



**मनातू (पलामू)।** भाजपा मनातू मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अंतू यादव के नेतृत्व में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। श्री यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणादायी है। एक साधारण गरीब परिवार में जन्म लेकर, अभावों और यातनाओं के बीच मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने अपनी संस्कृति और देश के लिए प्राण न्योछावर कर दिये।

### आवास के लाभुक चयन में बड़ा खेला पलामू उपायुक्त करायें जांच: अनुज राम



**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड की पंचायतों में अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर धांधली बरती गयी है। अयोग्य लाभुकों को अबुआ के लिए चयन कर खेला हुआ है। इसे लेकर पलामू उपायुक्त से मिल शिकायत करेंगे। उपायुक्त पूरी मामले की जांच करायें, तो इसमें बहुत बड़ा खुलासा होगा। उक्त बातें नावा बाजार प्रखंड के पूर्व जिप सदस्य अनुज राम ने कही। वे अबुआ आवास योजना में बरती गई धांधली को ले पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि गरीबों के आशियाने को अमीर लोग हथिया रहे हैं।

### बैठक में नहीं चलेगी टालने वाली प्रवृति कार्य प्रगति में सुधार लायें : उपायुक्त



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की सूक्ष्मता से समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि काम टालनेवाली प्रवृति बैठक में नहीं चलेगी। अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार करें और कार्यों में प्रगति करें। उपायुक्त ने जिले में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

# कृतज्ञ पलामूवासियों ने किया भगवान बिरसा मुंडा को याद, दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र टोली**

- भाजपा स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों को देते आ रही है सम्मान : मनोज सिंह
- युगों-युगों तक सभी के प्रेरणाश्रोत बने रहेंगे धरती आबा : अमित तिवारी

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर स्टेशन रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि अल्प आयु में ही भगवान बिरसा मुंडा ने देश की स्वतंत्रता के साथ अपने धर्म एवं संस्कृति की भी लड़ाई को लड़कर एक सिद्धांत स्थापित किया जो आज सबके लिए प्रेरणादाई है। भाजपा ने हमेशा देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं मां भारती की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों को सम्मान देती रही है। बिरसा मुंडा की शहादत सबके लिए प्रेरणा दायक है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि धरती आबा ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष और आदिवासियों की अस्मिता अक्षुण्ण रखने के लिए समर्पित रहा। केंद्र सरकार ने धरती बाबा की जन्मस्थली एवं उनके समाधि स्थल के साथ उन्होंने जिस जेल में अपना समय बिताया उसे ऐतिहासिक धरोहर घोषित कर समूचे आदिवासी समुदाय के साथ झारखंड को भी बड़ा सम्मान दिया है। धरती आबा युगों-युगों तक हम सबके प्रेरणा स्त्रोत एवं आदर्श बने रहेंगे। मौके पर वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा, विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, विजय ठाकुर, ओमप्रकाश पप्पू, श्वेतांक गर्ग, रीना किशोर, नंदलाल प्रसाद, अविनाश सिंहा, श्रवण गुप्ता, मंजू गुप्ता, ऊषा मखड़िया, कोमल कुमार, प्रधान, किशन मखड़िया, आनंद, जयप्रकाश, राजकुमार बर्मन, शैलेश सिंह सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता।

### कांग्रेसियों ने किया भगवान बिरसा को याद



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज पूरा देश भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि मना रहा है। यह दिन सिर्फ उनकी वीरता और बलिदान को स्मरण करने का नहीं, बल्कि उनके विचारों और संघर्ष को समझने का भी है। जनजातीय गौरव, आदिवासी समाज के आत्मसम्मान और जल, जंगल व जमीन जैसे प्राकृतिक अधिकारों के लिए उनके नेतृत्व में हुए आंदोलन आज भी प्रासंगिक हैं और इस बात को समझने और उसे आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन भी है। मौके पर शमीम अहमद राईन, ईश्वरी सिंह, विद्या चेरो, सन्नू खान, सतेंद्र सिंह, नाफिज खान, अजय साहू, मिट्ठू खान, हैदर खान, अनिल सिंह आदि थे।

### झामुमो नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**मेदिनीनगर।** झारखंड के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डालटनगंज स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी की देन है कि आज झारखंड एक खुशहाल राज्य है। यहां के जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए इन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन कर आदिवासियों की स्मिता की रक्षा किया और जब-तक जिंदा रहे अंग्रेजों को पैर नहीं जमाने दिया। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, सन्नु सिद्दीकी, संजीव तिवारी, रंजन चंद्रवंशी, विशाल सिन्हा, अनुराग सिंह, रमेश सिंह भी मौजूद थे।

## छतरपुर हत्याकांड में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

# अंधविश्वास में कर दी गयी थी विमला की हत्या: रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने महिला हत्याकांड मामले का उद्भेदन किया है। महिला हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 16 मई की रात लगभग 11 बजे, थाना छत्तरपुर के ग्राम बाघामाड़ा टोला बोहला में अपने घर के बाहर पति हरि भुइयां के साथ सो रही विमला देवी (55) वर्ष की अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

इस संबंध में मृतिका के पति हरि भुईयां के आवेदन पर छत्तरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी। एसपी के निर्देश पर छत्तरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मानवीय एवं तकनीकी सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।



जानकारी देतीं पलामू एसपी व अन्य अधिकारी-पदाधिकारी।

गिरफ्तार अभियुक्तों में छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाघामाड़ा टोला बोहला निवासी गौतम कुमार (23), पिता-बंधु भुइयां और विनोद भुइयां (35), पिता- स्व. ब्रह्मदेव भुइयां, ग्राम- बरडीहा, पोस्ट- चराई, थाना- छत्तरपुर का नाम शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अंध विश्वास के कारण महिला की हत्या दो लोगों द्वारा की गयी थी। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान गौतम ने बताया कि उसके परिवार के सदस्यों की तबीयत लंबे समय से खराब चल रही थी। उसका यह अंधविश्वास था कि विमला देवी टोना-टोटका (डायन) करती थीं, जिससे उसके परिवार को नुकसान हो रहा था। साथ ही मृतका के साथ जमीन विवाद भी था।

# मारपीट में घायल दलित परिवार के घर पहुंचे पांकी विधायक डॉ मेहता

- आज आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना देंगे विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर /पांकी।** पांकी थाना क्षेत्र के बांसडीह में दलित महिला लछोईया कुंवर, बहु जागो देवी एवं पोती सुनीता कुमारी साथ हुई मारपीट घटना अब और तूल पकड़ लिया है। सोमवार को पाकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता पीड़ित दलित परिवार के घर पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी लिया। वहां के बाद विधायक डॉ शशिभूषण मेहता मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल अस्पताल में पहुंच कर घायलों का चल रहा इलाज का जायजा लिया। विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट रूप कहं है कि मारपीट में घायलों के इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



पीड़ित परिवार से जानकारी लेते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पीड़ित दलित महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पारा शिक्षक विद्यासागर पांडेय को तत्काल 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर गिरफ्तारी नहीं होती है तो कल थाना गेट के बाहर हजारों लोगों के साथ धरना पर बैठेंगे। विधायक डॉक्टर मेहता ने कहा कि दलित आदिवासी पिछड़ा पर अत्याचार करने वाले लोगों को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दर्द से कराह रही पीड़ित महिला को विधायक डॉक्टर मेहता ने एंबुलेंस से बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजवाया और सामने रहकर इलाज शुरू कराया। विधायक ने कहा कि दस जून को आरोपी पारा शिक्षक की गिरफ्तारी को मांग को लेकर सबसे पहले बांसडीह के बरगद पेड़ के नीचे दलित, आदिवासी, पिछड़े एवं पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के एक एक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में लायें तेजी, पीवीटीजी समूह का शत-प्रतिशत बनायें कार्ड : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने सीएचसी, मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, एम्बुलेंस की स्थिति, ममता वाहन, ओपीडी रिपोर्ट, आधारभूत संरचना, एएनएम, स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों, निर्माणाधीन भवनों आदि की विस्तृत जानकारी ली। एम्बुलेंस की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी से उनके क्षेत्र अंतर्गत एंबुलेंस व एंबुलेंस चालक, कितने क्रियाशील है कितने नहीं है, कितने की आवश्यकता है इससे संबंधित विस्तृत रिपोर्ट बनाने की बात कही। आयुषमान कार्ड की समीक्षा के दौरान उपायुक्त समीरा एस ने जिले में धीमी गति से आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कारणों से अवगत हुई। बताया गया कि आमजनों का आधार से मोबाइल नंबर का लिंक नहीं होना व आधार व राशन कार्ड में नाम मिसमैच रहा इस कार्य में बाधा बन रहा है।

### गांव के विकास के लिए बेहतर सड़क का निर्माण जरूरी है : प्रशांत किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** छत्तरपुर विस क्षेत्र के जिला अनाबद्ध निधि की राशि से पंचायत खोढ़ी में अंबेदकर चौक से सोहदाग सिवाना तक सड़क निर्माण कार्य, 76 .12 लाख एवं एनएच -98 से यादव टोला, हरिजन टोला होते पिपराही तक सड़क निर्माण कार्य 55.62 लाख का शिलान्यास स्थानीय ग्रामीणों व कार्यकर्ता ने किया। समारोह में शामिल युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि दोनों सड़कों का निर्माण कार्य बहुत ही जरूरी था। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आप लोगों के बीच जो वादा किया था उसे आज पूरा किया गया। खोढ़ी अंबेडकर चौक से सोहदाग सिवान तक बनने वाली सड़क दो प्रखंडों को जोड़ने वाली सड़क है, इस सड़क के निर्माण हो जाने से खोढी. पंचायत के ग्रामीणों को विश्रामपुर जाने के लिए एक अच्छी सड़क मिलेगी। खराब सड़क होने के कारण गांव, घर की बहू बेटियां अपने मायके, ससुराल किसी पर्व पर ससमय नहीं पहुंचती है।

### सेवा, संघर्ष, सामाजिक सुधार और शहादत ने बिरसा मुंडा को भगवान बनाया : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** भगवान बिरसा मुंडा की शहादत पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने स्टेशन रोड में स्थापित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। संकल्प लेते हुए कहा कि उनके पद चिह्नों पर चलने की जरूरत है। जल जंगल जमीन के लिए लड़ाई लड़ी जायेगी। आदिम जनजाति, आदिवासी, मूलनिवासी के साथ हक के सवाल पर कंधा मिलाकर कदम ताल करूंगा और शहीदों के सपने पूरा करेंगे। उन्होंने उनकी जीवनी व आदर्शों पर प्रकाश डाला। कहा कि सेवा संघर्ष व उनकी शहादत ने बिरसा मुंडा को भगवान बनाया।

### नवडीहा के आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार



**पाटन पलामू।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पाटन प्रखंड के नवडीहा निवासी विजय सिंह पिता राजमणि सिंह के घर पर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के लिए इश्तेहार चिपकाया है। पाटन एसाई संतोष कुमार ने पुलिस बल के साथ नवडीहा जाकर इश्तेहार लगाकर घर के परिजन को आरोपी को न्यायालय में समर्पण कराने की बात कही। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि नवडीहा के विजय सिंह पर चोरी का केस दर्ज है। विजय फरार चल रहा है। न्यायालय ने आत्मसमर्पण के लिए नोटिस जारी किया है।

### सुआ का गौतम पंडवा के मनहर से लापता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ निवासी गौतम कुमार पिता कुलदीप प्रसाद करीब 10 दिनों से लापता है। उसके परिजनों ने कई ठिकानों पर उसकी खोजबीन की, लेकिन अभी तक उसका कहीं पता नहीं चल सका है। इससे गौतम के परिजन चिंतित हैं। परिजनों ने बताया कि गौतम के लापता होने संबंधित आवेदन पंडवा थाना को दिया गया है। परिजनों के अनुसार गौतम कुमार गत दिन अपने गांव सुआ से पंडवा प्रखंड के ग्राम मनहर बारात गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। बारात के दौरान ही वह लापता हो गया। परिजनों के अनुसार लापता गौतम हरा रंग का शर्ट पहने हुए है। अगर किसी को गौतम का पता चले तो वे ग्राम सुआ के पते पर या पंडवा / सदर थाना से संपर्क कर जानकारी देंगे।

### हाइवा-जेसीबी से 11 हजार वोल्ट का तार टूटा, बिजली आपूर्ति बाधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हैदरनगर पलामू।** भजनिया - हैदरनगर सड़क निर्माण कार्य में लगा हाइवा व जेसीबी ने राजौन्धा गांव के समीप 11 हजार विद्युत लाइन के 5 पोल का तार पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे कई गांव में विद्युतापूर्ति ठप्प हो गयी है। निर्माण कंपनी का मुंशी और हाइवा व जेसीबी लेकर ड्राइवर फरार हो गये हैं। घटना के बाद जेएमएम नेता विवेकानंद सिंह ने तत्काल घटना स्थल पहुंच कर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता से बात की। अभियंताओं ने निर्माण कंपनी पर एफआईआर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के बाद विद्युत लाइन को दुरुस्त करा कर विद्युतापूर्ति चालू करा दिया जायेगा। विवेकानंद सिंह ने कहा कि निर्माण कंपनी लगातार मनमाना रवैया अपना रही है।

### बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में दो लोग घायल, स्थिति नाजुक

**हुसैनाबाद।** बाइक हटाने को लेकर हुई विवाद में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिये एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। घटना रविवार की देर शाम की बतायी जाती है। इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के खलीफा मोहल्ला- मधुशाला रोड निवासी मिनहाज खलीफा उर्फ तेजू ने हुसैनाबाद थाना में छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### डुमरिया में सरकारी पथ भूमि पर फिर से अतिक्रमण, विभाग ने उठाया सख्त कदम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/गढ़वा।** डुमरिया-डंडा रोड पर पहले से अधिगृहित सरकारी पथ भूमि पर दोबारा अतिक्रमण की जानकारी मिलने के बाद पथ निर्माण विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुमंडल प्रशासन से विधिसम्मत कार्रवाई की अनुशंसा की है। पथ प्रमंडल गढ़वा के कार्यपालक अभियंता द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा को भेजे गए पत्र में उल्लेख है कि डुमरिया गांव स्थित कि.मी. 8वें पर श्याम बिहारी तिवारी, मुनेश्वर तिवारी एवं शैलेश कुमार तिवारी द्वारा सरकारी पथ भूमि पर पक्के रथाई संरचना का निर्माण कर दोबारा अतिक्रमण किया गया है। यह वही भूमि है, जिसका रैयती भुगतान पूर्व में जिला भू-अर्जन कार्यालय के माध्यम से कर दिया गया है और 12 सितंबर 2024 को पूर्व में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया भी जा चुका था।

# ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने के लिए करना ही होगा पौधरोपण : डॉ ईश्वर सागर

- आरसीयू में आयोजित पर्यावरण सप्ताह संपन्न, अतिथियों ने किया पौधारोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित पर्यावरण सप्ताह कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। पर्यावरण सप्ताह के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम हुआ जिसमें एक सप्ताह तक पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता अभियान, ग्लोबल वार्मिंग पर कार्यशाला, पौधरोपण सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



पौधरोपण करते अतिथि।

पर्यावरण सप्ताह समापन पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पेड़ों के अंधाधुंध कटाई से ग्लोबल वार्मिंग का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है.इस खतरे से निपटने के लिये पौधारोपण करना ही होगा। श्री चंद्रवंशी ने अपील किया कि सभी लोग वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लें।

आरसीयू के कुलपति डॉ संजय कुमार झा, रजिस्टार डॉ देवाशीष मंडल व परीक्षा नियंत्रक डॉ नील कुमार सिंह ने पर्यावरण संतुलन में पेड़ - पौधों के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विवि परिसर में सभी अतिथियों ने पौधारोपण किया।

मौके पर अमृता कुमारी, पंकज कुमार, अमन यादवडॉ अंजनी सिंह, शालिनी सुमन, डॉ सत्य प्रकाश, नरेंद्र कुमार, खुशबू सिंह, पीजी को-ऑर्डिनेटर डॉ रविंद्र केशरी, अजीत महतो, समाजसेवी इदरीश हवारी, सुपरवाइजर धर्मेंद्र चौबे सहित एन एस एस के सभी सक्रिय सदस्य व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# हैदरनगर चौक बाजार का ट्रांसफार्मर में खराबी आने से 12 घंटा आपूर्ति बाधित

- जनसहयोग से तेल व अन्य सामग्री का किया क्रय, विभाग के पास नट बोल्ट भी नहीं
- एसडीओ ने उपभोक्ताओं से कहा, कुछ भी नहीं कर सकते, सुनते ही उपभोक्ताओं ने काफी खरी खोटी सुनायी
- भीषण गर्मी से व्याकुल उपभोक्ता के बीच बना रहा मोबाइल, पानी का संकट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हैदरनगर पलामू।** जिले के हैदरनगर मुख्य बाजार का ट्रांसफार्मर सोमवार को अल सुबह साढ़े चार बजे अचानक खराब हो गया। चौक बाजार स्थित डीपी पर स्थापित 200 केवीए के इस उपकरण के बंद होते ही करीब पांच हजार की आबादी इस भीषण गर्मी में व्याकुल होने लगे।



हैदरनगर चौक बाजार स्थित डीपी पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते मिस्त्री।

उपभोक्ताओं की भीड़ डीपी पर सुबह के छह बजते ही जुट गयी। इसके बाद उन्होंने सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो से संपर्क कर इस समस्या की जानकारी देना शुरू किया। इस पर उन्होंने साफ पल्ला झाड़कर कहा कि उनके स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं है और विभागीय स्तर पर कुछ नहीं किया जा सकता। इतना सुनते ही उपभोक्ता भड़क गए और लगातार उन्हें खरी खोटी सुनाना शुरू किया। उन्होंने तो साफ कहा कि उनके पास नट बोल्ट भी नहीं है। इसके बाद आक्रोशित उपभोक्ताओं ने कहा कि विभाग को केवल पैसा वसूलना आता है। समस्या का समाधान और सुविधा कौन देगा। उनका जत्था उनके जपला स्थित कार्यालय में भी पहुंचा तो वहां अधिकारी ही नदारद थे। विभागीय उपेक्षा के बाद इससे लाभान्वित उपभोक्ताओं ने चंदा इकट्ठा कर ट्रांसफार्मर का तेल और अन्य सामग्री का छत्तरपुर जाकर क्रय किया और उसे लाकर स्थानीय मिस्त्री से उपकरण की मरम्मती कार्य शुरू कराई है। देर शाम तक इससे उपभोक्ताओं को आपूर्ति मिलने की संभावना है। पूरे दिन आपूर्ति बाधित रहने से सभी घरों के इनवर्टर भी डेड होने के बाद एक बल्ब तक जलना और मोबाइल चार्जिंग कार्य ठप हो गया। गर्मी से व्याकुल ग्रामीणों की निगाहें पूरे दिन ट्रांसफार्मर ठीक होने पर टिकी रही।

# भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के ही नहीं देश के महान सपूत : सतेंद्र कुमार सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## करगली मे धरती आबा की जयंती पर नमन किया



**करगली (बेरमो)।** फुसरो नप क्षेत्र के करगली गेट दुर्गा मंदिर के समीप स्थित प्रेरणा स्थल पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मानव सेवा माधव सेवा मंच के तत्वधान में मनाया गया। यहां सीसीएल बीएंडके प्रभारी जीएम सह एकेकेओसीपी परियोजना के पीओ सतेंद्र कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारी तथा मंच और तमाम यूनियन के सदस्यों ने प्रेरणा स्थल स्थित स्थापित बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रदांजलि दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन बीएंडके क्षेत्र के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने की। प्रभारी जीएम सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा ने अंग्रेजों द्वारा लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई छेड़ी थी। यह सिर्फ विद्रोह नहीं था, बल्कि यह आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति को बचाने के लिए संग्राम था। भगवान बिरसा के संघर्ष और बलिदान की वजह से उन्हें आज हम धरती आबा के नाम से पूजते हैं। उन्होंने भगवान बिरसा के आदर्शों को जीवन में उतारने का लोगों से आग्रह किया। आज भगवान बिरसा मुंडा कि जयंती पुरा देश मना रहा हैं। भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के ही नहीं बल्कि भारत के महान सपुतों में से एक हैं। उन्होंने बेरमो कोयलांचल क्षेत्र को निखारने के लिए व्यक्तिगत एवं कंपनी स्तर से पूरा प्रयास करने की बात कही। सुशील सिंह ने कहा कि आभा भगवान बिरसा मुंडा जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई छेड़ी थी। इस कारण इन्हें भगवान का दर्जा दिया गया है। मौके पर कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, विनय अंचल, महारुद्र सिंह, विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर, संजय सिंह, बबलू सिंह निकुम्भ, नंदकिशोर सिंह, हरेंद्र बावरी, अरविंद सिंह, अनन्दन बोस, संजीव आदि मौजूद थे।

# बीएसएल के आरएमपी के रोटरी फर्नेस-1 का कैपिटल रिपेयर के बाद सफल संचालन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के आरएमपी विभाग के रोटरी फर्नेस 1 का कैपिटल रिपेयर के बाद ईडी-संकार्य सीआर महापात्रा की उपस्थिति में सफल संचालन शुरू किया गया। मौके पर सीजीएम-सेवाएं पी के बैसाखिया सीजीएम-आरएमएचपी धनंजय कुमार सीजीएम- सिंटर प्लांट पितांबर चौधरी सीजीएम- अनुरक्षण शरद गुप्ता सीजीएम- शॉप्स जेवी शेखर सीजीएम- सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ बीके सरतापे सीजीएम-ईएमडी गुलशन कुमार सीजीएम-यांत्रिक प्रकाश तिवारी सीजीएम-एसएमएस न्यू पीवी राव सीजीएम-रिफ्रैक्टरी एन श्रीकांत जीएम-आरईडी मुकेश मिश्रा व संदीप लाल एवं राहुल गुप्ता जीएम-सुरक्षा विकास गुप्ता जीएम-जनरल मेंटेनेंस एवं कैपिटल रिपेयर आरके बेहरा जीएम- हेवी मेंटेनेंस एस के मंगुअल जीएम- आरएमपी मुकेश सिंह के साथ आरएमपी विभाग के वरीय अधिशासी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।रोटरी फर्नेस -1 को कैपिटल रिपेयर हेतु अस्थायी रूप से बंद किया गया था। कैपिटल रिपेयर के दौरान किल्न शेल का प्रतिस्थापन गिर्थ गियर की मरम्मत/बदलाव तथा रिफ्रैक्टरी लाइनिंग का पूर्ण प्रतिस्थापन जैसे आवश्यक विभिन्न कार्य संबंधित विभागों के द्वारा 50 दिनों के रिकॉर्ड समयावधि में सम्पूरित करने के बाद आज इसका सफल संचालन किया गया। ईडी- संकार्य सीआर महापात्रा ने रोटरी फर्नेस-1 के कैपिटल रिपेयर के कार्य से जुड़े संबंधित विभागों को बधाई दी तथा कहा कि यह उपलब्धि बीएसएल की टीम द्वारा किए गए उत्कृष्ट तकनीकी कौशल एवं कुशल योजना और अद्भुत समन्वय का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

## एक नजर में

### संथाल परगना प्रक्षेत्र के आइजी का गोड्डा दौरा



गोड्डा। संथाल परगना प्रक्षेत्र के आई जी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सोमवार को गोड्डा का दौरा कर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के साथ अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ मिलकर विभागीय क्रियाकलापों पर चर्चा की। क्षेत्र में हो रहे अपराध कानून व्यवस्था पर भी चर्चा की। उन्होंने प्रेस कर्मियों से बातें करते हुए बताया संथाल परगना में जामताड़ा दुमका में पहले भी काम कर चुका हु अब संपूर्ण संथाल परगना को जानने का मौका मिला है। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था कायम रहे इसके लिए प्रयास करूंगा।

### बोकारो डीसी ने ईआरओ व एईआरओ के साथ की बैठक, दिया दिशा-निर्देश



बोकारो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अजय नाथ झा ने वीडियो संवाद के माध्यम से सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ व एईआरओ के साथ बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिया। डीईओ सह डीसी ने जिन मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाताओं की संख्या है उसे विखण्डीकरण करने के लिए सभी ईआरओ एवं एईआरओ को आंकलन कर जिला को प्रस्ताव तैयार कर अनुशंसा करने का निर्देश दिया। वहीं जजर्र मतदान भवनों को नजदीक के सुदृढ़ मतदान भवनों में स्थानांतरित करने के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह ध्यान देंगे कि कोई भी मतदाता का परिवार अलग-अलग मतदान केन्द्रों में न हों। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की नियुक्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यकता अनुसार बीएलओ सुपरवाईजर की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ एवं निर्वाचन से संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण हेतु मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के द्वारा प्राप्त सामग्रियों के अनुसार सभी कर्मियों को प्रशिक्षण देना सभी ईआरओ-एईआरओ सुनिश्चित करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं का मतदाता सूची में चिन्हित किये जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने छुटे हुए दिव्यांग मतदाता का नाम बीएलओ के माध्यम से प्रपत्र 08 में दिव्यांगता का प्रकार एवं भरते हुए मतदाता सूची में चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर ईआरओ गोमिया मो मुमताज अंसारी ईआरओ बोकारो सह एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा ईआरओ बेरमो सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ ईआरओ चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेम चंद सिन्हा सभी एईआरओ सह बीडीओ/सीओ आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### 14 जून से डीसी पंचायतों में लगायेंगे रात्रि चौपाल

बोकारो। डीसी अजय नाथ झा ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि वे जनहित में प्रत्येक रविवार को किसी एक पंचायत में रात गुजारेंगे। पंचायतों में रात्रि चौपाल लगाकर जनता की समस्या सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। डीसी ने तिथि की घोषणा करते हुए कहा है कि 14 जून से यह अभियान चालू होगा जिसमें वे पंचायतों के रात्रि चौपाल में शामिल होंगे। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भी रहेंगे। उन्होंने इसको लेकर संबंधित पदाधिकारियों को तैयारी करने का निर्देश दिया है। इधर डीसी ने नगर निगम को भी बारिश से पहले शहर की नालियों की सफाई कर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया है। साथ ही बिजली विभाग को बारिश और आंधी के दौरान बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया है।

### पुत्र ने की पिता की हत्या

गोड्डा। बसंतराय थाने के खुर्द मांजरा ग्राम में पुत्र राजन रविदास ने अपने पिता उदित रविदास के सर पर धारदार हथियार से किया हमला हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में हुई उसकी मौत। बसंतराय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस जांच में जुटी है और हत्यारे पुत्र की तलाश कर रही है।


### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

बासुकीनाथ। आसनसोल रेल मंडल के दुमका जसीडीह रेल खंड पर स्थित बासुकीनाथ धाम रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। गौरतलब है कि बासुकीनाथ धाम रेलवे स्टेशन पर सोमवार को सुबह 10 बजे के करीब दुमका जसीडीह लोकल ट्रेन की जद में आ जान से एक व्यक्ति का सर धड़ से अलग हो गया। इस घटना के बाद स्टेशन पर अफरा तफरी मच गई। इसी बीच रेल प्रशासन द्वारा जरमुंडी थाना पुलिस को रेलवे पटरी से शव के बरामद होने की सूचना भेज दी गई। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर सुशील सिंह के नेतृत्व में जरमुंडी पुलिस स्टेशन पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सर्पदंश से दो वर्षीय मासूम की मौत

दुमका। जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुगार्पुर मुखिया टोला में सर्प दंश से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची का नाम सुरुजमुनी हांसदा है। सोमवार को बच्ची की अंतिम संस्कार किया गया। बच्ची के पिता प्रकाश हांसदा ने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य जमीन पर सोये हुए थे। सुबह करीब 3 बजे बच्ची रोकर उठी। सभी सदस्य जाग गया। करैत सांप को बच्ची के पास से गुजरते हुए देखें। उसे पाकुड़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, बच्ची की तबियत ज्यादा बिगड़ते देख चिकित्सकों वहां से रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया वापस दुमका ले जाने के क्रम में बेटी सुरुजमुनी की मौत हो गईं। मासूम के मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रैक्टर के धक्के से घायल बाइक सवार की मौत



गोड्डा/सुंदरपहाड़ी। थाना क्षेत्र के धमनी गांव में बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल गौतम कुमार साह की इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गौतम साह धमनी से पथरगामा जा रहा था, उनके साथ उनकी पत्नी प्रियंका कुमारी व डेढ़ साल की बच्ची भी थी। इस घटना में गौतम को सिर में काफी चोट आयी थी, साथ में पत्नी प्रियंका भी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। प्रियंका व बच्ची को तो बचा लिया गया, लेकिन गौतम की जान नहीं बचायी जा सकी। शनिवार को ही बेहतर उपचार के लिए गौतम को रेफर किया गया था।

# भगवान बिरसा मुंडा की शहादत सबके लिए प्रेरणा स्रोत : अंजली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## डीसी व एसपी गोड्डा ने श्रद्धासुमन अर्पित किया



श्रद्धांजलि देते डीसी अंजली यादव एवं एसपी मुकेश कुमार व अन्य।

**गोड्डा।** भगवान बिरसा मुंडा के 125वीं शहादत दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला डीसी अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से कदवा टोला अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के दौरान डीसी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की शहादत हम सबों के लिए प्रेरणा के समान है। उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु में देश के लिए अपने जीवन की कुबार्नी दे दी। उनके कुशल नेतृत्व क्षमता और दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत उस समय के ताकतवर सामंतों और अग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया। भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उन्हें शत शत नमन। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजों के खिलाफ स्वराज के लिए आंदोलन किया था।

अपने नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता के लिए ही उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया। उनके शौर्य, साहस व पराक्रम को हम नमन करते हैं। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त, गोड्डा स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला खेल पदाधिकारी डॉ प्राण महतो सहित नगर परिषद के कर्मीगण के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# 75 लाख से निर्मित बहु-उद्देशीय भवन व मार्केट कॉम्पलेक्स का हुआ उद्घाटन



फीता काट उद्घाटन करते डीसी अभिजीत सिन्हा व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** शहर के दुर्गा स्थान के सामने जिला परिषद् के जमीन पर निर्मित बहु-उद्देशीय भवन एवं जिला परिषद् कार्यालय के पश्चिमी छोर पर गांधी मैदान के सामने निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स का सोमवार को उद्घाटन हुआ।

उद्घाटन डीसी अभिजीत सिन्हा, जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा, जिप उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिला परिषद मद से 75 लाख की राशि के लागत से दुर्गा स्थान के सामने बहु-उद्देशीय भवन का निर्माण किया गया है। वहीं 89 लाख की लागत से जिला परिषद् कार्यालय के पश्चिमी छोर पर गांधी मैदान के सामने मार्केट कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर डीसी अभिजीत सिन्हा ने कहा कि जल्द ही प्रक्रिया के तहत इन दोनों भवनों की बंदोबस्ती करायी जाएगी। इससे जिला परिषद के आंतरिक राजस्व में वृद्धि होगी। लोगों को रोजगार के भी अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के हक और अधिकारों के लिए लड़ते रहे : डीसी



दुमका। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डीसी अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को महिला कॉलेज के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डीसी ने भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि वे स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे। जिन्होंने आदिवासी समाज के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष किया और अपने अद्भुत साहस व नेतृत्व से समाज को नई दिशा दी। इस अवसर पर डीसी ने सभी को उनके पदचिन्हों पर चलने और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की अपील किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर भगवान बिरसा को नमन किया।

### कथारा कोलियरी से सेवानिवृत्त हुए कर्मी के विशेष विदाई समारोह का आयोजन



बेरमो। सोमवार को कथारा कोलियरी कांटा घर के समीप एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर कथारा कोलियरी मे कार्यरत राजू महतो के सेवानिवृत पर विदाई सह सम्मान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कथारा कोलियरी परियोजना पदाधिकारी एस के झा उपस्थित थे। वक्ताओं ने सेवानिवृत कर्मी को शुभकामना देते हुए कहा कि आज से आपके जीवन की दुसरी पारी आरंभ हो रही है। कहा कि कंपनी से मिलने वाली मोटी राशि का सदुपयोग करे और राशि को सोच समझ कर इंवेस्ट करे। मौके पर सहयोगी साथियों द्वारा सेवानिवृत्त श्री महतो को विभिन्न उपहार देकर तथा माला पहना और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर डीके राजा, दिपू, अविनाश कुमार, कौशल कुमार, विनोद यादव, अभीराज, बसंत कुमार, राजू कुमार, शिवदत, निर्मल यादव, बबलू यादव, दिवगंत कुमार, पिंटू सिंह, मनोज यादव, दिनेश उरांव भुनेश्वर उरांव, अशोक यादव सतेन्दर चौहान तथा छोटे लाल आदि कामगार उपस्थित थे।

### बोकारो : एनजीटी के निर्देश पर 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर प्रतिबंध

बोकारो। डीसी अजय नाथ झा द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पारित आदेश तथा पर्यावरण-वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्गत सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाइडलाइंस एंड एनफोर्समेंट एंड मॉनिटरिंग गाइडलाइंस फॉर सैंड माइनिंग 2020 के आलोक में बोकारो जिलान्तर्गत सभी नदी बालू घाटों (कैटेगरी-1 सहित) मानसून सत्र (10 जून से 15 अक्टूबर तक) में बालू का उठाव पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा सभी सरकारी व पंचायत अधीन संबंधित बालू घाट संचालकों को आदेश दिया गया है कि जिलान्तर्गत किसी तरह का नदी तल से बालू का उठाव होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी दोनों अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है-ताकि बालू घाटों से किसी भी स्थिति में बालू उठाव नहीं हो।

### तेनुघाट ओपी के समीप चला वाहन जांच अभियान

तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट थाना के पास वाहन जांच अभियन बोकारो ट्रेफिक पुलिस के द्वारा अपने उच्च पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर चलाया गया। जिसमे ए एस आई विमल उरांव अपने दल बल के साथ जांच अभियान चला रहे थे। वंही उरांव ने वताया की लगभग 33 वाहन जांच किया गया जिसमे चार पहिया व दो पहिया वाहन सामिल थे। जांच के दौरान कुल 56000 रुपए की चालान ऑन लाईन कटी गई। वंही एस आई उरांव ने बताया कि इस तरह का जांच बोकारो जिले में कई जगहों पर लगया जा रहा है और जुमार्ना लिया जा रहा है।

### केबी कॉलेज बेरमो में धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि सह शहादत दिवस मना

बेरमो। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में धरती आबा बिरसा मुंडा जी की 125 वीं पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद इनकी प्रतिभा पर श्रद्धासुमन माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके बलिदानों को याद किया गया। इनकी पुण्य तिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानंद थे। प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा महान क्रांतिकारी, माटी के पिता, आदिवासी गौरव, भगवान बिरसा मुंडा जी का बलिदान पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा का एक अनूठा उदाहरण है। डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा मातृभूमि की रक्षा के लिए विरसा मुंडा का अटूट साहस और संघर्ष हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श न केवल जनजातीय समुदायों के लिए बल्कि देश के हर हिस्से में सभी समुदायों के युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का श्रोत हैं।

# श्रमिकों का विश्वास ही संगठन की शक्ति है : अजय कुमार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** कथारा क्षेत्र में आरसीएमयू सबसे अधिक सदस्य वाला श्रमिक संगठन है। जो मजदूर जमात का भरोसा संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। जिस भरोसे को कायम रखा जायेगा।

उक्त बात की जानकारी सदस्यता अभियान के अवसर पर आरसीएमयू के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा सिंह कहा इस क्षेत्र का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन आरसीएमयू है जो संगठन की शक्ति के साथ लोकप्रियता को दर्शाता है। संगठन के पदाधिकारी सदस्यों के हर सुख दुख में सम्मिलित होकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का कार्य करते हैं जिससे श्रमिकों का भरोसा कायम है। कोल इंडिया में श्रमिकों का भविष्य अनुप सिंह के नेतृत्व में सुरक्षित है। शामिल हुए नए सदस्यों का जल्द होगा अभिनंदन समारोह।

पूरे जून माह तक सदस्यता अभियान माह संगठन द्वारा घोषित किया गया है। विभिन्न संगठन को छोड़कर निम्न लोगों ने सदस्यता ली जिसमें गोविंद गोप मनोज कुमार पिंटू कुमार केवड़ा बाई शामिल है। कार्यक्रम में सीसीएल रीजनल कमेटी के संगठन सचिव वेदव्यास चौबे सचिव विजय यादव कमल कान्त सिंह देवाशीष आश सुजीत मिश्रा संतोष सिंन्हा सुरेश ठाकुर प्रमोद यादव शाहिद व अन्य सदस्य शामिल थे।

# दुमका : प्रवासी मजदूरों ने बकाया राशि भुगतान को लेकर श्रम अधीक्षक से लगाया न्याय की गुहार

**आठ मजदूरों को गुजरात ले जाने के आठ माह बाद भी मानदेय भुगतान नहीं होने से परिजन परेशान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**दुमका।** मजदूरों के बकाया मानदेय भुगतान का मांग श्रम अधीक्षक से सोमवार को किया। बकाया भुगतान का आग्रह जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र, दुमका के निदेशक जॉन फेलिक्स के दिशा निर्देश में माइग्रेंट लिंक वर्कर सुशांत सोरेन की अगुवाई में की गई।

संकटग्रस्त प्रवासी मजदूरों के समस्याओ को लेकर जिला श्रम अधीक्षक कार्यालय में सम्पर्क कर लिखित आवेदन दिया। प्रवासी मजदूरों के आश्रित पिता शंभु पुजहर ने लिखित आवेदन में बेटे समेत अन्य मजदूरों के मजदूरी भुगतान का आग्रह किया है। जानकारी दिया कि विगत दिनों सदर प्रखंड के दरबारपुर पंचायत के भुलपहाड़ गांव निवासी आठ प्रवासी मजदूरों को रामगढ़ प्रखंड के अमड़ापहाड़ी के स्थानीय एजेंट धीरेन मंडल उर्फ राहुल मंडल पर मजदूरी भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। आवेदन में बताया कि उनका पुत्र बुधन पुजहर, सुरेन्द्र पुजहार समेत अन्य आठ प्रवासी मजदूरों को बेहतर काम दिलाने के बहाने गुजरात के जुगेश प्लांट में प्रति माह 15 हजार मानदेय बोलकर ले गए थे। एजेंट ने 8 घंटे काम पर मौखिक सहमति तय होकर भी 12 घंटे जबरन काम कराने का आरोप लगाया। लेकिन 8 माह गुजरने के बावजुद भी एजेंट ने एक बार भी मजदूरों को मानदेय भुगतान नहीं किया है और बंधक बनाकर प्रवासी मजदूरों का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहा हैं। व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर पूरा मानदेय भुगतान कर सुरक्षित घर वापस लौटने के लिए कई बार एजेंट से आग्रह किया। लेकिन बातों को कई बार नजरअंदाज करने की वजह से लिखित रूप में शिकायत करने को मजबूर हुआ। उन्होंने श्रम अधीक्षक को लिखित आवेदन में एजेंट धीरेन मंडल उर्फ राहुल मंडल और जगदीश मंडल के द्वारा प्रवासी मजदूरों को धोखाधड़ी कर बंधकमुक्त कराने, मजदूरी भुगतान करने एवं कानूनी कार्रवाई की मांग किया है।

# गोमिया थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं की चांदी

## जम कर कर रहे हैं नदी का दोहन, सरकार को लगा रहे हैं मोटी रकम की चपत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोमिया।** गोमिया थाना क्षेत्र के बोकारो नदी से इन दिनों बालू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से बालू का उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। दिन के उजाले में तो कम, लेकिन रात के अंधेरे में बालू माफिया बुलंद हौसले के साथ बोकारो नदी में अवैध रूप से बालू का उत्खनन करते हैं। थानाक्षेत्र स्थित बोकारो नदी के साड़म, होसिर पूल, ढेंढे, तुलबुल के कारी टोंगरी आदि जगहों से बालू माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से बालू का उत्खनन ऐसे किया जाता हैं, जैसे लगता कि वे मानो नदियों का चीरहरण कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रात के अंधेरे में दर्जनों ट्रैक्टर गाड़ियों से बालू की अवैध ढुलाई की जाती है। इन्हें रोकने-टोकने वाला भी कोई नहीं है। ट्रैक्टरों की चलने की आवाज से नींद भी भंग हो जाता है। वहीं कहा कि ट्रैक्टरों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि सड़क किनारे चलते हुए व्यक्ति कभी भी उसकी चपेट में आ सकता है। कहा कि बीते दिनों ट्रैक्टर की तेज रफ्तार की चपेट में एक मवेशी आ गया था। इस बात को लेकर काफी हंगामा भी हुआ था। तंग आकर ग्रामीण रात के समय एकजुट होकर पिंडरा सड़क पर अवैध बालू लदे कई ट्रैक्टरों को रोक दिया। फिर काफी हो-हंगामा के बाद ग्रामीणों ने सभी रोके गए ट्रैक्टरों को छोड़ दिया। ग्रामीण कहतें हैं कि झारखंड को सोना झारखंड कहा जाता है, तो क्या इसी दिन के लिए हमारा झारखंड राज्य अलग हुआ था। क्या यही है हमर सोना झारखंड। जहां बेखौप माफियाओं और भृष्टाचारियों का राज चल रहा हैऔर इन्हें रोकने-टोकने वाला भी कोई नहीं है। और अगर ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले दिनों में झारखंड में कुछ नहीं बचेगा।

# झामुमो ने भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर किया याद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला समिति जिला इकाई ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन सचिव रवि यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया। जिसे उलगुलान के नाम से जाना जाता है। उन्हें धरती आबा भी कहा जाता है। इस मौके पर जिला प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, शिवेंदु चक्रवर्ती, सैयद हुसैन सनवर, पराक्रम शर्मा, अजय पाठक, पेंटल दा, मधु अली खान, सोनू शेख, कुमार सानू, इंदु चौबे, अर्चना सिंह, कृष्णा देवी, रंजू तिवारी, जरीना बीबी, शिल्पा रक्षित, अर्चना झा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### सुशासन हर क्षेत्र...

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किये। मोदी ने कहा है कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि पिछले 11 वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिला है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को संवाद-शैली के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली नमो ऐप के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में जानकारी जुटाने के लिए देशवासियों को प्रोत्साहित भी किया है। इस ऐप के जरिए इंटरैक्टिव गेम, क्विज, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूपों के माध्यम से प्रेरणादायी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पीएम मोदी ने कहा, हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं।

# आज जनता खुद कहती है - मोदी है तो मुमकिन है

## जेपी नड्डा ने गिनायी मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां

एजेंसी






**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार 3.0 ने आज अपना एक साल पूरा कर लिया है। साथ ही, मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर 11 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मोदी सरकार की उपलब्धियों और भाजपा के दृष्टिकोण पर बात की। उनके साथ पार्टी महासचिव सुनील बंसल, कार्यालय प्रभारी अरुण सिंह और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। मोदी सरकार ने कृषि को स्मार्ट, सुरक्षित और समावेशी बनाया।

**मोदी सरकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक :** प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के विकास के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होने वाला काम किया है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को पूरी तरह बदल दिया है।

नड्डा ने कहा, 'हमारी सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली सरकार रही है। आज जनता खुद कहती है - मोदी है तो मुमकिन है।' मोदी के कार्यकाल में भारत बना सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश।

**कांग्रेस सरकार पर निशाना :** जेपी नड्डा ने कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की और कहा कि 2014 से पहले की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई थी और आम जनता के मन में यह भावना थी कि कुछ भी अच्छा नहीं हो सकता। लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश का नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने कहा, 'हमने सिर्फ सोच बदली ही नहीं, बल्कि देश को एक नई दिशा दी जिससे भारत आज दुनिया की टॉप 4 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है।'

**370 हटाना सबसे बड़ा ऐतिहासिक फैसला :** पार्टी अध्यक्ष ने मोदी सरकार द्वारा लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि आर्टिकल 370 हटाना सरकार का एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम था। उन्होंने बताया कि देश मान चुका था कि यह संभव नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने यह चुनौती पूरी कर दिखायी। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में भी 63 प्रतिशत वोटर टर्नआउट हुआ, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है।

**महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुधार :** श्री नड्डा ने बताया कि मोदी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिए हैं। साथ ही देश के समुदायिक और सामाजिक ढांचे को मजबूत करने के लिए नया वक्फ कानून बनाया गया। नड्डा ने यह भी कहा कि सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नोटबंदी, महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

**भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना :** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आर्थिक प्रगति पर भी जोर दिया और कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार, निर्यात और विदेशी निवेश में भी अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। टैक्स संग्रह में 238 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था ने नई ऊंचाइयां छुई हैं।

# आखिर सोनम रघुवंशी ने अपना सुहाग क्यों उजाड़ा?

## तीन को बुलाकर शिलांग में ली पति राजा रघुवंशी की जान

एजेंसी



**इंदौर।** शिलांग घूमने गए इंदौर के कपल राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी अचानक लापता हुए। कुछ दिन बाद पति का शव पहाड़ियों में मिला, पर पत्नी लापता थी। सीएम स्तर से जांच की निगरानी की जा रही थी। कयास कई तरह के लगाए जा रहे थे। पर इस बहुचर्चित केस में जो सच बाहर निकलकर सामने आया उसने सभी को हिलाकर रख दिया है। सोनम रघुवंशी को गाजीपुर से पकड़ लिया गया है। उसके साथ तीन और लोगों को हिरासत में लिया गया है। डीजीपी आई नोंग्रांग के अनुसार, पत्नी सोनम रघुवंशी ने ही भाड़े के कातिलों को बुलाकर पति राजा रघुवंशी की हत्या करवाई थी। उसने इसकी प्लानिंग हनीमून के दौरान की, परिवार ने तो इतना सब होने की उम्मीद भी नहीं की थी। मेघालय के सीएम कॉनराड संगमा ने इस मामले में मेघालय पुलिस की सफलता की सराहना की है। मेघालय में लापता इंदौर के इस दंपत्ति के मामले में पुलिस तेजी से कार्रवाई की थी। सीएम संगमा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि राजा हत्याकांड में 7 दिनों के भीतर मेघालय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्य प्रदेश के 3 हमलावरों को गिरफ्तार किया गया है, एक महिला ने आत्मसमर्पण कर दिया है। एक अन्य हमलावर को पकड़ने के लिए एक्शन अभी भी जारी है।

**खड़े हुए कई सवाल :** डीजीपी नोंग्रांग के खुलासे के बाद सोनम रघुवंशी को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण था कि उसने अपने पति राजा रघुवंशी को रास्ते से हटा दिया। क्या वह किसी और से प्यार करती थी जिसके चलते उसने राजा रघुवंशी को मरवा दिया। पुलिस गंभीरता से मामले की जांच कर रही है।

# 4 लोगों की मौत के बाद रेलवे का बड़ा ऐलान

## ट्रेन में लगेंगे ऑटोमैटिक डोर



एजेंसी

**ठाणे।** मुंबई की लोकल ट्रेन में सोमवार के सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यह हादसा मुंबई के दिवा मुंब्रा स्टेशन के बीच हुआ है। भीड़भाड़ की वजह से लोकल ट्रेन के दरवाजे से 10 यात्री गिर गए। जिसमें 4 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। हादसे के समय कसारा से सीएसएमटी की ओर जाने वाली ट्रेन खचाखच भरी हुई थी। यात्री दरवाजे पर लटककर सफर कर रहे थे। इस हादसे के बाद इंडियन रेलवे ने लोकल ट्रेन में ऑटोमैटिक दरवाजे लगाने का फैसला लिया है। इससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी। मुंबई की लोकल ट्रेनों के लिए अब ऐसे डिब्बे बनेंगे। जिनके दरवाजे अपने आप बंद हो जाएंगे। रेलवे बोर्ड के मुताबिक मुंबई सबअर्बन के लिए मैन्युफैक्चर होने वाली रैक में अब ऑटोमैटिक डोर होंगे। वहीं जो पुरानी ट्रेनें (रैक) अभी ट्रैक पर चल रहे हैं, उन्हें रीडिजाइन किया जाएगा। उनमें ऑटोमैटिक डोर क्लोजर फैसिलिटी लगाई जाएगी। यानी पुरानी ट्रेनों में भी ऑटोमेटिक डोर लगाए जाएंगे। मुंब्रा रेलवे हादसे पर सेंट्रल रेलवे के CPRO स्वप्निल धनराज नीला मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह हादसा मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच डाउन/फास्ट लाइन पर हुआ। कसारा से आ रही लोकल ट्रेन और CSMT की तरफ जा रही एक दूसरी ट्रेन के गेट पर खड़े यात्रियों के बैग टकरा गए। जिन लोगों की मौत हुई है। उनकी पहचान कर ली गई है। इनमें केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कॉन्स्टेबल विक्की मुखियाद के रूप में हुई है। कसारा की ओर जा रही ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि ये मौतें लोकल ट्रेन में भीड़भाड़ और यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत को उजागर करती हैं।

# कणाद पुरकायस्थ को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सैकिया ने दिया पार्टी का टिकट

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुवाहाटी।** असम से राज्यसभा की दो सीटों के लिए आगामी 19 जून को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने बराक घाटी के भाजपा नेता कणाद पुरकायस्थ को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस कड़ी में सोमवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया ने औपचारिक तौर पर पार्टी की उम्मीदवारी का टिकट कणाद पुरकायस्थ को सौंपा।

इस मौके पर असम प्रदेश भाजपा के सांगठनिक सचिव जीआर रवीन्द्र राजू, सिलचर के सांसद परिमल शुक्लबैद्य के साथ ही अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। गुवाहाटी स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी बाजपेयी भवन में दिलीप सैकिया द्वारा राज्यसभा के लिए भाजपा के लगभग 34 साल पुराने कार्यकर्ता कणाद पुरकायस्थ को प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि असम से राज्यसभा की दो सीटें खाली हुई हैं। एक सीट पर भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतारा है, जबकि दूसरी सीट को भाजपा ने अपनी सहयोगी पार्टी असम गण परिषद (अगप) के लिए छोड़ दिया है। अगप ने एक बार फिर से बिरेंद्र प्रसाद बैश्य को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष द्वारा अगर उम्मीदवार खड़ा किये जाने की स्थिति में ही चुनाव होगा। हालांकि, एनडीए के दोनों उम्मीदवारों के जीतने की पूरी संभावना है।

# डोनाल्ड ट्रंप का नया यात्रा प्रतिबंध लागू

**लंदन।** अमेरिका में आव्रजन को लेकर बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर वैश्विक स्तर पर सख्ती दिखाई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बुधवार को हस्ताक्षरित नए आदेश में सात अतिरिक्त देशों के उन लोगों पर भी नई यात्रा पाबंदियां लगाई गई हैं, जो अमेरिका के बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है। नया प्रतिबंध पहले से जारी किए गए वीजा को रद्द नहीं करता है। जिन देशों पर यह प्रतिबंध लागू किया गया है।

# खराब मौसम की वजह से टली शुभांश शुक्ला की अंतरिक्ष उड़ान

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** इसरो के हैंडल से प्रमुख डॉ. वी. नारायणन का बयान पोस्ट किया गया। पोस्ट में लिखा गया, मौसम की स्थिति के कारण भारतीय गगनयात्री को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजने के लिए एक्सआइओएम-4 मिशन की लॉन्चिंग 10 जून की जगह 11 जून को पोस्टपोन कर दी गई है। लॉन्चिंग का अगला समय 11 जून को शाम 5:30 बजे है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए एक्सआइओएम-4 मिशन लॉन्चिंग को एक दिन के लिए टाल दिया गया है। लॉन्चिंग को टालने का कारण खराब मौसम बताया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी है। इंडियन एयरफोर्स के पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला तीन अन्य क्रू मेंबर्स के साथ इस लॉन्चिंग का हिस्सा बनने के लिए तैयार थे। हालांकि अभी इसे 1 दिन के लिए टाल दिया गया है। पहले इस मिशन को 10 जून को सुबह 8:22 बजे अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के एलसी 39ए लॉन्च पैड से स्पेसड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के माध्यम से लॉन्च किया जाना था। लेकिन अब यह लॉन्चिंग 11 जून को भारतीय समयानुसार शाम 5:30 पर होगी। इसरो के हैंडल से प्रमुख डॉ. वी. नारायणन का बयान पोस्ट किया गया। पोस्ट में लिखा गया, मौसम की स्थिति के कारण भारतीय गगनयात्री को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजने के लिए एक्सआइओएम-4 मिशन की लॉन्चिंग 10 जून की जगह 11 जून को पोस्टपोन कर दी गई है। लॉन्चिंग का अगला समय 11 जून को शाम 5:30 बजे है। इसरो के हैंडल से प्रमुख डॉ. वी. नारायणन का बयान पोस्ट किया गया। पोस्ट में लिखा गया, मौसम की स्थिति के कारण भारतीय गगनयात्री को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजने के लिए एक्सआइओएम-4 मिशन की लॉन्चिंग 10 जून की जगह 11 जून को पोस्टपोन कर दी गई है। लॉन्चिंग का अगला समय 11 जून को शाम 5:30 बजे है। इसरो के हैंडल से प्रमुख डॉ. वी. नारायणन का बयान पोस्ट किया गया।

# रूस का 'सबसे बड़ा' हमला, सहमा यूक्रेन का पड़ोसी नाटो देश

## फाइटर जेट भेजकर पुतिन को दिया करारा जवाब

एजेंसी





**मास्को/वॉर्सा।** रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी इलाके में भीषण हमला किया है। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि यह इस इलाके में सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेन पर हुए इस हमले के बाद पड़ोसी नाटो देश पोलैंड भी दहशत में आ गया। रूसी खतरे को देखते हुए सोमवार को पोलैंड ने अपनी हवाई सीमा को सुरक्षित करने के लिए फाइटर जेट को भेज दिया। पोलैंड की वायुसेना के ऑपरेशनल कमांड ने एक बयान में कहा कि रूस की ओर से यूक्रेन पर भीषण हवाई हमले के बाद पोलैंड और अन्य सहयोगी देशों की वायुसेनाओं ने आज सुबह पोलैंड के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरी है। यूक्रेनी इलाके के मेयर ने कहा है कि यह रूस की ओर से इस इलाके में किया गया अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला है। यूक्रेन के रिवने इलाके के मेयर ओलेसंद्र ट्रेटयाक ने कहा कि रूस ने युद्ध के मोर्चे के साथ-साथ काफी अंदर तक हमला बोला है। इस दौरान रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में दर्जनों ड्रोन और मिसाइलों से हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह रूस की ओर से इस इलाके में किया गया अब तक का सबसे बड़ा हमला है। हाल के दिनों में रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। इससे यूरोप में दूसरे विश्वयुद्ध के बाद इस सबसे बड़े युद्ध में संघर्ष विराम होता नहीं दिख रहा है। पोलैंड यूक्रेन का सबसे करीबी सहयोगी देश है और यूक्रेन को भेजे लाने वाले पश्चिमी हथियारों का लॉजिस्टिक हब है।

**यूक्रेन के शहर की ओर बढ़ रही रूसी सेना :** मार्च 2024 में नाटो के सदस्य पोलैंड ने आरोप लगाया था कि एक रूसी क्रूज मिसाइल ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया था। इसके बाद पोलैंड ने रूस से जवाब मांगा था। रूस ने रविवार को दावा किया कि उसकी सेना यूक्रेन के दानिप्रोपेटरोव्स्क इलाके में तीन साल की इस लड़ाई में पहली बार आगे बढ़ रही है। इसे एक बड़ी उकसावे कार्रवाई करार दिया है। इस बीच रूस के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों को योजनाबद्ध तरीके से एक-दूसरे को सौंपे जाने के लिए मॉस्को अब भी कीव से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही रूस ने अपने उस आरोप को दोहराया कि यूक्रेन ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। युद्ध के मोर्चे के बारे में रूस ने कहा कि वह यूक्रेन के द्निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में आगे बढ़ गया है। रूस की सरकारी मीडिया ने रूसी वाताकार समूह के प्रतिनिधि लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर जोरिन के हवाले से कहा कि रूस ने सीमा पर विनिमय स्थल पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैनिकों के 1,212 शवों को पहुंचा दिया है और यूक्रेनी अधिकारियों से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। जोरिन ने कहा कि ऐसे संकेत मिले हैं कि शवों को सौंपने की प्रक्रिया अगले सप्ताह तक स्थगित कर दी जाएगी। रूस और यूक्रेन ने शनिवार को एक-दूसरे पर युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली की योजना को खतरे में डालने का आरोप लगाया, जिस पर सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने की वार्ता के दौरान सहमति बनी थी।

## एक नजर में

### डीएम ने पूर्वी कोशी तटबंध एवं निमार्णाधीन एनएच का निरीक्षण कर दिया निर्देश

**सहरसा।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने सोमवार को पूर्वी कोशी तटबंध के चंद्रयायन प्रमंडल में क्रियान्वित बाढ़ निरोधात्मक कार्यों एवं निमार्णाधीन एनएच 327 ई का निरीक्षण बिहरा एवं पटोरी पंचायत, प्रखंड सत्तरकटैया का निरीक्षण किया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यपालक अभियंता से तटबंध के सुरक्षा हेतु अब तक किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली। संबंधित तकनीकी पदाधिकारी ने बताया कि आवश्यकतानुसार तटबंध की मरम्मती संबंधित कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं तटबंध पूर्णत सुरक्षित है। निरीक्षण के क्रम में तटबंध में सतत पर्यवेक्षण/सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

### नागरिक संघर्ष समिति ने यात्री सुविधाओं को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**अररिया।** फारबिसगंज नागरिक संघर्ष समिति ने रेल यात्री सुविधाओं से संबंधित आठ सूत्री मांगों को लेकर कटिहार मंडल रेल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार को सोमवार को एक ज्ञापन सौंपा। नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर संघर्ष समिति के सदस्य विनोद सरावगी, बछराज राखेचा, राकेश रोशन, चंदन भगत, रमेश सिंह, पवन मिश्रा, राहिल खान, गुड्डू अली आदि ने डीआरएम को कटिहार जोगबनी रेलखंड पर रेल यात्री सुविधाओं के अभाव और स्टेशन पर दिए जाने वाले रेल यात्री सुविधा की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

### जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य की विलंब पर डीएम ने लिया संज्ञान

**नालंदा, बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में ग्रामीण निबंधन ईकाई (पंचायत) में जन्म और मृत्यु निबंधन कार्य के विलंब के संबंध में गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला सांख्यिकी पदाधिकारी नालंदा को निर्देशित किया है कि अपने विभाग से मंतव्य लेकर शेष प्रखंडों में दो दिनों के अंदर हर हाल में कार्य को शत प्रतिशत संपादित करना सुनिश्चित करेंगे । जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, नालंदा द्वारा बताया गया कि जिलेभर में 8 प्रखंडों में यथा - सरमेरा, बिंद, नूरसराय, रहुई, करायपरशुराय, नगरनौसा, थरथरी एवं सिलाव में जन्म एवं मृत्यु ग्रामीण निबंधन ईकाई (पंचायत) का यूजर आईडी क्रियाशील कर दिया गया है, शेष प्रखंडो में शीध्र ही क्रियाशील कर दिया जाएगा।

### संवाद कार्यक्रम से सुलझ रही महिलाओं की समस्या

**सहरसा।** महिला सशक्तिकरण और विकास की दिशा में बिहार सरकार के प्रयास रंग ला रही है। राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम न केवल महिलाओं की समस्याओं को समझने का माध्यम बन रहे हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए कारगर कदम भी उठाए जा रहे हैं। सोमवार को जिले के सत्तर कटैया प्रखंड के बारा पंचायत की रहने वाली रानी देवी ने क्रांति जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया, 'जीविका के स्वयं सहायता समूह से जुड़कर मैंने अपना उद्योग शुरू किया है, जिससे मैं आत्मनिर्भर बन सकी हूं।

### गृहरक्षक भर्ती की शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा में 18424 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**कटिहार।** गृहरक्षक अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा को लेकर सोमवार को समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। टाउन हॉल में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने संयुक्त रूप से की। महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएँ, बिहार पटना के आदेशानुसार कटिहार में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा की तिथि 10 जून से 01 जुलाई तक राजेन्द्र स्टेडियम कटिहार में निर्धारित है। जिलाधिकारी ने बताया कि लगभग 18424 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, जिसमें 14139 पुरुष एवं 4228 महिला अभ्यर्थी हैं।

### लापता युवक का मिला शव

**नवादा।** रोह थाना क्षेत्र के महारावां गांव के पास रतोई पइन में सोमवार को एक युवक शव मिला है। मृतक की पहचान मनीष कुमार (35) के रूप में हुई है। वह शेखपुरा जिले के गगरी गांव का रहने वाला था। मनीष पिछले 13 सालों से अपने मौसा परमेश्वर महतो के साथ महारावां गांव में रह रहा था। परमेश्वर महतो ने संतान नहीं होने के कारण उसे दत्तक पुत्र के रूप में पाला था। मनीष कोलकाता में गोलगप्पे बेचकर अपनी आजीविका चलाता था। मृतक को तीन बच्चा है। 6 दिन पहले ही वह कोलकाता से अपने गांव आया था। बीते मंगलवार को वह महारावां आया था और भोजन के बाद घर से निकल गया। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। आज सोमवार को महारावां गांव से पश्चिम दिशा में स्थित रतोई पइन में उसका शव मिला। शव की स्थिति से लग रहा है कि हत्या कहीं और की गई और एक-दो दिन पहले शव को पइन में फेंक दिया गया।

### पटना में कोरोना के आठ नये मरीज मिले

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बीते कल यानि रविवार को पटना में कोरोना के आठ नए मरीज सामने आए हैं। इससे राज्यभर में संक्रमितों की कुल संख्या 60 पहुंच गई है। इनमें सक्रिय संक्रमितों की संख्या 39 है, जबकि 21 लोग कोरोना से पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। सिविल सर्जन कार्यालय के अनुसार रविवार को पांच लोग निजी अस्पताल और लैब में जांच कराने के बाद संक्रमित पाए गए, जबकि दो मरीजों की जांच एम्स पटना में और एक व्यक्ति जांच की एनएमसीएच में हुई है। नए संक्रमित मरीजों में नेऊरा, दानापुर, दीघा, राजीवनगर, कुम्हरार और कंकड़बाग क्षेत्र के लोग शामिल हैं। इन सभी में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ जैसे सामान्य लक्षण पाए गए थे, जिसके बाद इन्होंने जांच कराई। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश ने बताया कि अब तक पटना में कोरोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि संक्रमितों में से अधिकांश की पहचान निजी लैबों द्वारा की गई है, जबकि एम्स और एनएमसीएच की जांच में संक्रमित मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही है।

### पारिवारिक विवाद में सात साल की बच्ची को लगी गोली

**भागलपुर।** जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के माछीपुर गांव में सोमवार को एक सात साल की बच्ची रुखसार को अचानक गोली लग गई। घटना के समय वह अपने घर के पास खेल रही थी। गोली उसके दाहिने पैर में लगी है। परिजन उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए मायागंज स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिवार वालों ने बताया कि हमला बच्ची के पिता को मारने की नीयत से किया गया था। बच्ची के पिता के अनुसार गांव के ही कामिल ने पुराने जमीन विवाद को लेकर उन्हें निशाना बनाया, लेकिन गोली उस वक्त चल गई जब बच्ची पास ही में मौजूद थी। गोली रुखसार को लगी और वह घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर चंद्रशेखर और स्थानीय थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपित कामिल प्लॉट पर रास्ता खोलने का विरोध कर रहा था, जिससे विवाद हुआ और गोली चलाई गई। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है।